CMYK

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 24°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 1 अगस्त 2025 देहरादून संस्करणः वर्ष 24 अंक 359 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 6 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्कूलों के विलय पर योगी सरकार का यूटर्न

पेज 2



ओवल टेस्टः गिल ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड

खेल टाइम्स



सियाम की परछाइयांः मंदिर, युद्ध और वैश्विक शतरंज

सम्पादकीय



हो सकता है, भारत को तेल बेचे पाकः ट्रम्प

पेज़ 12

# मालेगांव विस्फोट मामले में साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपी बरी

**मुंबई, वार्ता**



■ एनआईए कोर्ट का फैसला, विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे, कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं

■ फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे पीड़ित परिवारों के वकील

**सितम्बर** 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में गुरुवार को मुंबई की एक विशेष अदालत ने पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। इस विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 101 अन्य घायल हुए थे।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मामलों की सुनवाई के लिए नियुक्त विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और की गई जांच में कई खामियां बताईं। उन्होंने कहा कि आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। विस्फोट के सभी छह पीड़ितों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और सभी घायलों को 50-50 रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। पीड़ित परिवारों के वकील एडवोकेट शाहिद नदीम ने कहा कि बम विस्फोट की पुष्टि कोर्ट ने कर दी है। हम इस बरी करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। हम स्वतंत्र रूप से अपील दायर करेंगे। 29 सितम्बर 2008 को मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी। धमाके में 100 से अधिक घायल हुए थे। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं है। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान लागू नहीं होते। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर पंजीकृत थी, जैसा कि अभियोजन पक्ष ने दावा किया है। यह भी साबित नहीं हुआ है कि विस्फोट कथित तौर पर बाइक पर लगाए गए बम से हुआ था। अदालत ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं कर सकता। अदालत केवल धारणा और नैतिक -**शेष पृष्ठ दो पर**

# लैंडस्लाइड से केदारनाथ यात्रा रुकी गाजियाबाद में सोसाइटी का बेसमेंट धंसा

**नई दिल्ली।** यूपी के गाजियाबाद में रात भर की बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो गया।

## 2500 लोग फंसे

क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास सुशांत एक्वापोलिस सोसाइटी का बेसमेंट करीब 15 फीट धंस गया। बेसमेंट में खड़ी 4 गाड़ियां मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं।

दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में मुनकटिया के पास बुधवार को लैंडस्लाइड हुई। इससे केदारनाथ जाने वाला पैदल रास्ता बंद हो गया, यात्रा 4 दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सड़क के अचानक बंद होने से गौरीकुंड में लगभग 2,500 तीर्थयात्री फंस गए हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में मध्यम बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अगले दो दिन के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार लोनी देहात, हिंडन वायुसेना स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के इलाकों में बारिश का अनुमान है। सुबह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा और दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। पिछले कई दिनों में राजधानी में हुई भारी बारिश से दिल्लीवासियों को अनेक स्थानों पर जलभराव और यातायात जाम की समस्या का सामना करना पड़ा।

## लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले को लेकर गुरुवार को भारी हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दो बार के स्थगन के बाद चार बजे तीसरी बार जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा और नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए। हंगामे के बीच ही वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी टैरिफ पर संसद में बयान दिया और कहा कि भारत और अमेरिका के बीच वार्ता जारी है, लेकिन भारत अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा करेगा।

## मुंबई एयरपोर्ट पर आठ करोड़ की ड्रग्स जब्त


**मुंबई।** मुंबई कस्टम डिपार्टमेंट के एविएशन अधिकारियों ने 8 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है। यह कार्रवाई 29 और 30 जुलाई को हुई। इसमें 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम ऑफिसर ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आई फ्लाइट नंबर वीजी-760 से तीन संदिग्ध पैसेंजर्स को रोका था। इनके सामान की जांच के दौरान 1.990 किग्रा गांजा मिला, जिसकी बाजार में करीब 2 करोड़ रुपये की कीमत है। मुंबई एयरपोर्ट के ही एक दूसरे मामले में बैंकॉक की फ्लाइट नंबर 6ई1060 से एक पैसेंजर के पास 6.22किग्रा गांजा बरामद किया। इसकी बाजार कीमत 6 करोड़ रुपये है।

## सेना उप प्रमुख सुब्रमणि सेवानिवृत

**नई दिल्ली।** सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि 39 वर्ष की उल्लेखनीय सेवा के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। सेना में उनकी विशिष्ट यात्रा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से शुरू हुई और दिसम्बर 1985 में उन्हें गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया। असाधारण शैक्षणिक क्षमता वाले अधिकारी के रूप में उन्होंने किंग्स कॉलेज, लंदन से स्नातकोत्तर की डिग्री और मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन में एम.फिल की डिग्री प्राप्त की।

# बचकानी हठ पर उतरे ट्रम्प, टैरिफ की जिद के साथ बोले- 'भारत-रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें'

**वाशिंगटन, वार्ता**



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने इंडिया को डेड इकोनॉमी बताया

■ कहाः मुझे क्या, आज से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा

**भारत पर** 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया। उन्होंने कहा कि भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। एक दिन पहले ट्रम्प ने भारत पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। अभी अमेरिका की तरफ से भारतीय सामानों पर औसतन करीब 10 प्रतिशत टैरिफ लगता है। इसके बढ़ने से अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान के दाम बहुत बढ़ जाएंगे।

डेड इकोनॉमी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाए या बिल्कुल सुस्त पड़ जाए। इसमें व्यापार, उत्पादन, नौकरियां और लोगों की कमाई लगभग रुक सी जाती है। विकास रुक जाता है और लोग आर्थिक तंगी में फंस जाते हैं। डेड इकोनॉमी कोई आधिकारिक आर्थिक टर्म नहीं है। ये एक बोलचाल का शब्द है, इसलिए इसे मापने का कोई सटीक पैमाना भी नहीं है। हालांकि इसे समझने के लिए कुछ आर्थिक संकेतकों का इस्तेमाल किया जा सकता है-जैसे जीडीपी, महंगाई, बेरोजगारी दर और व्यापार घाटा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर 30 जुलाई को ऐलान किया कि भारतीय सामानों पर अमेरिका में 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। रूस से व्यापार के चलते भारत पर टैरिफ के अलावा पेनल्टी भी लगेगी। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि पेनल्टी कितनी होगी। उन्होंने कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ और पेनल्टी दोनों 1 अगस्त, 2025 से लागू होंगे। ट्रम्प के 29 जुलाई को किए गए सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा था कि भारत हमारा दोस्त है, लेकिन हमने पिछले कई सालों में उनके साथ ज्यादा कारोबार नहीं किया, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, शायद दुनिया में सबसे ज्यादा।

## ट्रम्प ने सही कहा इंडियन इकोनॉमी मर चुकीः राहुल



■ इकोनॉमी को पीएम मोदी ने मारा, ये बात पीएम और वित्त मंत्री को छोड़कर सबको पता है

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर कहा- मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। राहुल ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडानी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रम्प सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है।

## सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगीः पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को संसद में कहा कि भारत के निर्यात पर सीमा शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ताजा घोषणाओं की सरकार समीक्षा कर रही है और वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। श्री गोयल ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार के संबंध में राष्ट्रपति ट्रम्प की घोषणाओं पर राज्य सभा में स्वतः दिए गए एक वक्तव्य में कहा कि सरकार अपने देश के किसानों, मजदूरों और सूक्ष्म, लघु तथा मझोले उद्यमों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## मोदी दोस्त बनाते हैं, बदले में क्या मिला, टैरिफ मुद्दे पर पीएम जवाब देंः प्रियंका

**नई दिल्ली।** संसद मानसून सत्र के 9वें दिन बिहार वोटर वेरिफिकेशन और अमेरिका के टैरिफ लगाने वाले मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा 3-3 बार स्थगित हुईं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को भारत पर 1 अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इस पर विपक्ष ने सदन और संसद के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ पर जो कहा उसे सबने देखा है। प्रधानमंत्री मोदी हर जगह जाते हैं, दोस्त बनाते हैं और फिर हमें बदले में यही मिलता है।

## पनीरसेल्वम ने राजग को कहा अलविदा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में आसन्न विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा नीत गठबंधन को गुरुवार को उस समय झटका लगा, जब ऑल इंडिया द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के पूर्व नेता और तीन बार मुख्यमंत्री रहे ओ पनीरसेल्वम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग हो गए। श्री पनीरसेल्वम का राजग छोड़ने का फैसला ऐसे समय में आया है, जब पिछले सप्ताह राज्य के दौरे पर आए पीएम मोदी ने उन्हें मिलने के लिए कथित तौर पर समय नहीं दिया। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के सहयोगी के रूप में रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। श्री पनीरसेल्वम ने राजग छोड़ना उन खबरों की पृष्ठभूमि में आया है, जिनमें कहा गया था कि वह अभिनेता-राजनेता विजय की उभरती हुई तमिलझगा वेत्री कषगम (टीवीके) के साथ गठबंधन कर सकते हैं। इससे पहले, हालांकि दिन में श्री पनीरसेल्वम की सुबह की नियमित सैर के दौरान मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन से मुलाकात हुई थी।

# भारत-अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी की मजबूती को प्रतिबद्ध

■ पीएम मोदी ने शेख मोहम्मद बिन जायद से की फोन पर बात

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि पीएम मोदी ने बुधवार देर रात संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बात की। दोनों नेताओं ने भारत और अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने प्रतिबद्धता दोहराते हुए द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया।

# किसान संपदा का बजट 6,520 करोड़ हुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना-(पीएमकेएसवाई) के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है।

सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की यहां हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि आज 15वें वित्त आयोग 2021-22 से 2025-26 की अवधि में चल रही पीएमकेएसवाई के लिए 1920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ ही इस अवधि के लिए कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गई है।

## सरकार ने दी रेलवे की 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश भर में आवागमन एवं माल परिवहन के बुनियादी ढांचे के विस्तार को गति देने के लिए गुरुवार को छह राज्यों में विभिन्न रेल खंडों पर अतिरिक्त लाइनों के निर्माण के लिए कुल 11,169 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी।

# तेलंगाना में दलबदलू विधायकों को SC का अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ अदालत ने विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना में दलबदल करने वाले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों की अयोग्यता पर तेजी से निर्णय लेने का निर्देश विधानसभा अध्यक्ष को दिया है।

कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यह फैसला तीन महीने के भीतर हो जाना चाहिए, वरना लोकतंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। कोर्ट का यह आदेश तब आया है जब कांग्रेस में शामिल हुए 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर सात महीने बाद भी कोई फैसला नहीं हुआ। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यदि स्पीकर समय पर कार्रवाई नहीं करते तो यह 'ऑपरेशन सफल, मरीज मृत' वाली स्थिति होगी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला 10वीं अनुसूची से जुड़ा है, जिसमें दलबदल की स्थिति में स्पीकर को त्वरित फैसला लेना होता है। कोर्ट ने स्पीकर से कहा कि वे विधायकों को प्रक्रिया में देरी नहीं करने दें और यदि ऐसा होता है, तो उनके खिलाफ प्रतिकूल निष्कर्ष निकाल सकते हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राजनीतिक दलबदल देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं। अगर इसे रोका नहीं गया तो यह पूरी प्रणाली को अस्थिर कर सकता है। कोर्ट ने संसद से भी आग्रह किया कि वह विचार करे कि क्या दलबदल मामलों में स्पीकर को ही निर्णय देने का मौजूदा तंत्र उचित है या इसमें बदलाव की जरूरत है।

# कबूतरों को दाना चुगाने पर बॉम्बे हाईकोर्ट की रोक

**मुंबई, वार्ता**



■ कहाः यह सेहत के लिए भी खतरा

■ बीएमसी को दाना डालने वालों पर एफआईआर करने की परमिशन दी

**बॉम्बे हाईकोर्ट** ने कहा कि कबूतरों के झुंड को दाना डालना सार्वजनिक रूप से परेशानी पैदा करने वाला है। यह मुद्दा जन स्वास्थ्य से जुड़ा है और सभी उम्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर और संभावित खतरा है।

जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस आरिफ डाक्टर की बेंच ने पशु प्रेमियों की दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने मुंबई नगर निगम को दाना डालने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा कोर्ट ने बीएमसी को शहर के कबूतरखानों में कबूतरों के जमावड़े को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने और कड़े उपाय लागू करने का निर्देश भी दिया। दरअसल, 3 जुलाई को इसी मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बीएमसी को किसी भी पुराने विरासती कबूतरखाने को ध्वस्त करने से रोक दिया था, लेकिन कहा था कि दाना डालने की अनुमति नहीं दे सकती। पल्लवी पाटिल, स्नेहा विसारिया और सविता महाजन ने याचिका में दावा किया था कि बीएमसी का यह काम पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का उल्लंघन करता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अनुमति न मिलने के बावजूद लोग कबूतरखानों में कबूतरों को दाना डालना जारी रखे हुए हैं। अब यह स्थिति और भी जटिल हो गई है, क्योंकि पिछले आदेश में याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। नगर निगम के अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका जा रहा है। कानून की अवहेलना की जा रही है। हम बीएमसी को ऐसे किसी भी व्यक्ति और समूहों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी-ट्रम्प दोस्ती का खामियाजा देश भुगत रहा: अजय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 25 परसेंट टैरिफ लगाने की कड़ी निदा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दोस्ती का खामियाजा देश भुगत रहा है। राय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ ठोक दिया, साथ ही पेनल्टी भी लगा दी। नरेंद्र मोदी की 'दोस्ती' का खामियाजा देश भुगत रहा है। पीएम मोदी ने ट्रम्प का प्रचार किया और लपक-लपककर गले मिले। फोटो खिचवाकर सोशल मीडिया में ट्रेंड कराया था। आखिर में ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ ठोक दिया। भारत की विदेश नीति पूरी तरह फेल हो चुकी है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का समय बढ़ाने की गुजारिश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तिथि को 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त तक करने की मांग की है, ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके। शाही ने बताया कि उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर उत्तर प्रदेश के किसानों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों के बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त करने का आग्रह किया, ताकि अधिकाधिक किसान इसका लाभ ले सकें। कृषि मंत्री ने बताया कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कीटनाशकों के स्थान पर जैव कीटनाशकों को प्रोत्साहित करने पर विस्तार से चर्चा की।

# करोड़ों सनातनियों से माफी मांगे कांग्रेस: योगी

## मुख्यमंत्री ने माले गांव विस्फोट में सभी आरोपियों के बरी होने पर दी प्रतिक्रिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माले गांव विस्फोट में सभी आरोपियों के बरी होने के बाद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए माफी मांगने की मांग की है।

योगी ने गुरुवार को अपने ट्वीट में लिखा- मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को पुन: उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है।



■ जनप्रतिनिधियों एवं शहीदों के गांवों की सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता मिले

कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए।

महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। इस केस में सात मुख्य आरोपी थे। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे। वहीं मुख्यमंत्री योगी लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि जनप्रतिनिधियों एवं शहीदों के गांवों की सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता पर रखें। योगी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सड़क, दीर्घ सेतु, लघु सेतु, आरओबी और आरयूबी, धर्मार्थ स्थलों की सड़कें, फ्लाईओवर निर्माण से सम्बन्धित प्रस्तावों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए वरीयताक्रम के आधार पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### गुलामी के युग में भी भक्ति और शक्ति से तुलसीदास ने जाग्रत रखी जनचेतना

**चित्रकूट।** धार्मिक नगरी चित्रकूट में संत तुलसीदास के जयंती समारोह (तुलसी जयंती) में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्ष पूर्व जब इस गांव की स्थिति शायद साधनों के अभाव और कठिनाइयों से ग्रस्त रही होगी, ऐसे समय में एक दिव्य आत्मा ने जन्म लिया और बाल्यावस्था में ही प्रभु श्रीराम के चरणों में स्वयं को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि उस कालखंड में जब अकबर का साम्राज्य विस्तार पर था और दरबार में जगह पाने की होड़ थी, तब तुलसीदास जी ने रामबोला के रूप में खुद को किसी दरबारी की सेवा में नहीं बल्कि केवल प्रभु श्रीराम की भक्ति में समर्पित किया।

# ट्रम्प की चुनौती को आत्मनिर्भरता में तब्दील करे मोदी सरकार: मायावती

लखनऊ, वार्ता

आयात शुल्क पर अमेरिका द्वारा 25 फीसदी की बढ़ोतरी को देश की अर्थव्यवस्था के लिए नयी चुनौती बताते हुए बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने उम्मीद जाहिर की कि केन्द्र सरकार इस चुनौती को आत्मनिर्भरता में तब्दील करने में सफल होगी और राष्ट्र हित से कोई समझौता नहीं करेगी।



सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर कल दिनांक 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की भी नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी, तथा इसको लेकर देश को दिए गए इस आश्वासन पर कि किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी, इस पर सरकार खरी उतरकर दिखाएगी भी, ऐसी देश को आशा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला अधिकतर ग़रीबों और मेहनतकश लोगों का देश है, जिसे हर हाथ को काम देने वाली श्रम शक्ति के बल पर देश को आगे बढ़ाने की नीति बनाकर उस पर सही से अमल किया जाए, तो देश निश्चय ही आत्मनिर्भरता के साथ-साथ 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' वाला सुखी व सम्पन्न देश बन सकता है, जिसमें ही संविधान के मानवतावादी एवं कल्याणकारी उद्देश्य के हिसाब से जन व देशहित पूरी तरह से निहित है व यह सुरक्षित भी रह सकता है। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है और रूस से सैन्य उपकरण तथा तेल खरीदने पर जुर्माना लगाने की बात भी कही है।

# विदेश नीति व्यक्तिगत संबंधों पर नहीं होनी चाहिए: सैलजा

चंडीगढ़, वार्ता

कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और दंडात्मक शुल्क पर कहा कि आज एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा सरकार की तथाकथित 'व्यक्तिगत कूटनीति' और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मौन रहकर सम्मान पाने की रणनीति पूरी तरह विफल रही है।

सांसद सैलजा ने गुरुवार को कहा कि भारत की चुप्पी ऐसे ही रही, तो आने वाले समय में अमेरिका भारत पर व्यापारिक मोर्चे पर दबाव बनाएगा। हमारी विदेश नीति व्यक्तिगत संबंधों पर नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और राष्ट्रीय हितों पर आधारित होनी चाहिए। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस स्पष्ट करना चाहती है



■ अमेरिका भारत पर व्यापारिक मोर्चे पर दबाव बनाएगा

कि राष्ट्रहित केवल विदेशी नेताओं के साथ मंच साझा करने या भव्य शोभायात्राओं से सुरक्षित नहीं होता, बल्कि एक निडर, संतुलित और दूरदर्शी विदेश नीति से ही हमारे हित सुरक्षित हो सकते हैं। यह वही नीति है जिसे भारत ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में दृढ़ता के साथ अपनाया था, जब भारत ने न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि विश्व मंच पर सम्मान भी अर्जित किया।

## मर्जर का काम एक सप्ताह में कर लिया जाना है पूरा

# स्कूलों के विलय पर योगी सरकार का यू टर्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि एक किमी से अधिक दूरी वाले विद्यालयों का विलय नही होगा, वहीं जिन उच्च प्राथमिक स्कूलों की दूरी तीन किमी से अधिक होगी, उनका भी विलय नही होगा।

सिंह ने गुरुवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इसके साथ ही जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या 50 या इससे अधिक है, उनका भी विलय नही होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश में अति न्यून संख्या वाले विद्यालयों की निकटस्थ विद्यालयों के साथ ही पेयरिग की जा रही है। एक सप्ताह में मर्जर



■ एक किमी से ज्यादा दूरी वाले और 50 से ज्यादा विद्यार्थियों वाले स्कूलों का नहीं होगा विलय

का काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अफवाह फैलाई जा रही है कि बच्चों की शिक्षा को सरकार खत्म कर रही है, यह ग़लत है। विद्यालयों की पेयरिग उत्तर प्रदेश नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली-2011 (यथा संशोधित 2017) के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों की पेयरिग आबादी से 1 किमी की दूरी के अन्तर्गत तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों की पेयरिग आबादी से 3 किमी के अन्तर्गत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों की पेयरिग करते समय यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि छात्र-छात्राओं की विद्यालय तक सुगम पहुंच को अवश्य ध्यान में रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय तक पहुंचने में किसी प्रकार का अवरोध यथा-रेलवे कॉसिंग, नदी-नाले, हाई-वे आदि संबंधी प्रतिकूल स्थिति न हो। मंत्री ने कहा कि पेयरिंग का उद्देश्य बच्चों के उन्नत भविष्य के लिए बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है। कोई भी विद्यालय बंद नहीं किया जा रहा है। उक्त के दृष्टिगत विद्यालयों का यू-डायस कोड भी यथावत रखा गया है। यदि किसी जिले में पेयरिग के संबंध में विसंगति की स्थिति है, तो इसे दूर किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में निरन्तर समीक्षा की जा रही है तथा छात्र हित में आवश्यकतानुसार पूर्व विद्यालय में पुन: संचालन के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही शिक्षकों एवं रसोईयों के पद कम अथवा समाप्त नहीं किए जा रहे हैं। पेयरिग का उद्देश्य यह भी है कि 50 तक के छात्र नामांकन वाले विद्यालयों में 3 शिक्षक (शिक्षामित्र सहित) की तैनाती सुनिश्चित करायी जा रही है, जिससे कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो सके।

### बीएचयू के नए कुलपति बने प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के नए कुलपति के रूप में प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी की नियुक्ति की गई है। उपसचिव श्रेया भारद्वाज द्वारा इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है। नई दिल्ली के शास्त्री भवन से बीएचयू के रजिस्ट्रार को नियुक्ति से संबंधित जानकारी प्रेषित की गई है। प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिग विभाग में अपनी सेवाएंदे रहे हैं। वे इससे पहले आईआईटी रुड़की के निदेशक भी रह चुके हैं।



सेंसेक्स 80695.15
निफ्टी 24768.35



सोना रु. 100502
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115500
प्रति किलो




# शेयर बाजारों में गिरावट, निफ्टी 24800 अंक से नीचे उतरा

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क और जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही, हालांकि रुपए में आई मजबूती ने बाजार को ज्यादा नहीं गिरने दिया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 296.28 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 86.70 अंक (0.35 प्रतिशत) नीचे 24,768.35 अंक पर रहा। लगातार दो दिन की तेजी के बाद बाजार में गिरावट आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क और रूस से सैन्य उपकरण और तेल खरीदने के कारण



जुर्माना लगाने की घोषणा की थी। इसके बाद सुबह शेयर बाजारों में बिकवाली शुरू हो गई। सेंसेक्स 786.36 अंक लुढ़ककर 80,695.50 अंक पर खुला और नीचे 80,695.15 अंक तक उतर गया। एफएमसीजी कंपनियों हिदुस्तान यूनिलिवर और आईटीसी के साथ इटरनल कोटक महिद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंकों के शेयरों में लिवाली से संसेक्स इससे ज्यादा नहीं टूटा। दोपहर बाद यह हरे निशान में भी गया, लेकिन आखिरी घंटे में मुनाफा वसूली से फिर तेजी से गिरा। बुधवार की तुलना में 300 अंक से अधक चढ़कर एक समय यह 81,803.27 अंक पर भी पहुंच गया था।

अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपए में सात दिन बाद लौटी तेजी से बाजार की गिरावट सीमित रही। सेंसेक्स में हिदुस्तान यूनिलिवर का शेयर 3.48 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इटरनल में 1.40 प्रतिशत और आईटीसी में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील में 2.20 फीसदी की गिरावट रही। सनफार्मा का शेयर 1.69 फीसदी, अडानी पोर्ट्स का 1.50 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.39 प्रतिशत की गिरावट में रहा। निफ्टी-50 भी पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 212.80 अंक नीचे 24,642.25 अंक पर खुला। इसका दिन का निचला स्तर 24,642.25 अंक रहा, जबकि ऊपर यह 24,956.50 अंक तक मजबूत हुआ।

### आईसीएआई ने विवादों का त्वरित समाधान करेगा अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र

**नई दिल्ली।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) ने विवादों के त्वरित समाधान के लिए आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र (आईआईएसी) की स्थापना की घोषणा की है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार शाम यहां उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) भारत में कोई बाहर से आयी हुई सोच नहीं है, भारतीय सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। आईसीएआई अंतर्राष्ट्रीय एडीआर केंद्र की शुरुआत के रूप में हम देश को त्वरित, न्यायपूर्ण और कम खर्चीले विवाद समाधान के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कहा कि मौजूदा उभरती कारोबारी पारिस्थितिकी में प्रभावी विवाद समाधान कोई प्रक्रियात्मक औपचारिकता नहीं है, यह एक रणनीतिक आवश्यकता है और आईआईएसी का लक्ष्य विश्वसनीयता और दक्षता के साथ इन आवश्यकताओं की पूर्ति करना है।

# यूपी मार्ट पोर्टल से एमएसएमई सेक्टर को मिलेगी नई उड़ान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक और क्रांतिकारी कदम बढ़ाया है। उद्योग स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों के लिए अब मशीनरी की तलाश और सही सेवा प्रदाताओं तक पहुंच बनाना पहले जैसा मुश्किल नहीं रहेगा।

सरकार ने इसके लिए 'यूपी मार्ट पोर्टल' विकसित किया है, जो एक समर्पित और बहुउद्देशीय प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा कॉन्क्लेव का उद्घाटन करने के साथ ही यूपी मार्ट पोर्टल की भी शुरुआत की। इसका उद्देश्य स्टार्टअप्स के लिए आवश्यक उपकरणों तक पहुंच को आसान बनाना है। सीएम युवा योजना के नोडल अधिकारी और ज्वॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार इस पोर्टल पर राज्य भर के मशीनरी सप्लायर, फ्रेंचाइज़ी ओनर, सर्विस प्रोवाइडर और तकनीकी विशेषज्ञ एकत्रित होंगे। कोई भी उद्यमी यहां लॉग-इन करके अपने व्यवसाय की जरूरत के अनुसार मशीनरी की खोज कर सकेगा और ऑनलाइन संपर्क एवं कोटेशन प्राप्त कर सकेगा। उन्होंने बताया कि यूपी मार्ट पोर्टल का उद्देश्य उद्यमियों के समय, श्रम और संसाधनों की बचत करना है। इससे 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' को भी बढ़ावा मिलेगा और राज्य में उद्योगों की स्थापना की रफ्तार तेज होगी। सरकार का यह डिजिटल नवाचार राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करेगा और प्रदेश की औद्योगिक विकास यात्रा को नई दिशा देगा। राज्य के मशीनरी आपूर्तिकर्ताओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। वे पोर्टल पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर, प्रदेश भर के ग्राहकों तक अपनी पहुंच बना सकेंगे। इससे उनका व्यापार बढ़ेगा और एमएसएमई सेक्टर में मांग और आपूर्ति का संतुलन बेहतर होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...


**मालेगांव...** साक्ष्य के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहरा सकती। इसके लिए ठोस सबूत होना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने साबित किया कि मालेगांव में विस्फोट हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं कर पाया कि उस मोटरसाइकिल में बम रखा गया था। अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि घायलों की संख्या 101 नहीं, बल्कि केवल 95 थी। कुछ मेडिकल प्रमाणपत्रों में भी हेराफेरी की गई थी। कोर्ट ने कहा कि श्रीकांत प्रसाद पुरोहित के आवास में विस्फोटकों के भंडारण या संयोजन का कोई सबूत नहीं मिला। पंचनामा करते समय जांच अधिकारी की ओर से घटनास्थल का कोई स्केच नहीं बनाया गया था। घटनास्थल से कोई फिंगरप्रिंट, डंप डेटा या अन्य कोई जानकारी एकत्र नहीं की गई थी। नमूने गड़बड़ थे, इसलिए रिपोर्ट निर्णायक और विश्वसनीय नहीं हो सकी। विस्फोट में कथित रूप से शामिल बाइक का चेसिस नंबर स्पष्ट नहीं था। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि विस्फोट से ठीक पहले वह साध्वी प्रज्ञा के पास थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में यूएपीए लागू नहीं किया जाएगा, क्योंकि नियमों के अनुसार मंजूरी नहीं ली गई थी। इस मामले में यूएपीए के दोनों मंजूरी आदेश दोषपूर्ण हैं। अभियोजन पक्ष ने अभिनव भारत संगठन को एक सामान्य संदर्भ के रूप में इस्तेमाल किया था। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि अभिनव भारत के धन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया गया था। हमने एडीजी एटीएस को आरोपी सुधाकर चतुर्वेदी के घर में विस्फोटक रखने के मामले की जांच शुरू करने का आदेश दिया है। इससे पहले सुबह सातों आरोपी दक्षिण मुंबई स्थित सत्र न्यायालय पहुंचे, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आरोपी जमानत पर बाहर थे। मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। उन सभी पर यूएपीए और भारतीय दंड संहिता तथा शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आतंकवादी कृत्य करने का आरोप लगाया गया था। अभियोजन पक्ष का दावा था कि स्थानीय मुस्लिम समुदाय को आतंकित करने के इरादे से दक्षिणपंथी चरमपंथियों ने विस्फोट की योजना बनाई थी। फैसले के बाद साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि मैंने शुरू से ही कहा था कि जिन्हें भी जांच के लिए बुलाया जाता है, उनके पीछे कोई न कोई आधार जरूर होना चाहिए। मुझे जांच के लिए बुलाया गया और मुझे गिरफ्तार करके प्रताड़ित किया गया। इससे मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो गया। मैं एक साधु का जीवन जी रही थी, लेकिन मुझ पर आरोप लगाए गए और कोई भी हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ। मैं जिंदा हूं, क्योंकि मैं एक संन्यासी हूं। उन्होंने एक साजिश के तहत भगवा को बदनाम किया। आज भगवा की जीत हुई है, हिंदुत्व की जीत हुई है और ईश्वर दोषियों को सजा देगा। हालांकि, भारत और भगवा को बदनाम करने वालों को आपने गलत साबित नहीं किया। लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित ने कहा कि मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे उसी दृढ़ विश्वास के साथ अपने देश और अपने संगठन की सेवा करने का मौका दिया, जैसा मैं इस मामले में फंसने से पहले कर रहा था। मैं इसके लिए किसी भी संगठन को दोष नहीं देता। जांच एजेंसियों जैसे संगठन गलत नहीं हैं, बल्कि संगठनों के अंदर के लोग ही गलत कर रहे हैं। मैं आपको व्यवस्था में आम आदमी का विश्वास फिर से बहाल करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

# पर्यावरण की अलख जगाने के लिए राजभवन कर्मियों की साइकिल यात्रा

लखनऊ, वार्ता

धरती को हरा भरा रखने के संकल्प के साथ राजभवन के कर्मचारियों ने बाराबंकी जिले तक 110 किमी साइकिल चलाई और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का महत्व समझाया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन से बाराबंकी जिले के लिए 30 जुलाई से शुरू हुई 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' साइकिल रैली दो दिनों में लगभग 110 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर आज राजभवन में आकर समाप्त हुई। राजभवन के अधिकारियों व कर्मचारियों की यह साइकिल रैली लखनऊ से प्रारंभ होकर बाराबंकी जिले के देवा व बंकी होते हुए आज दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हरख पहुंची। विद्यालय की प्रभारी साधना सिंह के साथ शिक्षा विभाग और प्रशासन के अधिकारी एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने रैली दल का पारंपरिक स्वागत किया तथा पौधरोपण, स्वच्छता एवं संवाद सत्र में भाग लिया। इस दौरान तीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कुल 600 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, छात्राओं से संवाद और हस्ताक्षर जागरूकता



अभियान आयोजित किया गया। विद्यालय परिसरों में नीम, जामुन, मौलश्री, सहजन, छितवन, बॉटल ब्रश, अमरूद आदि प्रकार के पौधे लगाए गए। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यालय की छात्राओं से उनके कक्षाओं में जाकर संवाद किया। छात्राओं के अनुशासन, शिक्षामें रुचि और आत्मविश्वास की सराहना की गई। अधिकारियों ने बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने, पर्यावरण संरक्षण करने तथा स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यालयों में पर्यावरण, स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें छात्राओं, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## नव-निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

# राज्य में बनेंगे एकीकृत पंचायत भवनः धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में पंचायती राज विभाग की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि नव-निर्वाचित ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों को आधुनिक तकनीकी, वित्तीय प्रबंधन और शासन प्रणाली पर प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में सबको समेकित प्रयास करने होंगे। गांवों के विकास से ही प्रदेश और देश का विकास संभव है।



■ **15 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र के शहरी क्षेत्र में परिवर्तित होने का होगा आकलन**

मुख्यमंत्री ने राज्य में 'एकीकृत पंचायत भवनों' का निर्माण कराने के निर्देश दिए। इन एकीकृत पंचायत भवनों में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, पटवारी, आशा आदि के लिए एक स्थान पर ही व्यवस्था होगी। इनके वहां एक साथ बैठने के लिए रोस्टर भी बनाया जाए। इससे लोगों को सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों में बजट नियोजन को और बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पंचायतीराज विभाग यह भी आकलन करे कि आगामी 15 वर्षों में कितना ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्र में परिवर्तित होगा। यह आकलन राज्य के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम सभाओं के स्थापना दिवस उत्सव के रूप में मनाए जाने के लिए ग्राम वासियों से संवाद किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर सभी योजनाओं की रीयल टाइम मॉनिटरिंग हो।

इस अवसर पर अवस्थापना अनुश्रवण परिषद उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव चंद्रेश कुमार यादव, अपर सचिव बंशीधर तिवारी व निदेशक पंचायती राज सुश्री निधि यादव उपस्थित थे।

# ...अब बिना पंजीकरण नहीं होगा मसूरी का दीदार!

## होटल मालिकों को करना होगा पर्यटकों का पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददता**

**देहरादून।** अगर आप मसूरी के दिलकश नजारों और ठंडी वादियों में घूमने का सपना देख रहे हैं, तो जरा ध्यान दीजिए.... अब बिना पंजीकरण के 'क्वीन ऑफ हिल्स' यानी पहाड़ों की रानी मसूरी की सैर करना आसान नहीं होगा। 1 अगस्त से पर्यटन विभाग ने एक नई व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है, जिसके तहत मसूरी आने पर ऑनलाइन पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) कराना होगा।

याद रहे यह ऑनलाइन पंजीकरण पर्यटकों को नही, बलिक होटल और होमस्टे मालिकों को करना होगा। पर्यटन विभाग के उप निदेशक गंगवार ने बताया कि मसूरी आने वाले पर्यटकों की सही जानकारी रखने के लिये

### पर्यटन विभाग के पोर्टल पर दर्ज करानी होगी जानकारी

**देहरादून।** पर्यटन विभाग के पोर्टल पर होटल और होमस्टे व्यवसायियों को अपने यहां आने वाले पर्यटकों के नाम, उम्र, कहा से आये है, कब तक मसूरी में रहेंगे और कितने लोग हैं, आदि का विवरण दर्ज करना अनिवार्य होगा।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के क्रम में पर्यटन विभाग ने एक रूपरेखा तैयार की है, जिसके तहत पर्यटकों का पंजीकरण करना होगा, जिसके लिये होटल और होमस्टे व्यवसायियों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने रजिस्ट्रर में पंजीकरण करने के बाद विभाग के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करे। खास बात ये है कि इस व्यवस्था से मसूरी में आने-जाने वाले लोगों का सटीक आंकड़ा मिल सकेगा, जिससे ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग व्यवस्था और पर्यावरण संतुलन में मदद मिलेगी।

### पूरे राज्य में लागू हो सकता है मॉडलः गर्ब्याल

पर्यटन विभाग के सचिव धीराज गर्ब्याल ने बताया कि यह सिस्टम आने वाले समय में पूरे उत्तराखंड में लागू किया जा सकता है, खासकर उन जगहों पर जहां पर्यटकों का अत्यधिक दबाव रहता है। उनका साफ कहना है, हम किसी को मसूरी आने से रोक नहीं रहे, बस चाहते हैं कि पर्यटन सुव्यवस्थित और सतत विकास की राह पर आगे बढ़े। विभाग का मकसद है कि मसूरी में एक समय में कितने पर्यटक मौजूद हैं, इसका वास्तविक आकलन किया जा सके और निश्चित संख्या पार होने पर प्रवेश को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि ऐसे पर्यटक जो मसूरी से होकर चारधाम जा रहे हैं, या फिर यहां कुछ घंटे के लिए ही घूमने आए हैं, उनके लिए पंजीकरण जरूरी नही है।

# महाराज ने केन्द्रीय पंचायतीराज मंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय पंचायतीराज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत उत्तराखंड को 193.84 करोड़ की धनराशि दिये जाने पर उनका आभार जताया है।

प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को केन्द्रीय पंचायतीराज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर



शिष्टाचार भेंट कर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान वर्ष 2025-26 के तहत कार्यकारी समिति (एसईसी) द्वारा सर्वसम्मति से 193.84 करोड़ धनराशि की कार्य योजना को केन्द्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आहूत बैठक में लगभग शत-प्रतिशत रूप में सभी घटकों के साथ पारित किये जाने पर प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है। पंचायतीराज मंत्री महाराज ने राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा कि उक्त अनुमोदित कार्ययोजना से त्रिस्तरीय पंचायतों के नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों, रेखीय विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कराया जायेगा। इसके अलावा प्रति. निधियों के लिए अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम, पंचायत भवन विहिन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों का निर्माण, कम्प्यूटरीकरण, पंचायत लर्निंग सेण्टर का निर्माण आदि स्थापित किया जायेगा।

# फर्जी राशन कार्ड धारकों पर होगी सख्त कार्रवाईः धामी

## अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के लाभार्थियों के खाते में जाएगा पैसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत लाभार्थियों को सिलेंडर भरने के लिए धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। खाद्य विभाग इसके लिए व्यवस्था बनाएगा कि इस धनराशि का उपयोग लाभार्थी केवल सिलेंडर भरने के लिए ही कर सके। राज्य में 1 लाख 84 हजार अन्त्योदय कार्डधारक परिवार इस योजना से जुड़े हैं, योजना का लाभ प्रदेश के लगभग 10 लाख लोग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि इस योजना का लाभ अन्त्योदय कार्डधारकों को शत-प्रतिशत मिले। मुख्यमंत्री अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना लागू करने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है।

■ **राज्य में 1 लाख 84 हजार अन्त्योदय कार्डधारक परिवार इस योजना से जुड़े**

मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सभी लाभार्थियों का डेटा अद्यतन किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों व अन्य पात्र लोग बायोमैट्रिक कठिनाइयों के कारण राशन से वंचित न रहें, ऐसे सभी मामलों में ऑफलाइन प्रमाणीकरण या वैकल्पिक प्रणाली से राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। खाद्यान्न भंडारण की वर्तमान क्षमता और गोदामों की भौतिक स्थिति की समीक्षा कर संरक्षित और सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन राशन कार्ड योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जाए ताकि किसी भी स्थान से राशन प्राप्त करने में कोई बाधा न हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-पूर्ति पोर्टल पर रियल टाइम ट्रांजेक्शन डेटा की निगरानी सुनिश्चित की जाए। आधार सीडिंग एवं मोबाइल ओटीपी आधारित वितरण प्रणाली को सशक्त बनाया जाए। फर्जी राशन कार्ड की पहचान कर संबंधित पर कार्रवाई की जाए। लापरवाही या अनियमितता बरतने वाले डीलरों और अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। हर माह समय पर सभी कार्डधारकों को संपूर्ण राशन उपलब्ध कराया जाए। दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों में पूर्व-स्टॉकिंग की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मिड-डे मील एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को समयबद्ध ढंग से खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित हो।

बैठक में अवस्थापना अनुश्रवण परिषद उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, एल. फैनई, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव चंद्रेश कुमार यादव, अपर सचिव बंशीधर तिवारी व खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को नहीं मिल रहा जीत का प्रमाणपत्र

**देहरादून।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने जिला पंचायत चुनाव में विजयी हुए पार्टी समर्थित दो महिला उम्मीदवारों को जीत का प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है। माहरा ने कहा उन्होंने पहले ही यह आशंका व्यक्त की थी कि जैसे ही भाजपा को आभास होगा कि कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष बनने जा रहे हैं, तब गड़बड़ियां शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा उनके पास दो जगह से ऐसे मामले सामने आए हैं जहां पर पार्टी समर्थित दो महिला उम्मीदवारों को जीत का प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। माहरा ने कहा डोईवाला के माजरी से सुखविंदर कौर ने पंचायत चुनाव में जीत हासिल की है, वह करीब 800 मतों से आगे चल रही हैं, मगर, उन्हें जीत का प्रमाण पत्र प्रशासन की ओर से नहीं दिया जा रहा है। वहीं, दूसरा मामला बागेश्वर का है, यहां पर कांग्रेस पार्टी से प्रमाण पत्र महिला उम्मीदवार सरोज आर्य ने अपनी जीत दर्ज कराई है, मगर वहां पर भी उन्हें जीत का प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। वह अभी भी जीत का प्रमाण पत्र मिलने का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और निर्वाचन आयोग बेईमानी पर उतर गया है। करन माहरा का कहना है कि इसके विरोध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने डोईवाला में प्रदर्शन शुरू कर दिया है। माहरा का कहना है कि उन्हें इस बात की उम्मीद बिल्कुल भी नहीं है कि दोनों उम्मीदवारों को इतनी जल्दी जीत का प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा।

# मालेगांव विस्फोट फैसला, भगवा आतंकवाद की झूठी थ्योरी गढ़ने वालों पर तमाचा : भट्ट

## कहा - सनातन धर्म के खिलाफ पाप के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी होगी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने मालेगांव विस्फोट पर न्यायालय के निर्णय को भगवा आतंकवाद की झूठी थ्योरी गढ़ने वालों के मुंह पर तमाचा बताया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सभी आरोपियों को देशभक्त बताते हुए निर्दोष सिद्ध होने को श्सत्यमेव जयतेश की सजीव अभिव्यक्ति कहा। कांग्रेस को सनातन धर्म के खिलाफ किए अपने इस पाप के लिए सार्वजनिक माफी मांगनी होगी।



मीडिया को दी प्रतिक्रिया में उन्होंने, 17 वर्ष की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आए इस निर्णय पर खुशी और संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि एक बार पुनः न्यायालय के माध्यम से साबित हुआ है कि भगवा आतंकवाद संभव नहीं और हिन्दू कभी भी आतंकवादी नहीं हो सकता। 2008 में मालेगांव विस्फोट के बाद, सनातन धर्म के हजारों वर्षों के गौरवमई इतिहास पर दाग लगाने की जो कोशिश की गई थी। उसका इस ऐतिहासिक निर्णय से पूरी तरह पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, ये उन सनातन, आस्थावानों, संतों और राष्ट्रसेवकों के मान-सम्मान की पुनर्स्थापना करने वाला है, जिनकी छवि को ष्भगवा आतंकवादष जैसी झूठी थ्योरी के माध्यम से काँग्रेस द्वारा कलंकित करने का षड्यंत्र रचा गया था। यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है।

# कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत 'भारत युवा पुरस्कार' से सम्मानित

## दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में तेलंगाना के राज्यपाल ने किया सम्मानित



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली/देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को जनसेवा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य में नवाचारी प्रयोगों के लिये देश के प्रतिष्ठित 'भारत युवा पुरस्कार' से सम्मनित किया गया है। तेलंगाना के राज्यपाल विष्णुदेव वर्मा ने प्रतिष्ठित भारत गौरव अवार्ड फाउंडेशन की ओर से स्थापित यह पुरस्कार डॉ. रावत को प्रदान किया। डॉ. रावत ने इसे महत्वपूर्ण बताते हुये कहा कि यह सम्मान उन्हें जनसेवा के लिये और प्रेरित करेगा।

नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में भारत गौरव अवार्ड फाउंडेशन ने राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा, सांस्कृतिक चेतना और सृजनात्मक कार्यो में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 21 प्रतिभाशाली व्यक्तियों को पांचवे 'भारत युवा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। जिसमें प्रदेश के युवा कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी शामिल हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि उत्तराखंड में मजबूत हेल्थ नेटवर्क, उच्च स्तरीय शिक्षा प्रणाली और सहकारिता के माध्यम से किसानों, काश्तकारों, महिलाओं व युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में वह निरंतर काम कर रहे हैं।

### कहा - यह मेरे जीवन का अत्यंत भावुक और प्रेरणास्पद क्षण

भारत युवा पुरस्कार से सम्मानित होने पर सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि यह मेरे जीवन का अत्यंत भावुक और प्रेरणास्पद क्षण है। यह सम्मान मुझे सकारात्मक सोच, निरंतर प्रयास और समाज सेवा के प्रति नई ऊर्जा प्रदान करेगा ताकि में देश और समाज के निर्माण में सार्थक योगदान दे सकूं। उन्होंने भारत गौरव अवार्ड फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह संस्था देश के असंख्य युवाओं को नई पहचान और प्रोत्साहन देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। डॉ. रावत ने कहा कि भारत युवा पुरस्कार केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है बल्कि यह युवा वर्ग के सामा. जिक योगदान को भी पुष्ट करता है। ऐसे सम्मान युवाओं को सृजनशील, कर्तव्यनिष्ठ और समाज हित में सक्रिय रहने की प्रेरणा देते हैं।

# सैनिक के बेटे की इलाज के अभाव में मौत राज्य पर कलंकः माहरा

## प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त होने होने का आरोप कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का सरकार पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त पड़ी हैं और पहाड़ी जिलों में तो स्वास्थ्य का पूरा सिस्टम खुद वेंटिलेटर पर है। यह तीखा बयान गुरुवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया। माहरा ने चमोली के सुदूर गांव में रहने वाले सैनिक की पत्नी की पीड़ा का हवाला देते हुए कहा जिसका डेढ़ साल का बेटा चमोली से लेकर बागेश्वर के पांच अस्पतालों में भटकने के बाद इलाज



के लिए तड़प तड़प कर मर गया सरकार उसकी वेदना को क्या जाने। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए जम्मू कश्मीर में सीमा पर तैनात जवान के डेढ़ साल के बेटे को लेकर उसकी मां चमोली से लेकर बागेश्वर के पांच अस्पतालों में भटकी, मगर एक के बाद एक उसको हायर सेंटर के लिए रेफर किया जाता रहा और आखिर में हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज के लिए एंबुलेंस का समय पर इंतजाम न होने के कारण बच्चे की मौत हो गई जो हमारे पूरे राज्य के लिए कलंक है। माहरा ने कहा कि उत्तराखंड के नौजवान बड़ी संख्या में फौज में हैं और जब देश की रक्षा के लिए फौज में सेवा कर रहे नौजवानों को इस समाचार का पता चलेगा तो वे किस मनोयोग से देश की रक्षा और सेवा करेंगे। माहरा ने कहा कि एक तरफ तो धामी सरकार सैनिकों के कल्याण के लिए बड़ी बड़ी घोषणाएं करती हैं दूसरी तरफ सीमा पर तैनात एक सैनिक के बच्चे की इलाज के अभाव में मौत हो जाती है इससे बड़ी शर्म की बात सरकार के लिए कुछ नहीं है। माहरा ने कहा कि आज राज्य में सरकार ने शिक्षा स्वास्थ्य जैसे जनता के मौलिक व आवश्यक जरूरतों के विषयों को त्याग कर अपना सारा ध्यान आबक. ारी व खनन के क्षेत्रों में केंद्रित कर दया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में सरकार ने सारी स्वास्थ्य सेवाएं पीपीपी मोड के सहारे छोड़ी हुई है जिससे राज्य भर में स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हो चुकी हैं। जिला अस्पताल केवल रेफरल सेंटर बन कर रह गए हैं।

# पंचायतों में मिली जीत धामी के विकास के विजन पर जनता की मुहरः चौहान

## कहा -पार्टी समर्थित प्रत्याशियों की जीत से जन जन में उत्साह

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने पंचायत चुनाव के नतीजों को ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रिपल इंजन सरकार का स्पष्ट संकेत बताया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा के प्रत्याशियों और समर्थित कार्यकर्ताओ ने जीत हासिल की उससे जन जन मे उत्साह है तो वहीं कांग्रेस के लिए अपनी जमीनी हकीकत का अहसास करने के लिए पर्याप्त है।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि पार्टी के सभी समर्थित जिला पंचायत सदस्यों, क्षेत्र पंचायत और प्रधान, वार्ड मेंबर पर निर्वाचित सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की जीत से आम जन मे उत्साह है और यह सीएम पुष्कर सिंह धामी के विकास के विजन पर मुहर है। उन्होंने कहा कि अन्य निर्दलीय विपक्षी प्रत्याशियों को भी जनता ने अपना मत विकास के लिए दिया है और ग्रामीण क्षेत्र मे विकास कार्यों को आगे बढाने का सामूहिक दायित्व है। चौहान ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश ग्राम प्रधान और वार्ड मेंबर पदों पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जीत हासिल की है। जनता ने भाजपा प्रत्याशियों को बड़े पैमाने पर क्षेत्र पंचायत सदस्य की जिम्मेदारी दी है और उसके मद्देनजर 89 ब्लॉक में से अधिकांश में भाजपा का स्पष्ट बोर्ड बनना तय है। जिला पंचायत सदस्य के लिए भी पार्टी के समर्थित प्रत्याशियों ने लक्ष्य के अनुरूप जीत दर्ज कर रहे हैं।

# टनकपुर - बागेश्वर रेल लाइन पर केंद्र ने मांगी राज्य की सहमति

## राज्य की सहमति के बाद जल्द शुरू होगा रेल लाइन पर काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन पर जल्द काम शुरू हो सकता है। केंद्र सरकार ने इस परियोजना पर काम शुरू करने के लिए राज्य सरकार से औपचारिक तौर पर सहमति देने को कहा है। राज्य सरकार जल्द इस दिशा में अधिकारिक पत्र केंद्र सरकार को भेजने जा रही है।

प्रस्तावित टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन को कुमाऊं क्षेत्र में रेल नेटवर्क विस्तार की दिशा में गेम चेंजर प्रोजेक्ट के रूप में देखा रहा है। करीब 170 किमी लंबी इस परियोजना के लिए फाइनल सर्वे का काम पूरा हो चुका है। अब अगले चरण में परियोजना पर राज्य सरकार से विचार विमर्श होना है। काम शुरू करने से पहले केंद्र सरकार ने राज्य से औपचारिक सहमति प्रदान करने को कहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव को इस दिशा में शीघ्र औपचारिकताएं पूरी करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस तरह टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का धरातल पर उतरने का रास्ता साफ हो रहा है।

बागेश्वर-टनकपुर रेल लाइन पर काम शुरू करने के लिए समस्त औपचारिकताएं तेजी से पूरी की जा रही है। इसी तरह ऋषिकेश-उत्तरकाशी और देहरादून-सहारनपुर रेलवे लाइनों की भी फाइनल डीपीआर तैयार की जा रही है। केंद्र सरकार उत्तराखंड में रेल नेटवर्क को मजबूत करने में पूरा सहयोग प्रदान कर रही है.. **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

# कर्णप्रयाग रेल लाइन 2026 तक तैयार होगी

**देहरादून।** उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में रेल नेटवर्क विकसित करने पर तेजी से काम हो रहा है। इसी क्रम में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है, सामरिक महत्व की इस परियोजना का काम 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। इसी तरह टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन बन जाने के बाद, कर्णप्रयाग-बागेश्वर जैसे दो पर्वतीय शहरों को रेल नेटवर्क से जोड़कर, गढ़वाल-कुमांऊ के बीच रेल सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। साथ ही प्रदेश सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ऋषिकेश-उत्तरकाशी और देहरादून-सहारनपुर रेलवे लाइनों की डीपीआर भी तैयार कर रही है। 81 किमी लंबी देहराद. ून-सहारनपुर शाकुंभरी देवी मंदिर के रास्ते से होकर गुजरेगी। यह रेल लाइन सहारनपुर से देहरादून के हर्रावाला रेलवे स्टेशन तक बिछेगी। इसमें 11 किमी लंबी सुरंग भी शामिल है।

# 'उम्मीद पोर्टल' पर दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्यः बोर्ड

## ऊधमसिंहनगर, हरिद्वार व देहरादून के वक्फ प्रबंधकों को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स सं वाददता**

**देहरादून।** वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के तहत वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसके लिये प्रबंधकों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ननूरखेडा देहरादून में देहरादून के वक्फ प्रबंधकों को प्रशिक्षण दिया गया, अभी तक उधमसिंह नगर, देहरादून व हरिद्वार के प्रबंधकों को 'उम्मीद पोर्टल' की बारीकियों से रूबरू कराया गया है।

गुरुवार को बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स व सीईओ सय्यद सिराज उस्मान ने प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। वक्फ बोर्ड के इंसपेक्टर मौहम्मद अली ने 'उम्मीद



पोर्टल' पर आईडी बनाने और दस्तावेज अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया। उन्होने बताया कि अब हर वक्फ जायदाद के प्रमाण पत्र 'उम्मीद पोर्टल' पर अपलोड करना अनीवार्य है। अब 2 अगस्त को नैनीताल और अन्य पर्वतीय जनपद के प्रबंधकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### यह दस्तावेज अपलोड करने होंगे

**देहरादून।** 'उम्मीद पोर्टल' पर वक्फ संख्या, संपत्ति का आकार, स्थान, उपयोग, राजस्व और स्वामित्व की स्थिति दर्ज करनी होगी। साथ ही कब्जेदारों व किरायेदारों का विवरण भी देना होगा। वक्फ जायदाद के वक्फकर्ता (दानदाता) का विवरण, खसरा-खतौनी, वक्फनामा, रकबा, चौहद्दी, फोटो और दाखिल-खारिज की प्रमाणित प्रति भी अपलोड करनी होगी। कब्जेदारों-किरायदारों के साथ चल रहे वादों का विवरण भी दर्ज कराना होगा।

# श्री देव सुमन विश्वविद्यालय में 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के चंद्रबदनी-नैखरी परिसर में गुरुवार को पहली बार नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम 'दीक्षारंभ' का भव्य आयोजन किया गया

। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षिक जीवन की औपचारिक शुरुआत के रूप में मनाया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति एनके जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों ने नवागंतुक विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। कुलपति ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों को आत्मानुशासन, लक्ष्य निर्धारण और उत्तराखंड की सांस्कृतिक गरिमा को बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने अमर बलिदानी श्रीदेव सुमन के जीवन और विचारों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाएं और उनके विच. ारों को आत्मसात करें।

एनके जोशी ने कहा कि छात्र मृदुभाषी और विनम्र बनें, क्योंकि यही गुण उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की दिशा देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिस्पर्धा दूसरों से नहीं, बल्कि स्वयं से करनी चाहिए, ताकि सच्चे अर्थों में आत्मविकास संभव हो सके। समय की पाबंदी, सकारात्मक सोच, और जीवन में संस्कारों की महत्ता को उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया। अध्यापकों के प्रति सम्मान और मार्गदर्शन को उन्होंने छात्र जीवन का अनिवार्य तत्व बताया।




■ कुलपति एनके जोशी ने नवप्रवेशी छात्रों को दिया आत्मविकास और अनुशासन का संदेश
शैक्षिक जीवन की औपचारिक शुरुआत के साथ छात्रों को संस्कार और समय की पाबंदी का महत्व समझाया

कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर भी छात्रों को विस्तार से जानकारी दी और उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा ऑनलाइन कोर्सेज की दिशा में जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बदलते शैक्षिक परिदृश्य में तकनीक का समझदारी से उपयोग करना आवश्यक है।

कार्यक्रम में कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने भी छात्रों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली और नियमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समन्वयक प्रो डीसी गोस्वामी ने ऑनलाइन माध्यम से विशेष व्याख्यान प्रस्तुत कर शिक्षा की नई दिशा और संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

'दीक्षारंभ' कार्यक्रम ने न केवल छात्रों का स्वागत किया, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार, आत्मविकसित और संस्कारित नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी किया। यह आयोजन छात्रों के मन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता दिखाई दिया।

# कीचड़ और दुर्गंध से परेशान लोगों ने रोके कूड़े के वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर क्षेत्रांर्गत नर्सरी रोड़ पर स्थित पौड़ी बस स्टेंड के पास बने अस्थाई ट्रेचिंग ग्राउंड से आने वाली दुर्गंध एवं बदहाल स्थिति में पडे मार्ग को लेकर गुरूवार को स्थानीय लोगों ने निगम प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। विरोध स्वरूप स्थानीय लोगों ने नगर निगम के अस्थायी ट्रेचिंग ग्राउंड से कचरा ले जा रहे निगम के वाहनों को मौके पर ही रोक दिया। इस दौरान आक्रोशित स्थानीय लोगो ने नगर निगम प्रशासन से जल्द मार्ग को सुदृढ़ करने और कूडे से उठने वाली दुर्गंध से निजात दिलाने की मांग की। स्थानीय निवासी ने बताया कि नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण सड़क मार्ग पर जगह-जगह कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनी हुई है। कहा कि बरसात होने पर सारा गंदा पानी लोगों के घरों के अंदर घुस रहा है। जिससे कई लोगों ने घरों को खाली कर अन्य जगह शिफ्ट हो गये है। स्थानीय निवासी गीता देवी, राधा देवी ने कहा कि निगम द्वारा ट्रेचिंग ग्राउंड में मिट्टी डालने के साथ-साथ बाहरी सड़क पर भी मिट्टी फैलाई गई, जिससे सड़क का स्तर घरों के स्तर से ऊंचा हो गया है। अब बारिश के दौरान सड़क से बहता पानी सीधे घरों में घुस रहा है। कहा कि जल्द यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होता है तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं मौके पर पहुंचे नगर निगम के सफाई निरीक्षक शशि पंवार ने बताया कि यहां पर पहले से ही जल भराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए मिट्टी डाली गई थी, लेकिन बारिश के पानी की निकासी न होने के कारण कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि अस्थायी समाधान के रूप में जेसीबी से कुछ मिट्टी हटाई गई है और शीघ्र ही स्थायी समाधान किया जाएगा।

# विद्या मंदिर के छात्रों ने वैज्ञानिक सोच को किया प्रदर्शित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्रीकोट गंगानाली में गुरूवार को विज्ञान महोत्सव आयोजित किया गया। महोत्सव में स्कूली छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिक मॉडलों को तैयार कर वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 561 छात्र-छात्राओं ने 71 मॉडल तथा विज्ञान पर आधारित भव्य रंगोली बनाई। महोत्सव में पुहंचे अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों की खुब सरहाना की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के गणित विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. डीएस नेगी ने कहा कि छात्र -छात्राओं के विज्ञान प्रदर्शनी में जितने भी प्रोजेक्ट हैं सभी सराहनीय है। विज्ञान से ही विकास संभव है। प्रो. आरएस फर्तियाल ने कहा कि छात्रों के लिए विज्ञान की शिक्षा जरूरी है। डॉ. आशीष बहुगुणा ने कहा कि रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच मिलता है। कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी वैज्ञानिक सोच को बढ़ाती है।

विज्ञान प्रदर्शनियां महत्वपूर्ण हैं, इससे जहां विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है वहीं उनकी वैज्ञानिक सोच भी पैदा होती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य भीमराज बिष्ट ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन विरेंद्र रावत द्वारा किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक भौतिक विज्ञान विभाग के प्रवक्ता सुनील नौटियाल, किरन भट्ट, रिया बहुगुण, पुरुषोत्तम गैरोला, कृष्ण किशोर भंडारी, तेजपाल नेगी, सुरेंद्र बमराड़ा, मुकेश नेगी, सच्चिदानंद, आरती, सिमरन सहित आदि मौजूद थे।

# मतगणना की तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

■ मतगणना स्थल की सुरक्षा, व्यवस्था और पारदर्शिता को लेकर जिलाधिकारी सतर्क
हर चरण की वीडियोग्राफी और कड़ी निगरानी के बीच निष्पक्ष मतगणना की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के अंतर्गत चंबा ब्लॉक में 31 जुलाई को होने वाली मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी खंडेलवाल ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उनका यह दौरा मतगणना प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न कराने की दिशा में एक अहम कदम रहा।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतगणना कक्षों, स्ट्रॉन्ग रूम, सुरक्षा व्यवस्था और कार्मिकों की तैनाती का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना कार्य पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जाए। हर स्तर पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतगणना के प्रत्येक चरण की वीडियोग्राफी की जा रही है ताकि संपूर्ण प्रक्रिया का रिकॉर्ड तैयार किया जा सके और पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने तैनात कर्मचारियों से कार्य में पूर्ण निष्ठा, संयम और सत्यनिष्ठा बनाए रखने की अपील की, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक टिहरी आयुष अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, रिटर्निंग ऑफिसर जातेश सैनी, चंबा के खंड विकास अधिकारी शाकिब हुसैन समेत अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे। संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी और दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और प्रतिबद्ध नजर आया।

## एक नजर .......

### स्कॉलर्स एकेडमी के दो छात्रों ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीते मैडल

**कोटद्वार ।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में आयोजित ताइक्वांडो चौंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में स्कॉलर्स एकेडमी के विद्यार्थी अर्निश चमोली पुत्र यतीश चमोली ने गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय में आयोजित समारोह में दोनों छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राहुल वर्मा ने बताया कि मुजफ्फरनगर स्थित शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में नार्थ जोन सीबीएसई क्लस्टर के विद्यालयों की ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें तीस से अधिक विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। विद्यालय की ओर से दो छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें 10वीं कक्षा के छात्र ओजस नेगी, पुत्र विनोद सिंह भी क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे लेकिन 11वीं कक्षा के विद्यार्थी अर्निश ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रदर्शन पर स्कूल की प्रधानाचार्या एकता रावत सहित समस्त विद्यालय परिवार ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

### नशा मुक्ति विषय पर किया गया गोष्ठी का आयोजन

**कोटद्वार ।** ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से बालासौड़ स्थित कार्यालय में नशा मुक्ति विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने नशे को सामाजिक बुराई बताते हुए युवाओं से इससे दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी सत्यप्रकाश थपलियाल ने कहा कि आज के समय में युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है। इसको रोकने के लिए हम सभी को संगठित होकर प्रयास करना होगा। विशिष्ट अतिथि सेनि. कैप्टेन पीएल खंतवाल ने कहा कि नशा तस्करों के लिए युवा साफ्ट टारगेट बने हुए हैं। पुलिस की कार्रवाई के बाद भी नशा तस्कर तस्करी के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं। प्रकाश कोठारी ने कहा कि नशा अपराध की पहली सीढ़ी है। नशे की गिरफ्त में आकर कोई भी अपने ही घर में चोरी करने से नहीं हिचकता। इसलिए हमें इस बुराई के प्रति एकजुट होकर जनजागरूकता अभियान चलाना होगा। मंच अध्यक्ष प्रवेश नवानी ने कहा कि नशे जैसी बुराई को समाप्त करने के लिए हमें शासन प्रशासन का सहयोग भी लेना होगा। अंत में सभी वक्ताओं ने नशीले पदार्थों से होने वाली हानियों के प्रति आम जन को जागरूक करने का संकल्प लिया। गोष्ठी में ललन बुड़ाकोटी, शिव प्रकाश कुकरेती, सुदीप बौंठियाल, डॉ रमाकांत कुकरेती, इंद्रमणि देवरानी, चित्रमणि देवलियाल, सुनील नवानी और जेपी ध्यानी सहित मंच के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### भारत सिंह के परिवार को मुआवजा देने की मांग

**कोटद्वार ।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाबर क्षेत्र के उदयरामपुर निवासी भारत सिंह के परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। कहा कि भारत सिंह को उसके घर के बाहर ही कूड़ा वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिस पर वे घायल हो गए थे। घायलावस्था में उन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। इस संबध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री, प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष व सचिव शहरी विकास मंत्रालय उत्तराखंड शासन को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम के कूड़ा वाहन चालक की लापरवाही के कारण भारत सिंह को अपनी जान गंवानी पड़ी। भारत सिंह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। 25 जुलाई को जब वे अपने घर से काम पर निकल रहे थे, तभी कूड़ा वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। घायलावस्था में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कहा कि मेहनत मजदूरी कर अपना पेट पालने वाला परिवार अब आजीविका के लिए जूझ रहा है। ज्ञापन में मृत व्यक्ति के परिजनों को 10 लाख का मुआवजा देने, परिवार के पात्र परिजन को निगम में नियुक्ति देने और आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है। साथ ही ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में देवेंद्र कुमार नैथन, बलबीर सिंह रावत, भारत सिंह नेगी, लक्ष्मी चौहान, नरेंद्र सिंह नेगी, नईम अहमद, श्रीधर प्रसाद बेदवाल, रोहित रावत, चन्द्र मोहन रावत, योगंबर सिंह नेगी और डा. विनोद नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जिला पंचायत कंडियालगांव से कांग्रेस समर्थित की जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र की पट्टी उपली रमोली स्थित जिला पंचायत कंडियालगांव सीट से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी विजय देवी ने 1751 मतों के भारी अंतर से शानदार जीत दर्ज की है। उन्हें कुल 5257 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा समर्थित प्रत्याशी शुशीला राणा को 3506 मतों पर संतोष करना पड़ा।

यह जीत न केवल राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्रीय जनसमर्थन और विकास की उम्मीदों का स्पष्ट संकेत भी देती है। निर्वाचन परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद विजय देवी ने अपने



समर्थकों के साथ प्रतापनगर मुख्यालय से मांजफ, जखवालगांव और लंबगांव होते हुए कंडियालगांव तक भव्य विजय जुलूस निकाला। इस दौरान रास्तेभर लोगों ने फूल-मालाओं और नारों से उनका स्वागत किया। उन्होंने लोगों से आशीर्वाद लिया और भरोसा दिलाया कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगी।

विजय देवी ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता की जीत है। विजय जुलूस के दौरान क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

जगह-जगह ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया और ग्रामीणों ने जीत की खुशी में एकजुट होकर विजय देवी के प्रति अपना समर्थन और विश्वास प्रकट किया।

इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी कुंवर सिंह पंवार, रविंद्र पंवार, राजीव पंवार, धनपाल पंवार, शीशापाल सिंह, कैलाश कंडियाल समेत सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे। विजय देवी की यह जीत कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए एक नई ऊर्जा लेकर आई है, जिससे आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# छड़ियारा सीट से अरविंद सिंह सजवाण की वापसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण के पुत्र अरविंद सिंह सजवाण ने क्षेत्र पंचायत चुनाव में छड़ियारा सीट से जीत दर्ज कर एक बार फिर अपने राजनीतिक अनुभव और जनसमर्थन का लोहा मनवाया है। यह जीत उनके राजनीतिक पुन: आगमन का संकेत मानी जा रही है, जिसे लेकर समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

गौरतलब है कि अरविंद सिंह सजवाण पहले भी वर्ष 2003 में क्षेत्र पंचायत सदस्य रह चुके हैं, जबकि वर्ष 2008 में उनकी पत्नी कुसुम सजवाण ब्लॉक प्रमुख के पद पर रह चुकी हैं। इस बार पंचुर सीट महिला के लिए आरक्षित हो जाने के कारण उन्होंने छड़ियारा से चुनावी रणभूमि में उतरने का निर्णय लिया, जो उनके लिए सफल सिद्ध हुआ।मतगणना परिणाम आने के बाद उनके समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया और जमकर जश्न मनाया। जगह-जगह ढोल-नगाड़ों की गूंज और विजय घोष के साथ उनका स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्र में उनके ब्लॉक प्रमुख बनने की संभावनाओं को लेकर भी जोरदार नारेबाजी हुई, जिससे साफ है कि समर्थक अब उन्हें अगले स्तर की जिम्मेदारी सौंपने के लिए तैयार हैं।

# सिंगोरी, ग्वाड़ और चौरास सीट पर कांग्रेस का दबदबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** सूबे में सत्ताधारी भाजपा सरकार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे गांव की छोटी सरकारों ने जोरदार झटका दिया है। विकासखंड कीर्तिनगर में जिला पंचायत चार सीटों मे से दो सीटों पर कांग्रेस ने भारी मतों के अंतर से परास्त किया है तो एक सीट पर निर्दलीय ने बाजी मारी है। ग्राम प्रधानों में भी अधिकतर कांग्रेस समर्पित ही विजयी हुए हैं।

वहीं एक सीट पर भाजपा को संतोष करना पड़ा है। वहीं श्रीनगर विधानसभा की सिंगोरी, ग्वाड़ वार्ड और चौरास जिला पंचायत सीट पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर भाजपा को बड़ा झटका दिया है। सिंगोरी वार्ड से कांग्रेस समर्थित चंद्र भान सिंह बिष्ट ने निर्दलीय प्रत्याशी चतर सिंह को 117 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। वहीं ग्वाड़.सीट पर जिला पंचायत सदस्य पद से चुनाव लडे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख रहें संपत सिंह रावत को कांग्रेस प्रत्याशी चौत सिंह ने 941 वोटो से करारी शिकस्त दी है।

वहीं चौरास जिला पंचायत सीट पर कांग्रेस समर्थित निर्मला भंडारी ने भाजपा प्रत्याशी किरन सिलवाल को करारी शिकस्त दी।

# भुत्सी जिला पंचायत सीट पर सीता देवी की वापसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भुत्सी जिला पंचायत सीट पर हुए चुनाव में सीता देवी ने 112 मतों से शानदार जीत दर्ज कर अपने राजनीतिक साहस और संघर्ष का परिचय दिया। यह जीत केवल एक सामान्य निर्वाचन परिणाम नहीं, बल्कि न्याय और जनविश्वास की दोहरी मुहर है।

चुनाव से पहले सीता देवी को एक कठिन दौर से गुजरना पड़ा। उनका नामांकन पहले रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) द्वारा निरस्त कर दिया गया था, जिससे उनके चुनाव लड़ने



पर संकट खड़ा हो गया था। लेकिन सीता देवी ने हार नहीं मानी और हाईकोर्ट की शरण ली। न्यायपालि. का में अपनी बात मजबूती से रखने के बाद कोर्ट ने उनके नामांकन को वैध माना और चुनाव लड़ने की अनुमति दी।

कोर्ट से न्याय मिलने के बाद सीता देवी ने पूरे आत्मविश्वास और जनसमर्थन के साथ चुनावी मैदान में उतरते हुए सरिता देवी को हराया। यह जीत इस बात का प्रमाण है कि अगर किसी के इरादे मजबूत हों और वह सच्चाई के रास्ते पर हो, तो चाहे कितनी भी बाधाएं आएं, उसे सफलता जरूर मिलती है। जनता ने भी न्यायपालिका के फैसले पर भरोसा जताते हुए सीता देवी को मतों से नवाजा।

सीता देवी की जीत भुत्सी क्षेत्र में राजनीतिक रूप से एक नई दिशा का संकेत है। यह परिणाम न सिर्फ एक उम्मीदवार की जीत है, बल्कि एक प्रणाली में विश्वास, संघर्ष की जीत और लोकतंत्र की सुंदरता को भी दर्शाता है।

# ऊखीमठ ब्लॉक में लाज बचाने में नाकाम रहे भाजपा प्रत्याशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ब्लॉक के अन्तर्गत जिला पंचायत त्रियुगीनारायण व ल्वारा वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी जीत दर्ज की है। जिला पंचायत के त्रियुगीनारायण वार्ड पर निर्दलीय प्रत्याशी अमित मैखंडी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी दिवाकर गैरोला को 197 मतों से हराया, जबकि इस वार्ड पर भाजपा अधिकृत प्रत्याशी दिनेश उनियाल छटवें स्थान पर रहे।

जिला पंचायत त्रियुगीनारायण वार्ड पर निर्दलीय प्रत्याशी अमित मैखण्डी ने 1599 मतों के साथ शानदार जीत दर्ज की, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी दिवाकर गैरोला 1402 मत हासिल कर सके। इस







वार्ड पर धर्मेश नौटियाल 708, नितिन जमलोकी 698, उपेन्द्र रमोला 680, दिनेश उनियाल 540, रोबिन रावत 503, जीत सिंह 348, बीरेन्द्र सिंह 153 तथा देव प्रकाश सेमवाल सौ मत हासिल कर सके। जिला पंचायत ल्वारा वार्ड पर निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध बगवाड़ी ने भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सुमन्त तिवारी को 225 मतों से हराया है। इस वार्ड पर निर्दलीय प्रत्याशी सुबोध बगवाड़ी ने 1510 मत हासिल कर जीत दर्ज की है, जबकि उनके प्रतिद्वंदी भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सुमन्त तिवारी ने 1285 मत हासिल किए हैं, जबकि शैलेन्द्र कोटवाल 1244, हुक्म सिंह फर्स्वाण 1231 तथा मनोज ने 125 मत हासिल किए।

विजय प्रत्याशियों ने मुख्य बाजारों मे विजय जुलूस निकालकर जनता का अभिवादन किया जा रहा है।

वहीं जिला पंचायत कालीमठ सीट से निर्दलीय प्रत्याशी सरोज राणा ने ऐतिहासिक जीत की, जबकि परकंडी में भी निर्दलीय प्रत्याशी प्रीती पुष्पवाण ने जीत हासिल की।

# पुलिस ने चरस के साथ युवक किया गिरफ्तार, वाहन सीज

■ 407 ग्राम चरस के साथ तस्कर पकड़ा गया, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज, पुलिस की सतर्कता से नशा तस्करी पर लगा बड़ा विराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** रेगुलर चेकिंग अभियान के तहत चंबा थाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 407 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही चरस तस्करी में प्रयुक्त दोपहिया वाहन को भी जब्त कर सीज कर दिया गया है। यह कार्रवाई क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

थानाध्यक्ष दिलवर नेगी ने बताया कि पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी, उसी दौरान एक युवक दोपहिया वाहन से गुजर रहा था। पुलिस को उसकी गतिविधियों पर संदेह हुआ, जिसके बाद उसे रोका गया और तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से 407 ग्राम चरस बरामद हुई, जो वह कथित रूप से तस्करी के उद्देश्य से ले जा रहा था।आरोपी की पहचान ग्राम बटखेम निवासी सूर्यकांत बेलवाल के रूप में की गई है, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया और न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू की गई।चरस जैसी मादक वस्तु की तस्करी को लेकर पुलिस लगातार सक्रिय है और इस प्रकार की कार्यवाहियां नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दर्शाती हैं। थाना स्तर पर की जा रही ऐसी सघन चेकिंग मुहिमों से न केवल नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है, बल्कि आम जनमानस में भी कानून का भय और जागरूकता बढ़ रही है।

# EWS आवासों के लाभार्थियों का होगा सत्यापनः सीएम

## गलत तरीके से योजना का लाभ लेने व देने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में आवास विभाग की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत

**दोनों मंडलों में एक-एक नया शहर विकसित करने पर जोर**

ई.डब्ल्यू.एस (शहरी) आवासों का लाभ जिन लोगों को दिया गया है, उनका पुनः सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि योजना का लाभ सिर्फ पात्र लोगों को ही मिले। गलत तरीके से योजना का लाभ लेने वाले और देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आगे जो भी आवास आवंटन किए जाएं, यह सुनिश्चित किया जाए कि केवल पात्र लोगों को ही मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अंतर्गत विभिन्न शहरों के मास्टर प्लान के कार्यों में तेजी लाई जाए। मास्टर प्लान के साथ शहरों की धारण क्षमता का आकलन भी किया जाए। नगर क्षेत्रों में जल संरक्षण के साथ ही वृक्षारोपण पर भी ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि शहरी क्षेत्रों में प्राधिकरणों द्वारा पारित नक्शों के अनुरूप ही निर्माण कार्य हों। बिल्डिंग और सोसाइटी निर्माण कार्यों में वाटर हार्वेस्टिंग और ग्रीनरी का भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के लिए सख्ती से कार्य किए जाएं।

आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवासों के नक्शे निर्धारित समयावधि में पास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने राज्य के दोनों मंडलों में एक-एक नए शहर विक. सित किए जाने की दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। इन शहरों को स्प्रिचुअल जोन के साथ क्लब किया जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में आवासीय आवश्यकता का मूल्यांकन करते हुए सभी वर्गों के लिए आवास की मांग का आकलन करने, भविष्य की आवश्यकताओं का अनुमान लगाने एवं उसके अनुरूप ठोस कार्ययोजना विकसित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने शहरों में भूमि का समुचित उपयोग, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का आवश्यकता अनुसार पुनर्विकास करने के भी निर्देश दिए।

### बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए 191 स्थानों पर बनी पार्किंग

**देहरादून।** प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि आवास विकास विभाग 8 गेम चेंजर योजनाओं पर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए 191 स्थानों पर पार्किंग निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें 109 मल्टीलेवल, 10 टनल, 63 सर्फेस और 9 ऑटोमेटेड पार्किंग हैं। 48 पार्किंग के निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि 47 पर कार्य गतिमान है। बैठक में अवस्थापना अनुश्रवण परिषद उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीपीपीजीजी मनोज पंत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सरकारी चिकित्सालयों में होगी आधुनिक सुविधाः डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जिलाधिकारी समय-2 पर सरकारी चिकित्सालयों में औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की धरातल स्थति जां. चने का कार्य कर रहे है। जिलाधिकारी के निर्देशन जिला प्रशासन की कार्यशैली अब त्वरित संज्ञान एवं एक्शन की बन गई है।

जून में जिलाधिकारी ने उप जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय की तर्ज पर आधुनिक टीकाकरण कक्ष कार्य शुरू करने के निर्देश दिए थे, जिसका कार्य पूर्ण हो गया है। अब चिकित्सालय के टीकाकरण कक्ष के विस्तारीकरण साथ ही बच्चों के अनुरूप साज-सज्जा कार्य किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं बच्चों की बैठने की उचित व्यववस्था एवं एसी के साथ ही अलग पंजीकरण कांउटर बनाया गया है। वहीं चिकित्सालय जनमानस की सुविधा के दृष्टिगत दवाई वितरण कांउटर भी बढाए गए हैं। माह जून में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने टीकाकरण कक्ष में भारी भीड़ अव्यवस्था के चलते नारा. जगी जाहिर करते हुए जिला अस्पताल की तर्ज पर ऋषिकेश चिकित्सालय में भी मॉडल टीकाकरण कक्ष, विस्तारीकरण के साथ एयर कडीशन, सीटिंग, बच्चों के मनोरंजन सुविधा की फैसिलिटी विकसित करने के निर्देश दिए थे।

# नशेड़ी महिला ने सुनार की दुकान से चुराई अंगूठियां

**देहरादून।** ।नगर कोतवाली क्षेत्र में नशे की हालत में एक महिला द्वारा सुनार की दुकान से अंगूठी चोरी कर ली।जिसके बाद वहां लोगों का जमावड़ा लग गया और हंगामा प्रदर्शन शुरू हुआ। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की तलाशी ली तो उसके कब्जे से दो अंगूठियां बरामद हुई। चोरी की घटना के बाद दुकान ने महिला के विरूद्ध प्रार्थना पत्र देने से इंकार किया ।व्यापार मंडल धामावाला ने पुलिस को सूचना दी थी कि झब्बालाल ज्वेलर्स के यहां एक महिला, जो नशे में प्रतीत हो रही है, उस पर दुकान से अंगूठी चोरी का सन्देह है, जिससे दुकान स्वामी द्वारा बात करने का प्रयास किया गया पर नशे में होने के कारण वह कोई बात नहीं मान रही है। उक्त सूचना पर कोतवाली नगर से महिला पुलिस कर्मियों सहित पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। मौके पर उक्त महिला की तलाशी ली गई तो महिला के पास से दो अंगूठियां बरामद हुई, जिस पर दुकान मालिक ज्वेलर्स से इस संदर्भ में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र देने को कहा गया।उक्त महिला के नशे की हालत में दुकान में हंगामा व अभद्रता करने पर मौके पर उपस्थित महिला पुलिस कर्मियों द्वारा उक्त महिला को हिरासत में लेते हुए थाने लाया गया तथा पुलिस अधिनियम के तहत उक्त महिला के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

# बीमार-घायल पशुओं की हो नियमित स्वास्थ्य जांच के निर्देश

## नगर निगम को हिदायत, गोवंश पशुओं की शत प्रतिशत टैंगिग के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जनपद में गौ सदनों के संचालन के लिए गठित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक लेते हुए गोवंश के संरक्षण, भरण पोषण, गोसदन के सुचारू संचालन और नए गोसदनों की स्थापना की जाए।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गौ सदनों में स्थानीय पशु चिकित्सकों के माध्यम से सप्ताह में दो बार अनिवार्य रूप से गोवंश पशुओं का हेड काउंट कराया जाए।



इसके अतिरिक्त पशु कल्याण बोर्ड गौ सदनों का रैंडमली निरीक्षण करें। नगर निगम देहरादून द्वारा पंजीकृत अर्ह गौ सदनों में गोवंश की टैगिंग का कार्य पूर्ण न किए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए है कि नगर निगम अपने गोसदनो में रखे पशुओं की शत प्रतिशत टैंगिग कराते हुए शीघ्र इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, उप नगर आयुक्त संतोष कुमार पांडेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश जोशी, पशु कल्याण बोर्ड की उप निदेशक डॉ उर्वशी सहित अनुश्रवण समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

# मेयर थपलियाल ने किया वर्टिकल गार्डन का उद्घाटन

## नगर आयुक्त नमामि बंसल रहीं मौजूद, एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य किया पूरा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** मेयर सौरभ थपलियाल ने हरित पखवाड़े के समापन का हर्रावाला नगर निगम जोनल कार्यालय में किया । जहां मेयर सौरभ थपलियाल ने निगम द्वारा बनाए गए पहले वर्टिकल गार्डन का उद्घाटन किया।

जिसके बाद मेयर सौरभ थपलियाल और नगर आयुक्त नमामि बंसल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवाह्न पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

इस मौके पर हर्रावाला नगर निगम जोनल अधिकारी/उप नगर आयुक्त गौरव भसीन, क्षेत्रीय पार्षद



एवं नगर निगम जोनल दफ्तर के कर्मचारी मौजूद रहे। मेयर थपलियाल ने बताया 420 वर्ग फुट क्षेत्रफल में 1400 से अधिक डस्टएब्सोरबिंग एवं एयर प्यूरिफाइंग पौधे लगाए गए हैं ,जिससे सीमित क्षेत्रफल में आसानी से घने पौधे विकसित किए जा सकते हैं। नगर निगम ने एक लाख पौधरोपण का लक्ष्य हरेला पर्व से शुरू किया था जो, 16 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न स्थान कुल्हान, डांडा लखौंड ,कारगी, आरकेडिया ,मोथरोवाला,आईटी पार्क, बड़ोवाला आदि जगहों में पौधारोपण कर नगर निगम ने एक लाख पौधों का लक्ष्य पूरा किया । पौधों की देखरेख लगातार की जाएगी ,जिससे भविष्य में इसका लाभ दून वासियों को मिल सकेगा।

# रजत जयंती वर्ष में स्वतंत्रता दिवस का हो भव्य आयोजनः मुख्य सचिव

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में गुरूवार को सचिवालय में स्वतन्त्रता दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुयी। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य व जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन के साथ ही ब्लड डोनेशन कैंप, हाई एल्टीट्यूड साहसिक गतिविधियां, मैराथन, साईकिल, बाईक या कार रैली जैसे विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी की तर्ज पर विषय आधारित रन और वॉक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकते हैं। मुख्य सचिव ने प्रदेशभर के मुख्य शहरों के महत्त्वपूर्ण स्थलों में पुलिस, आर्मी, पैरामिलिट्री और एनसीसी के बैण्ड द्वारा संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी बात कही। कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग को भी संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को इस आयोजन में शामिल करने के लिए आगे आना होगा। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री की और से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सुबह 10 बजे परेड ग्राउंड में ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य सचिव द्वारा सचिवालय में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। देहरादून को छोड़कर अन्य सभी जनपदों के जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रातः 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। देहरादून स्थित सभी सरक. ारी, गैरसरकारी भवनों पर प्रातः 9 बजे विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। महानिदेशक सूचना ने बताया कि प्रदेश मुख्यालयों/जनपद मुख्यालयों के प्रमुख चौराहों पर 14 अगस्त 2025 को सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक और 15 अगस्त को प्रातः 6 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक देशभक्ति के गीत लाउड स्पीकर के माध्यम से बजाए जाएंगे। प्रदेश मुख्यालय पर 14 अगस्त 2025 को कवि सम्मेलन/मुशायरा का आयोजन किया जाएगा। सरकारी भवनों और ऐतिहासिक इमारतों को कम वोल्टेज के एलईडी बल्ब से प्रकाशमान किया जाएगा। समस्त शिक्षण संस्थाओं की और से प्रातः 7 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। बैठक में प्रमुख सचिव एल. फैनई, आर. मीनाक्षी सुन्दरम, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, एडीजी डॉ. वी. मुरूगेशन, सचिव रंजीत कुमार सिन्हा, वी. षणमुगम, नीरज खैरवाल, दीपेन्द्र कुमार चौधरी, विनोद कुमार सुमन, युगल किशोर पंत एवं जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# निर्वाचन अधिकारी ने डोईवाला ब्लॉक में मतगणना का लिया जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना 31 जुलाई को ठीक सुबह 8 बजे शुरू हुई। जनपद देहरादून के सभी ब्लाक मुख्यालयों में बनाए गए मतगणना सेंटर पर ही मतगणना कार्य किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह ने डोईवाला ब्लाक मुख्यालय में मतगणना कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने मतगणना सहायकों को बहुत सावधानी और पूरा समय लेते हुए मतगणना कार्य संपादित करने के



निर्देश दिए। कहा कि मतगणना कार्यो में किसी प्रकार की जल्दबाजी न की जाए। उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर को मतगणना पूरी होने पर निर्वाचित प्रत्याशियों को आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने और निर्वाचित प्रत्याशियों के नाम आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतगणना की समाप्ति के बाद सभी मतपत्रों को सील कर सुरक्षित रखा जाए। इस दौरान उन्होंने काउंटिंग टेबलों का निरीक्षण करते हुए मतगणना कार्यो का जायजा भी लिया।

# पीएम सूर्य घर योजना : देश में 15,76,860 परिवारों को मिला लाभ

## सांसद महेन्द्र भट्ट ने संसद में पूछे सौर ऊर्जा, कैरियर एवं भाषा संबधित सवाल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सदन के माध्यम से पीएम सूर्यघर योजना, राष्ट्रीय कैरियर योजना और भाषा से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे।

सदन में उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लाभान्वित परिवारों की जानकारी मांगते हुए पूछा, क्या योजना का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो को प्राथमिकता के आधार पर प्रदान किया जा रहा है। वहीं सब्सिडी बढ़ाने की प्रस्तावित संरचना की जानकारी भी मांगी। जिसके जवाब में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने बताया कि, पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना की स्थिति के अनुसार, देश भर में कुल 15,76,860 परिवारों को रूफटॉप सौर स्थापना से लाभ मिला है। यह योजना मांग आधारित है, जिसमें देश के सभी आवासीय उपभोक्ता जिनके पास स्थानीय डिस्कॉम से ग्रिड से जुड़ा बिजली कनेक्शन है, वे योजना के राष्ट्रीय पोर्टल पर आवेदन करके योजना का लाभ उठा सकते है।

वहीं श्रम और रोजगार मंत्रालय से राज्य सभा में अतारां. कत प्रश्न संख्या 1376 के तहत उन्होंने राष्ट्रीय कैरियर सेवा परियोजना की जानकारी पूछी। जिसके उत्तर में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा कारान्दलाजे ने बताया कि एनसीएस के अंतर्गत सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं तथा आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी), रोजगार कार्यालयों, सामान्य सेवा केंद्रों, साइबर कैफे आदि के माध्यम से सीधे इन तक पहुंचा जा सकता है। उत्तराखंड में कुल 5 ऐसे केंद्र संचालित है जिसमें अल्मोड़ा, हरिद्वार,उद्यम सिंह नगर, देहरादून रोजगार कार्यालय और गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक सहसपुर शामिल हैं।

### अंग्रेजी के अलावा अरबी भाषा में सबसे अधिक शिक्षार्थी नामांकित

राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने शिक्षा मंत्रालय से विदेशी भाषाएँ सिखाने वाले संस्थान को लेकर पूछा कि अंग्रेजी के अतिरिक्त कौन सी विदेशी भाषा सबसे अधिक पढ़ाई जा रही है। जिसके जवाब में शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. सुकान्त मजूमदार ने कहा, विदेशी भाषाओं में, अंग्रेजी के अतिरिक्त अरबी भाषा वह भाषा है, जिसमें भारत की विभिन्न संस्थाओं में सबसे अधिक संख्या में शिक्षार्थी नामांकित हैं। अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, 87 संस्थाएं अरबी भाषा में कार्यक्रम प्रदान करती हैं।

# सरकार का पूर्व सैनिकों के प्रति असंवेदनशील चेहरा उजागरः कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड की भाजपा सरकार की पूर्व सैनिकों के प्रति असंवेदनशील सोच और रवैये को नैनीताल उच्च न्यायालय ने करारा तमाचा मारा है, यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का।

दसौनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ये जानकारी दी कि नैनीताल हाईकोर्ट ने राज्य के पूर्व सैनिकों को राहत देते हुए सरकारी नौकरी में आरक्षण देने वाले सरकार के शासनादेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट के इस आदेश के बाद अब पूर्व सैनिकों को हर बार आरक्षण मिलेगा। दसौनी ने कहा कि 22 मई



2020 को जारी किया गया वह कुख्यात शासनादेश, जिसमें पूर्व सैनिकों को मिलने वाले 5 प्रतिशत आरक्षण को एक बार के लाभ तक सीमित करने का आदेश दिया गया था, अब न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया है। गरिमा ने कहा कि यह जियो न केवल 1993 के एक्ट का खुला उल्लंघन था, बल्कि यह उन वीरों का अपमान भी था जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। भाजपा की डबल इंजन सरकार की असली मानसिकता एक बार फिर सामने आ गई है। गरिमा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह स्पष्ट करना चाहती है कि पूर्व सैनिकों को एक से अधिक बार आरक्षण का लाभ देना न केवल उनका अधिकार है, बल्कि यह देश के प्रति उनके बलिदान की मान्यता भी है। दसौनी ने हर्ष जताते हुए कहा कि हाईकोर्ट का यह निर्णय भाजपा के सैनिक-विरोधी रवैये पर न्याय का तमाचा है। कांग्रेस प्रवक्ता होने के नाते दसौनी ने भाजपा सरकार से पूछा कि क्या यही है आपका सैनिक सम्मान?

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रमिल ताई के निधन पर जताया शोक

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने राष्ट्र सेविका समिति की चतुर्थ अखिल भारतीय प्रमुख संचालिका प्रमिल ताई के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शोक संदेश में उन्होंने कहा, मातृशक्ति में राष्ट्रभक्ति, सेवा और संगठन के संस्कारों का संचार करने में उनका योगदान अत्यंत प्रेरणादायी और वंदनीय रहा है। राष्ट्र सेविका समिति के कार्य को नए आयाम देने के साथ-साथ उन्होंने नारी सशक्तिकरण एवं महिला सम्मान हेतु समाज में जागरूकता की जो अलख जगाई, वह सदैव स्मरणीय रहेगी। उन्होंने प्रार्थना है कि वे पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा उनके परिजनों और समस्त सेविका परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति दें।

# आगजनी की घटना की जानकारी पर पूनम देवी के घर पहुंचे जोशी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को प्रातः न्यू कैंट रोड, हाथीबड़कला क्षेत्र स्थित निकट पोस्ट ऑफिस के पास 10बी आवास पर पहुंचकर पूनम देवी के घर में आग लगने की घटना का निरीक्षण किया। कैबिनेट मंत्री ने मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों से घटनास्थल की जानकारी लेते हुए आग लगने के कारणों की जानकारी ली।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बीती देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण पूनम देवी के घर में अचानक आग लग गई, जिससे घर में रखा सामान



जलकर नष्ट हो गया। सौभाग्यवश इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। पूनम देवी अपने बच्चों के साथ राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर दर्शन के लिए गई है। कैबिनेट मंत्री ने प्रभावित परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन देते हुए राहत प्रक्रिया में तेजी लाने और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक सतर्कता बरतने का आह्वान किया। इस दौरान स्थानीय पार्षद भूपेंद्र कठैत, मोहन बहुगुणा, रमेश प्रधान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में सहायक : रेणु

## आईसीएफआरई-वन अनुसन्धान संस्थान, देहरादून में वन महोत्सव 2025 का आयोजन

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भारतीय वानिकी अनुसंधान शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) वन अनुसन्धान संस्थान (एफ.आर.आई.), देहराद. ून में वन महोत्सव 2025 हर्षोल्लास एवं पर्यावरणीय प्रतिबद्धता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आईसीएफआरई- वन अनुसन्धान संस्थान की निदेशक रेणु सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. दिनेश कुमार, वैज्ञानिक-'जी' एवं प्रमुख, विस्तार प्रभाग के स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने निदेशक समूह समन्वयक अनुसंधान , वन




अनुसन्धान संस्थान सम विश्वविद्यालय के डीन एवं कुलसचिव, वन अनुसन्धान संस्थान के कुलसचिव, विभागाध्यक्षों, वैज्ञानिकों एवं विभिन्न प्रभागों के कर्मचारियों का स्वागत किया।

अपने संबोधन में निदेशक रेणु सिंह ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने तथा पारिस्थितिक संत. ुलन बहाल करने में सहायक है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल वृक्षारोपण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों की सुखद एवं सतत देखभाल भी अत्यंत आवश्यक है ताकि वे पूर्ण रूप से विकसित हो सकें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से वृक्षों के संरक्षण एवं पालन-पोषण की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। निदेशक रेणु सिंह ने सीता अशोक का पौधा रोपित कर वन महोत्सव 2025 का औपचारिक शुभारंभ किया। इसके बाद सभी उपस्थित वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सीता अशोक एवं अर्जुन के पौधे वन अनुसन्धान संस्थान परिसर में रो. पित किए।

कार्यक्रम का सफल संचालन विस्तार प्रभाग, रेंज कार्यालय एवं केंद्रीय पौधशाला की टीम ने किया । इस आयोजन ने एक बार फिर वन अनुसन्धान संस्थान की पर्यावरण संरक्षण एवं सतत वन प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# डीएम और एसएसपी ने हरकी पौड़ी से मनसा देवी तक किया पैदल निरीक्षण

## अवैध दुकानों, वाहन पार्किंग और झूलते तारों को हटाने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने अधिकारियों के साथ हरकी पैड़ी, मनसा देवी, अपर रोड पर किए गए अतिक्रमण का स्थलीय निरीक्षण किया तथा सड़क किनारे बनी नालियों के ऊपर लगी दुकानों को तत्काल नगर निगम एवं पुलिस को हटाने को निर्देश दिए। डीएम और एसएसपी ने यातायात बाधित ना हो, इसके लिए सड़क के किनारे नालियों के ऊपर किसी भी तरह से अतिक्रमण नही होने के निर्देश दिए। हरकी पैड़ी के पास सुभाष घाट एवं नाई सोता घाट पर पार्क किए जा रहे दो पहिया वाहनों को हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने हरकी पैड़ी क्षेत्र में संचालित अवैध रूप से संचालित हो रही दुकानों को भी तत्काल हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। डीएम मयूर दीक्षित जिन स्थानों पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है। उन स्थानों के भूमि अभिलेखों की जांच करने के दिए निर्देश एसडीएम को दिए। हर की पैड़ी क्षेत्र में पार्क किए जा रहे दो पहिया वाहनों के संबंध में संबंधित व्यापारियों के साथ बैठक करने के निर्देश पुलिस, नगर निगम, एचआरडीए एवं उप जिलाधिकारी को दिए। मनसा देवी मंदिर के दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टिगत मंदिर जाने वाली सभी सीढ़ी मार्ग को बंद करने को निर्देश भी दिए। उन्होंने अपर रोड से मनसा देवी उड़ान खटोला तक मार्ग में दुकानदारों द्वारा लगाई गई त्रिपाल को तत्काल हटाने के दिए निर्देश। झूलते विद्युत तारों को भीं दिए दुरस्त करने के दिए निर्देश।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने कहा कि व्यापारियों द्वारा सड़क किनारे नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाया



जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो दुकानें अवैध रूप से संचालित हो रही हैं। ऐसी दुकानों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार हटाने की कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर आयुक्त नंदन सिंह, एसपी सिटी पंकज गैरोला, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार सिंह, अपर मेलाधिकारी कुंभ दयानंद सरस्वती, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, सीओ सिटी शिशुपाल नेगी, सीओ यातायात एसपी बलूनी, एसएचओ हरिद्वार रितेश शाह, हरकी पैड़ी चौकी इंचार्ज संजीत कंडारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# नगर कोतवाली पुलिस ने दबोचे 27 कालनेमी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऑपरेशन कालनेमी के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए नगर कोतवाली पुलिस ने 27 फर्जी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा धर्मों के बहरुपियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। बृहष्पतिवार को नगर कोतवाली पुलिस ने शहर में ऑपरेशन कालनेमी के तहत अभियान चलाते हुए सीसीआर चौक व हरकी पैड़ी क्षेत्र से बाबाओं के भेष मे तन्त्र-मन्त्र, जादू टोना आदि कला दिखाकर



स्थानीय व्यक्तियों एवं यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित कर कर रहे 27 फर्जी बाबाओं को दबोच लिया। सभी के खिलाफ बीएनएस की धारा 172 (2) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भगत सिंह चौक ओर रेल पुलिया के नीचे हुए जलभराव से परेशान हुए लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बृहस्पतिवार सवेरे और दोपहर बाद हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। लेकिन जलभराव के चलते दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। खासतौर पर जलभराव के लिए कुख्यात हो चुके भगत सिंह चौक और समीप ही रेल पुलिया के नीचे बरसाती पानी भरने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी। भेल और ज्वालापुर की और जाने वाले लोगों को पुराना रानीपुर मोड़ होते हुए लंबा चक्कर काटना पड़ा। भगत सिंह चौक के अलावा बिल्केश्वर मंदिर मार्ग पर रेल पुलिया के नीचे बरसाती पानी के साथ सिल्ट आने से वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी



उठानी पड़ी। उत्तरी हरिद्वार, ज्वालापुर, कनखल में भी कई स्थानों पर हुए जलभराव से लोग परेशान हुए।

# सत्येंद्र रोहिल्ला बने भाकियू डब्ल्यू एफ के राष्ट्रीय सचिव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन (डब्लयू एफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा व उनकी टीम ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा पोक्सो अधिनियम-39 के अनुसार डा. मनु शिवपुरी को सह सदस्य नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं दी और सत्येंद्र रोहिल्ला को राष्ट्रीय सचिव का दायित्व सौपा गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमनाथ शर्मा ने कहा कि युवा साथ आएंगे तो संगठन और मजबूत होगा। सत्येंद्र रोहिल्ला ने कहा कि आज का युवा समझ चुका है कि देश को हरित क्रांति की अति आवश्यकता है तभी खेत और पर्यावरण बच सकता है। उन्होंने कहा कि संगठन की और हरिद्वार में जल्द ही एक बड़ा कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पवन चौहान, प्रियव्रत, आदित्य मलिक, मधुर मोहन शर्मा, संजीव बालियान, अर्क शर्मा, दिव्यांश शर्मा, एडवोकेट पुनीत कंसल, नीतीश रेहान सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिव ही सृष्टि के संहारक और पुनर्जन्म के दाता : कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि शिव आराधना से भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति होती है। श्री दक्षिण काली मंदिर में आयोजित सावन पर्यन्त चलने वाली विशेष शिव आराधना के दौरान स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि शिव ही सृष्टि के संहारक और पुनर्जन्म के दाता हैं। शिव तत्व जिसे अनादि, अनंत और अखण्ड माना जाता है। सृष्टि के हर कण में व्याप्त है। शांति व सौम्यता के प्रतीक दयालु और औघड़दानी भगवान शिव अपने भक्तों में किसी प्रकार का भेद नहीं करते और सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। स्वामी कैलाशानंद ने कहा कि सावन का महीना, महाशिवरात्रि और सोमवार का व्रत शिव आराधना के लिए विशेष फलदायी हैं।

# महिला के कान की बालियां झपटने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना कनखल क्षेत्रांर्गत कृष्णानगर नहर के पास मंदिर से घर लौट रही महिला के कान की सोने बालियां झपटकर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कर उसके कब्जे बालियां बरामद कर ली हैं। आरोपी सिर मुंडाकर पहचान छिपाकर बचने का प्रयास कर रहा था। 23 जुलाई की शाम कृष्णा नगर कनखल निवासी रमेश कुमार की पत्नी शीतल मंदिर से घर लौट रही थी। इसी दौरान कृष्णा नगर नहर के पास पीछे से आए युवक ने उनके कान में पहनी सोने की बालियां झपट कर फरार हो गया था। रमेश कुमार ने पुलिस को घटना की सूचना देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद कनखल थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने जांच पड़ताल करते हुए सीसीटीवी फुटेज



एवं मुखबिर की सूचना पर हिमांशु पुत्र सुशील कुमार निवासी फूलगढ़ थाना पथरी को जगजीतपुर पथरी रोड से लूटी गई सोने की बालियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी हिमांशु ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने घटना के बाद सिर का मुंडन करा लिया था। पुलिस टीम में एसआई मनदीप सिंह, कांस्टेबल सतेन्द्र सिंह, उमेद सिंह शामिल रहे।

# हरीश रावत ने की कांग्रेस नेता रविश भटिजा के सेव वाटर मिशन में भागीदारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस नेता रविश भटिजा पिछले दस वर्ष से मिशन सेव वाटर चला रहे हैं। बृहष्पतिवार को उनके अभियान में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी शामिल हुए और जल संरक्षण की अपील की। सुभाष घाट और हरकी पैड़ी पर रविश भटिजा के साथ अभियान में भागीदारी करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि पानी जीवन के लिए महत्वपूर्ण तत्व है। भविष्य के लिए जल बचाना बहुत जरूरी है। इसलिए पानी को बर्बाद न होने दें। पानी की बर्बादी रोकने के लिए विभागों के साथ आमजन को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। हरीश रावत ने कहा कि पानी की बर्बादी रोकने में जल संरक्षक के रूप रविश भटिजा महत्वपूर्ण योगदान कर रहे



हैं। सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। रविश भटिजा ने बताया कि जहां भी नलों की टोंटी गायब होने और लीकेज की सूचना मिलती है। तुरंत मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करते हैं। बड़ी लीकेज की सूचना संबंधित विभाग को देकर समाधान कराते हैं। रविश भटिजा ने कहा कि जल की बर्बादी नहीं होनी चाहिए। मनुष्य का जीवन जल पर निर्भर है। सभी को जागरूक रहकर जल संरक्षण में योगदान करना चाहिए। अभियान में सुमित शर्मा, कपिल शर्मा, रविंद्र नेगी भी शामिल हुए।

# पतंजलि विवि में दो दिवसीस स्वर्णशलाका प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय तृतीय राष्ट्रीय स्वर्णशलाका प्रतियोगिता का शुभारंभ योगगुरू स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण व अतिथीयों ने दीप प्रज्वलित कर किया। दो दिवसीय शास्त्रार्थ प्रतियोगिता में दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, असम, झारखंड, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक समेत देश के कई राज्यां से आए 141 प्रतिभागियों सहित प्रतिष्ठित संस्कृत विद्वानों एवं शास्त्रज्ञों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अष्टाध्यायी, श्रीमद्भगवद्गीता, नवोपनिषद, चाणक्यनीति, हठयोगप्रदीपिका, अष्टावक्रगीता, अष्टांगहृदयम्, बृहदारण्यक-छान्दोग्योपनिषद, योगदर्शन, ईश-केनोपनिषद जैसे शास्त्रों पर गहन वाक्यार्थ और शास्त्रार्थ प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि शास्त्र और सनातन परंपरा मनुष्य के नेतृत्व विकास और जीवन की दिशा निर्धारण में सहायक हैं। प्रतियोगिता को आध्यात्मिक पुनर्चिंतन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए स्वामी रामदेव ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय, आचार्यकुलम और भारतीय शिक्षा बोर्ड मिलकर यह सिद्ध कर रहे हैं कि शास्त्र केवल



गुरुकुलों की परंपरा तक सीमित नहीं है, यह समाज के लिए मार्गदर्शक शक्ति है।

पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि शास्त्र श्रवण से पुण्य की प्राप्ति होती है और आत्मिक बल का संचार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से सनातन परंपरा के अनुकरण का आग्रह करते हुए इसे मानविक विकास और समाज की समृद्धि का पथ बताया। उन्होंने कहा कि तृतीय राष्ट्रीय स्वर्णशलाका प्रतियोगिता ने ज्ञान, संवाद और आध्यात्मिक चेतना की एक नई धारा प्रवाहित की, जो भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी। प्रतियोगिता में प्रो.दिनेश चंद्र शास्त्री, आचार्य भवेंद्र, प्रो.ब्रजभूषण ओझा, प्रो.भोला झा, प्रो. मनोहरलाल आर्य, प्रो.विजयपाल प्रचेता, प्रो.बलवीर आचार्य, प्रो.मुरली कृष्णा, प्रो.शिवानी, प्रो. मधुकेश्वर भट्ट, डा.एनपी सिंह, डा.साध्वी देवप्रिया प्रो.मयंक कुमार अग्रवाल, डा.ऋतंभरा, बहन आशु, बहन पारुल, ब्रिगेडियर टीएस मल्होत्रा, प्रो.केएनएस यादव, डा.अनुराग वार्ष्णेय, डा.वेदप्रिया आर्या, डा.अनिल कुमार, डा.जयदीप आर्या, डा.राकेश मित्तल, डा.स्वाति, साध्वी देवमयी, स्वामी परमार्थदेव, स्वामी आर्षदेव, आदि और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। शुक्रवार को प्रतियोगिता के समापन समारोह में शास्त्रार्थ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर पारितोषिक प्रदान किए जाएंगे।

# पत्रकार पर लगे ब्लैकमेलिंग के आरोपों और पुलिस कार्रवाई पर जिला प्रेस क्लब ने उठाए सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला प्रेस क्लब ने पत्रकार पर ब्लैकमेलिंग के आरोप लगने के बाद पुलिस कार्यवाही पर सवालिया निशान लगाते हुए मुख्यमंत्री से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही जल्द से जल्द पत्रकार आयोग का गठन करने की मांग भी की है। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राकेश वालिया ने कहा कि पत्रकारों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर आवाज उठाने वाले पत्रकारों को प्रताड़ित करने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जिसमें पत्रकारों के साथ मारपीट, झूठे आरोप लगाकर कूटरचित तरीके से मुकदमों में फसाकर उनकी छवि को धूमिल करने जैसे कार्य आए दिन किए जा रहे हैं। पत्रकार विकास खरे की आनन फानन में की गयी गिरफ्तारी की निंदा करते हुए राकेश वालिया ने कहा कि एक नेशनल चौनल के पत्रकार पर जिस तरह से तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेजने की तैयारी कर दी गई। उससे पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को पहले पूरे मामले की जांच करनी चाहिए थी। इसके बाद गिरफ्तारी जैसा कदम उठाना चाहिए था। महामंत्री अनिल बिष्ट ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व और भ्रष्ट अधिकारी अपने कारनामों को छुपाने के लिए पत्रकारों के अधिकारों का हनन करते हुए उन पर आरोप प्रत्यारोप लगाने का काम कर रहे हैं। जिससे उनके द्वारा किए गए कृत्य समाज और शासन प्रशासन के सामने ना आ सके। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले पहले भी घटित हो चुके हैं। जिसमें पत्रकारों के ऊपर कई गंभीर आरोप लगाए गए और जब उन आरोपों की निष्पक्ष जांच की गई तो मामला



कुछ और ही निकला। ऐसे में पत्रकारों के हित की रक्षा को लेकर पत्रकार सुरक्षा आयोग का गठन होना बेहद जरूरी है। जिससे किसी भी पत्रकार पर बिना दोष सिद्ध हुए किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही ना हो। बैठक में केशव चौहान, सनोज कश्यप, मुमताज आलम खान, मोहन राजा, मोहम्मद नदीम, मनोज कश्यप, नौशाद अली, गणेश भट्ट, मनव्वर कुरैशी, रोहित वर्मा, राजू, कमल शर्मा, अशोक पांडे, अवधेश, दीपक झा, नरेश कुमार मित्तल, विजय प्रजापति, सागर कुमार, सरविंदर कुमार, सद्दाम हुसैन, जीशान मलिक, रितेश तिवारी, कुणाल शर्मा सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

# गांजे की तस्करी करते तीन दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर पुलिस ने गांजे के तस्करी करते दो महिला सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आरेपियों के पास से 7 किलो 915 ग्राम गांजा बरामद किया है। कोतवाली रानीपुर प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि एएसआई रीना कुंवर शर्मा टीम के साथ संदिग्ध ों की चौकिंग कर रही थी। इस दौरान भेल फाउंड्री गेट से बैरियर नं. 5 पार करने पर विष्णुलोक कॉलोनी के पास जंगल की ओर से तीन संदिग्ध सड़क की ओर आते दिखे। पुलिस का वाहन देखकर तीनों भागने लगे। लेकिन पुलिस ने पीछाकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पुछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नसीमा उर्फ मामी, सकीला निवासीगण विष्णुलोक कॉलोनी तथा मुस्ताक निवासी बवना जेजे कॉलोनी दिल्ली, हाल निवासी विष्णुलोक कॉलोनी बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

# ऑपरेशन कालनेमि : 5 ठोंगी बाबाओं को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल आदेशनुसार ऑपरेशन कालनेमी अभियान के अंतर्गत 5 बहरूपिये फर्जी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। ये सभी बाबा भेष में तंत्र-मंत्र और जादू-टोना दिखाकर लोगों को आकर्षित कर रहे थे, जिससे क्षेत्र में भीड़ एकत्र हो रही थी और तनाव की स्थिति बन रही थी। पुलिस के अनुसार बुधवार को ऑपरेशन कालनेमि अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में तथाकथित बाबा जादू टोना-टोटका की गतिविधियों में संलिप्त बाबाओ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये बहरूपिये बाबाओ से स्थानीय लोगों की भावनाएं आहत हो सकती थीं और कोई अप्रिय घटना घट सकती थी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए पुलिस ने मौके पर मौजूद पांच श्बेहरुपी बाबाओंश को हिरासत में लिया और थाने लाया गया। पूछताछ में अपना नाम अशोक गिरी पुत्र रामानन्द निवासी सुकरासा, जोनी पुत्र बोघिमाथ, निटठन पुत्र मामनाथ, अर्जुन पुत्र कल्पिनाथ, राहुल नाथ पुत्र राकेश नाथ निवासी सपेरा बस्ती घोसीपुरा पथरी। सभी को न्यायालय में पेश किया गया। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया कि 'ऑपरेशन कालनेमि' के अंतर्गत क्षेत्र से पांच बहरूपिये बाबाओ को गिरफ्तार किया है। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वह ऐसे ढोंगी बाबाओं से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने क्षेत्र में हो रही बाइक चोरी की घटना को लेकर एक सर्च ऑपरेशन चलाया। जिसमें मुखबिर की सूचना पर एक युवको को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार 28 जुलाई को मांगेराम पुत्र मोहरसिंह निवासी झिवरेडी ने तहरीर देकर बताया किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सुभाषगढ़ से मेरी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर क्षेत्र में हो रही बाइक चोरी की घटनाओं को लेकर एक सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। जिसमें सीसीटीवी फुटेज एव मुखबिर की खास सूचना पर शिवगढ़ तिराहा पुल के पास से एक युवक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम अभिषेक उर्फ पीटर पुत्र सुरेश ने बताया अपने साथी भोला पुत्र महिपाल निवासी ताशीपुर के साथ मिलकर बाइक चोरी करते थे। पुलिस ने पीटर की निशानदेही पर चोरी की तीन और बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। फरार आरपी भोला की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

पथरी थाना अध्यक्ष मनोज नोटियाल ने बताया एक युवक को चोरी की चार बाइक सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष कर जेल भेजा जा रहा है। फरार आरोपी की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही हैं।

# आरोपी को गिरफ्तार कर अपहृत नाबालिगा को सकुशल बरामद किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। किशोरी की माँ की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस के अनुसार एक युवक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा कर अपने साथ ले गया था। किशोरी की माँ की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू की लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग पाया था। किशोरी की बरामदगी के लिए पथरी थानाध्यक्ष ने उपनिक्षक प्रियंका नेगी व अजय कुमार, काव रजनी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र की मदद से एक हफ्ते के अन्दर नाबालिग किशोरी व अपहरणकर्ता युवक को बुक्कनपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में केस दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। वही उपनिक्षक प्रियंका नेगी ने बताया एक युवक 27 जुलाई को एक नाबालिग किशोरी का अपहरण कर अपने साथ ले गया था नाबालिग किशोरी को मुखबिर तंत्र की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी नितिन पुत्र सुभाष निवासी चंदपुरी थाना खानपुर को गिरफ्तार किया है। नाबालिग किशोरी को बरमाद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।



एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया किशोरी को बहलाफुसला कर ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। वही आरोपी नितिन के खिलाफ संबंधित धारों में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

## श्री रामानंदीय वैष्णव मंडल के संयोजन में

# संत समाज ने धूमधाम से मनाई तुलसी जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री रामानंदीय श्री वैष्णव मंडल के संयोजन में तुलसी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर संत समाज ने बैण्ड बाजों के साथ श्रवणनाथ नगर स्थित श्री रामानंद आश्रम से तुलसी चौक तक शोभायात्रा निकाली और तुलसी चौक स्थित गोस्वामी तुलसीदास के विग्रह की पूजा अर्चना की। शोभायात्रा के उपरांत आश्रम में संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें संत महापुरूषों ने श्रद्धालुओं को गोस्वामी तुलसीदास के कृतित्व से अवगत कराया। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि समाज को रामचरित्र मानव जैसा अद्भूत ग्रंथ भेंट करने वाले गोस्वामी तुलसीदास परम रामभक्त थे। श्रीमहंत विष्णुदास एवं महंत प्रेमदास ने कहा कि तुलसीदास महान ज्ञान कवि और भगवान राम के अनन्य भक्त थे। रामचरित्र मानस सहित उनकी सभी रचनाएं समाज को प्रेरणा देती है। महंत नवलकिशोर दास व बाबा हठयोगी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने प्रभु श्रीराम की भक्ति का वर्णन करते हुए धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। महंत रामलखन दास ने फूलमाला पहनाकर सभी संतों को स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महंत विष्णुदास, महंत बाबा हठयोगी, महंत रघुवीर दास, महंत नवलकिशोर दास, महंत दुर्गादास, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, महंत प्रेमदास, महंत प्रमोद दास, महंत बिहारी शरण, महंत राम स्नेही, महंत प्रह्लाद दास, महंत दयाराम दास, महंत जयराम दास, महंत रामलखन दास, स्वामी दिनेश दास सहित कई संत महंत मौजूद रहे।


**ज्वालापुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति लि0,**

पत्रांक - मैमों दिनांक 31.07.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ज्वालापुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति लि0 विकासखण्ड बहादराबाद के द्वारा अपनी दो दुकानों को धरोहर राशि के साथ मासिक किराये पर दिया जाना है अत: इच्छुक व्यक्ति दिनांक 07.08.2025 सायं 5:00 बजे तक स्पीड पोस्ट (रजिस्टर्ड डाक) के माध्यम से अपना आवेदन समिति कार्यालय क्रय-विक्रय समिति लि0 ज्वालापुर में जमा करा सकते है। जिससे कि दिनांक 08.08.2025 को प्रात: 11 बजे दुकानों की खुली बोली की जा सके। निर्धारित समय उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही बिना आवेदन किये खुली बोली में प्रतिभाग करने की अनुमति होगी। दुकान नं0-08, 09 की धरोहर राशि मु0 9.00 लाख रु0 न्यूनतम से शुरू की जाएगी और मासिक किराया 2500.00 रू0 होगा। नियम व शर्ते समिति की मान्य होगी, नियम शर्तो हेतु समिति कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक सचिव
ज्वालापुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति लि0,
विकासखण्ड-बहादराबाद, हरिद्वार।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ**
**डी.एस. वर्मा**
मो.: 9411100741
**संतोष कुमार**
मो.: 9760287392

# केदारनाथ यात्रा दूसरे दिन भी रही बंद, जंगलों से निकाले गए यात्री

**■ गौरीकुंड शटल पार्किंग और मनकुटिया मंदिर के बीच हो रहा भूस्खलन, केदारनाथ धाम में दो दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित, गौरीकुंड में फंसे सभी तीर्थयात्रियों को भेजा गया सोनप्रयाग,**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की यात्रा दूसरे दिन भी बंद रही। रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे के सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच मलबा और बोल्डर आने से आवाजाही पूर्ण रूप से बंद पड़ी हुई है, जबकि पैदल मार्ग के मुनकटिया में भी लगातार भूस्खलन हो रहा है, जिस कारण तीर्थयात्रियों की परेशानियां बढ़ती ही जा रही हैं। राजमार्ग को खुलने में कितना समय लगेगा, यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। एनएच विभाग की मशीने राजमार्ग को दुरूस्त करने में जुटी हुई हैं, जबकि गौरीकुंड में फंसे सभी तीर्थयात्रियों को जंगलों के रास्ते निकालकर सोनप्रयाग पहुंचा दिया गया है। सोनप्रयाग में बैरियर लगाकर किसी भी तीर्थयात्री को केदारनाथ की ओर नहीं भेजा जा रहा है।

पहाड़ों में मानसूनी बारिश के साथ ही भूस्खलन का दौर जारी है और लगातार बारिश व भूस्खलन होने से परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। बारिश व भूस्खलन का सबसे बुरा असर केदारनाथ धाम की यात्रा पर पड़ रहा है। बृहस्पतिवार को दूसरे दिन भी केदारनाथ धाम की यात्रा पूर्ण रूप से बंद रही, जबकि रेस्क्यू अभियान जारी रहा। केदारनाथ धाम में विद्युत आपूर्ति भी दो दिनों से ठप पड़ी हुई है। गौरीकुंड में फंसे सभी तीर्थ यात्रियों का रेस्क्यू पूर्ण हो चुका है।

रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे के सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच बंद मार्ग को खोलने में अभी समय लग सकता है। राजमार्ग पर लगातार भूस्खलन हो रहा है। केदारनाथ धाम जाने के लिए सोनप्रयाग पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों को वापस भेजा जा रहा है।पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि बीते मंगलवार की सांय गौरीकुण्ड से सोनप्रयाग की तरफ करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी पर पहाड़ी से सड़क पर बोल्डर्स, मलबा, पत्थर आने से सड़क मार्ग व पैदल मार्ग आवागमन को लेकर पूरी तरह से बाधित हो गया था। मार्ग के खुलने तक केदारनाथ धाम से वापस आ रहे यात्रियों को वैकल्पिक पैदल मार्ग तैयार कर सुरक्षा बलों जिला पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आपसी समन्वय के साथ निकाले जाने की कार्यवाही की गयी। गौरीकुंड में फंसे सभी तीर्थयात्री को सुरक्षित उनके गन्तव्य के लिए भेजा गया है। वहीं बाधित चल रहे मार्ग को एनएच विभाग स्तर से खोले जाने की कार्यवाही गतिमान है तथा मार्ग खुलने में अभी समय लग सकता है।

# कांदी और चौकी बरसील में रोमांचक नजारा, पर्ची से खुली किस्मत

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ब्लॉक के ग्राम कांदी और चौकी बरसील में ऐसा रोमांचक नजारा देखने को मिला, जो विरले ही सामने आता है। ग्राम प्रधान पद के लिए हुई वोटिंग में कांदी सीट से दो महिला प्रत्याशियों लक्ष्मी देवी और पूनम देवी के बीच कांटे की टक्कर रही। शुरू से ही मतगणना में दोनों एक-दूसरे को बराबरी की टक्कर देती रही और अंततः ऐसा मोड़ आया, जिसने चुनावी इतिहास में इस मुकाबले को यादगार बना दिया। दरअसल, अंतिम राउंड की मतगणना के बाद यह चौंकाने वाला परिणाम सामने आया कि दोनों उम्मीदवारों को बराबर 168-168 वोट मिले। ऐसे में किसी एक को विजेता घोषित करना संभव नहीं था।



ऐसे मामलों में राज्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार लॉटरी (पर्ची) प्रणाली अपनाई जाती है और इसी प्रक्रिया से अंतिम फैसला किया गया। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन की मौजूदगी में दोनों प्रत्याशियों के नाम की पर्चियां तैयार की गईं और एक पर्ची निकाली गई। किस्मत का साथ लक्ष्मी देवी के साथ था। उनकी पर्ची निकली और उन्हें ग्राम कांदी की नव-निर्वाचित प्रधान घोषित किया गया। लक्ष्मी देवी का चुनाव चिन्ह आइसक्रीम था, जो ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय भी बना रहा। इस अनोखे और निष्पक्ष निर्णय प्रक्रिया ने न सिर्फ लोकतंत्र की खूबसूरती को दर्शाया, बल्कि यह भी दिखाया कि ग्रामीण भारत में भी चुनाव कितने रोमांचक और पारदर्शी हो सकते हैं। अब ग्राम कांदी की जनता को लक्ष्मी देवी से नई उम्मीदें हैं। वहीं पूनम देवी ने भी हार स्वीकारते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पूरा विश्वास जताया।

वहीं दूसरी ओर चौकी बरसील से प्रधान पद प्रत्याशी उर्मिला देवी 102 और विजया देवी को भी 102 मत पड़े। ऐसे में इस सीट पर भी लॉटरी डाली गई, जिसमें उर्मिला देवी प्रधान पद को लेकर विजयी घोषित हुई।

# बाजार रंग बिरंगी राखियों से सजने शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बाजार इन दिनों रंग बिरंगी राखियों से सजने शुरू हो गए हैं। 9 अगस्त को राखी का त्यौहार मनाया जाएगा। फिलहाल बहनें घर से दूर रह रहे भाईयों को राखी भेजने के लिए जमकर खरीददारी करते हुए देखी जा सकती हैं। बाजार में 5 रुपये से लेकर 7 सौ रुपये तक की राखी है। जिसे बजट के अनुसार बहनें अपने भाइयों की कलाई सजाने के लिये ले रही हैं। राखी बाजार में इस बार चाइना की राखियां करीब-करीब नदारद ही हैं। दुकानदार ने बताया कि बाजार में छोटे बच्चों को लुभाने के लिये कार्टून, किड राखी, लाईट राखी, कार्टून राखी, टेडीवियर, रूद्राश राखी, चंदन राखी, ब्रेसलेट राखी दुकान पर उपलब्ध हैं। बताया कि महिलाओं में रूद्राक्ष, ओम, श्री वाली राखी व स्पेशल धागों का ज्यादा क्रेज है। बताया कि राखी त्यौहार से 10 दिल पहले राखियों की बिक्री शुरू हो जाएगी। फिलहाल बाहर रह रहे भाईयों के लिए बहने राखी खरीद रही हैं। महिलाएं एडी अमरेकिन डायमंड राखी ज्यादा पसंद कर रही है।

बाजार में राखी की खरीददारी कर रही अनीता, सुरभि, रेनू व श्रेया ने बताया कि इस त्योहार का उन्हें पूरे साल इंतजार रहता है। भाई-बहनों के प्रेम के इस त्योहार में वह हर साल अपने भाइयों के लिए राखी लेती आ रही हैं। इस साल भी वह इस त्यौहार को भाइयों की राखियां सजाकर यादगार बनाना चाहती हैं।

# झपटामारी की घटना को अंजाम देने वाले दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** थाना क्षेत्र में झपटमारी की घटना को अंजाम देने वाले हिस्ट्रीशीटर सहित 02 शातिर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार। पुलिस ने दोनो आरोपियों के पास से माल बरामद कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया गया। शिकायतकर्ता टिकम सिंह निवासी काण्डोई भरम तहसील चकराता द्वारा थाना आकर शिकायत दर्ज करायी कि 29 जुलाई 2025 की सांय को अमर स्वीट शॉप के पास की गली विकासनगर में 2 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा शिकायतकर्ता से 12 हजार रुपये नगद, वोटर आई0डी0 तथा एक एस0बी0आई0 बैंक का ए0टी0एम0 कार्ड छीन कर फरार हो गये। शिकायत कर्ता की



शिकायत पर थाना विकासनगर में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा -304(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के अनावरण तथा अभियुक्तो की गिरफ्तारी को एक टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर आस-पास तथा आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेजों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संदिग्ध के सम्बन्ध में जानकारियां एकत्रित की। साथ ही पूर्व में इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की वर्तमान स्थिति का भौतिक सत्यापन किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये गये लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप्प चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 31 जुलाई की रात्रि में अमर स्वीट शॉप वाली गली के पीछे स्थित मैदान से आरोपी समीर पुत्र मासूम निवासी मारटंडेल विकासनगर एवं आरोपी आसिफ पुत्र रासीद निवासी मुस्लिम बस्ती विकासनगर जिला देहरादून को मय झपटमारी से प्राप्त किया गया माल सहित गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया आसिफ पर विकासनगर थाने पर विभिन्न धाराओं में 11 मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस टीम में एसआई संदीप कुमार चौकी प्रभारी बाजार कोतवाली विकासनगर, सिपाही रजनीश कुमार व पवन बिष्ट कोतवाली विकासनगर शामिल रहे।

## एक नजर .......

### पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से देसी तमंचा व एक जिंदा कारतूस किया बरामद

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस ने संदिग्ध की तलाशी में एक देसी तमंचा 315 बोर व 1 जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। थाना सेलाकुई से एक पुलिस टीम भारी बरसात के दृष्टिगत सारना नदी के किनारे गस्त कर रही थी दौराने गस्त आरोपी अनुज पुत्र विजय कश्यप निवासी ग्राम पलिया थाना पलियाकलां खीरी जिला लखीमपुरखीरी यूपी हाल निवासी अकबर कालोनी नियर डीबीएस कालेज सेलाकुई के कब्जे से एक अवैध अदद देसी तमंचा .315 बोर व एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद होने पर आरोपी को धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम थाना एसआई भरत सिंह, सिपाही सहसपाल व प्रताप सिंह शामिल रहे।

### प्यूनल क्षेत्र पंचायत सीट पर रोमांचक मुकाबले में युवा नेता परमेश ने मारी बाजी

**चकराता।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ब्लॉक की सबसे हॉट सीट मानी जा रही क्षेत्र पंचायत प्यूनल पर राजनीतिक घमासान देखने को मिला। राजकीय महाविद्यालय त्यूणी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और मात्र 23 वर्षीय युवा प्रत्याशी परमेश रावत ने बड़े उलटफेर में भाजपा के कद्दावर और संभ्रांत परिवार से ताल्लुक रखने वाले प्रत्याशी प्रभाकर जोशी को कड़े मुकाबले में पराजित कर जीत हासिल की। प्रथम गणना में परमेश को दो मतों से विजयी घोषित किया गया, जिस पर भाजपा समर्थकों ने मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जोरदार हंगामा किया और पुनर्गणना की मांग की। प्रशासन द्वारा रिकाउंटिंग कराए जाने के बाद स्थिति और भी रोचक हो गई। अंतिम नतीजों में परमेश रावत ने तीन वोटों से प्रभाकर जोशी को हराकर दोबारा जीत का परचम लहराया। परमेश की यह जीत न केवल छात्र राजनीति से मुख्यधारा में उनके सफल प्रवेश को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्रीय राजनीति में युवाओं की बढ़ती भूमिका और जनता के विश्वास का प्रतीक भी बन गई है। इस चुनावी परिणाम ने यह साफ कर दिया कि नई पीढ़ी अब स्थानीय राजनीति में भी निर्णायक भूमिका निभा रही है।

### सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में तुलसीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में हिंदी साहित्य के महान कवि एवं रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, छत्रपाल सिंह, उर्वशी कुकरेती तथा अन्य छात्र छात्राओं के द्वारा मां सरस्वती व गोस्वामी तुलसीदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं तथा आचर्या उर्वशी कुकरेती ने तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डाला।

# पर्यावरण मानव जीवन के लिए वृक्षारोपण जरूरी: सहदेव

**रुद्रप्रयाग।** हरेला पर्व की समाप्ति के अवसर पर बृहस्पतिवार को जजशिप परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। न्यायालय प्रांगण में जिला जज सहदेव सिंह ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव जीवन के लिये सर्वोच्च जरूरत है। इसे संरक्षित करना बहुत आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अहम पहल है। पर्यावरण से ही मानव-जीवन बनता है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि अपने आस-पास हरियाली बनाये रखने के लिये पेड़-पौधे लगाये जाने चाहिए तथा गंदगी से दूरी बनानी चाहिए।

# प्रदेश में गांव की सरकार के आने लगे नतीजे

## जीत कर आने वाले प्रत्याशी काफी उत्साहित नजर आए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** प्रदेश में गांव की सरकार के नतीजे सामने आने लगे हैं। इसी क्रम में प्रदेश अन्य विकास खण्डों की तरह पछवादून के सहसपुर, विकासनगर, कालसी और चकराता विकास में बनाए गए मतगणना केन्द्रों पर सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हो चुकी है। जहां एक ओर मतगणना केन्द्रों में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रत्याशियों और उनके एजेंटों का जमावड़ा लगा है।

वहीं दूसरी ओर मतगणना केन्द्रों के बाहर उनके समर्थकों की भारी भीड़ लगी है। साथ ही पहले चरण की मतगणना लगभग पूरी होने के बाद



जीत कर आने वाले प्रत्याशी काफी उत्साहित हैं, जिनका कहना है कि उनकी यह जीत गांव के लोगों की जीत है। कहा कि क्षेत्र व गांव के विकास के साथ ही युवाओं व महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी।

सहसपुर अंतर्गत बीडीसी क्षेत्र पंचायत सदस्यों की प्रथम चरण के बाद वर्तमान स्थिति-

'1-धुलकोट-नरेश चंद जोशी-205, रविंद्र सिंह रमोला-141, 2- ढाकी से फिरदौस-265, तरन्नुम परवीन-131, 3-छरबा से पंकज कुमार-217, मेहर सिंह-119, 4-खुशहालपुर से इमराना-125, शाइना-80, 5- कांशवाली कोठरी से धीरज सिंह-321, राकेश कुमार-89, 6- मिसराज पट्टी से बिजेंदर-251, गजेंद्र-45, 7- रामपुर कला- से आमिर जहां-172, जीनत-149, 8-अटैक फॉर्म प्रथम से अर्चना रावत-352, जीत सिंह-58, 9- शंकरपुर द्वितीय से मोहम्मद फरीद-229, अमन चौधरी-86, 10- ठाकुरपुर द्वितीय से मंजू नेगी-175, रुचि-168, 11- राजावाला से सूरज सिंह चौधरी-169, राजेश सती-145, 12- लक्ष्मीपुर गल्फसा-159, आसना मलिक-126, 13- सहसपुर प्रथम से शाहरुख-70, रुबीना-51, 14- भुड्डी द्वितीय से राखी देवी-214, अनीता-146, 15- सुधोवाला से रामेश्वरी देवी-258, भारती देवी-228, 16- करबारी ग्रांट से अभिषेक चौधरी-257, प्रकाश थपलियाल-46, 17- कंडोली से श्रीमती राजमती-348, श्रीमती श्यामा देवी-184 ने जीत दर्ज की। समाचार लिखे जाने तक मतगणना जारी थी।

# भक्ति के अद्भुत पर्याय हैं गोस्वामी तुलसीदास : रामविनय

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून :** डीएवी महाविद्यालय के संस्कृत के प्रोफेसर डॉ. रामविनय सिंह ने गोस्वामी तुलसीदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि तुलसीदास भक्ति के अद्भुत पर्याय हैं, जिन्होंने राम भक्ति को जन-जन तक पहुंचाया।

डॉ. सिंह गुरुवार को गोस्वामी तुलसीदास की 528वीं जयंती पर ब्राह्मण समाज उत्थान परिषद की ओर से ईसी रोड स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

डॉ. सिंह ने कहा कि तुलसीदास ने अपना सारा जीवन प्रभू श्रीराम की भक्ति में समर्पित कर दिया। वे सगुण रामभक्ति के प्रमुख स्तंभ माने जाते हैं।

इनके अतिरिक्त पूर्व महापौर देहरादून सुनील उनियाल गामा, कैंट विधायक सविता कपूर, रायपुर विधायक उमेश शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल, नरसिंह कृपा धाम देहरादून के संस्थापक आचार्य शशिकांत दुबे, चौतन्य गॉड मठ के प्रसन्न त्यागी आदि ने तुलसीदास जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता पंडित सुभाष चंद्र जोशी एवं संचालन उमा नरेश तिवारी ने किया।

इस अवसर पर समारोह में नगर के ब्राह्मण संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी और समाजसेवियों आदि को रुद्राक्ष माला अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजधानी देहरादून के ब्राह्मण संगठनों ने और ब्राह्मणों ने बढ़ख्रचढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। समारोह में मुख्य रूप से एस पी पाठक, अशोक मिश्रा, श्यामबाबू पाण्डेय, दिवाकांत दूबे, जयकरण मिश्रा, डॉ. वी.डी.शर्मा, विकास पोरवाल, शर्मीला देवी, रेनू रतूड़ी, विशाल गुप्ता, आचार्य विपिन जोशी, पंडित विजेंद्र ममगई, पंडित रामप्रसाद गौतम, अरुण शर्मा, शशि शर्मा, अवनीश कांत शर्मा, राज. कुमार तिवारी, पवन त्रिपाठी, आलोक पांडे, बबलू पांडे, मनमोहन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पर्यावरण माह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द अल्टस इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण जागरूकता माह के रूप में मनाया गया। जिसके अंतर्गत पूरे महीने भर, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रकृति के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रमों में अनुपयोगी वस्तुओं से बनी कलात्मक वस्तुओं की प्रतियोगिता, पोस्टर बनाना, और स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता शामिल थीं साथ ही साथ छात्रों ने अपनी रचनात्मकता प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जो कि हमारे ग्रह की रक्षा के बारे में महत्वपूर्ण संदेश देते थे। पर्यावरण माह का समापन पौधारोपण अभियान द्वारा किया गया। जिसमें स्कूल प्रशासन, छात्र तथा शिक्षकों ने एक साथ मिलकर नीम, अशोक, गुलमोहर, पीपल के पेड़ तथा गुलाब, कनेर, तुलसी द्वारा विद्यालय परिसर में हरियाली लगाई गई। कार्यक्रम में निदेशक विजयनगर, प्रबंधक हर्ष नागर, प्रधानाचार्या अनु गुप्ता व अमित सिंह, पूर्वा रावत, गीता भाटिया, नेहा गुप्ता, हरीश चमोली तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने पौधरोपण किया।

# हर व्यवस्था दुरुस्त, हर चरण की हुई वीडियोग्राफी

**■ नरेंद्रनगर में मतगणना तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण, जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए सख्त निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के तहत नरेंद्रनगर विकासखंड कार्यालय, फकोट में स्थापित मतगणना स्थल का जिला निर्वाचन अधिकारी नितिका खंडेलवाल ने गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मतगणना प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतगणना कक्षों, स्ट्रॉन्ग रूम, सुरक्षा प्रबंधों और कर्मचारियों की तैनाती का गहन अवलोकन किया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मतगणना के हर चरण की वीडियोग्राफी की जा रही है ताकि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जा सके। निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया गया है और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कार्मिकों से अपील की कि वे पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता और सजगता के साथ कार्य करें ताकि मतगणना प्रक्रिया निर्विघ्न और निष्कलंक रूप से पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव के बाद मतगणना भी उतनी ही संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसमें प्रशासनिक सख्ती और सजगता आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान टिहरी के पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल, रिटर्निंग ऑफिसर विजय देवराड़ी, डॉक्टर डी के शर्मा, पुलिस विभाग से संजय मिश्रा, खंड विकास अधिकारी श्रुति वत्स समेत अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। संपूर्ण प्रशासनिक तंत्र चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने को लेकर पूरी तरह सक्रिय और सतर्क नजर आया।

# जिलाधिकारी ने किया मतगणना केंद्रों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पंचायत चुनाव मतगणना प्रक्रिया का जायजा लेने को लेकर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत प्रतीक जैन ने केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पाई गई। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से मतगणना होने पर निर्वाचित प्रत्याशियों में उत्साह देखने को मिला। सभी सफल एवं असफल प्रत्याशियों ने जिला प्रशासन एवं जिलाधिकारी प्रतीक



जैन का शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया के सफल संचालन को लेकर आभार प्रकट किया।

जिला प्रशासन ने मतगणना को लेकर समुचित सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी, जिससे संपूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपंन हुई।

# कंडारा, भीरी, चोपता, सिल्ला जिला पंचायत सीट से भाजपा को मिली हार

**■ मतगणना को लेकर सुबह से ही केन्द्रों में जुटनी शुरू हो गई थी भीड़, मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर नहीं होने से मीडिया कर्मियों में दिखा आक्रोश,**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मतगणना को लेकर बृहस्पतिवार प्रातः से ही अगस्त्यमुनि खेल मैदान में प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ लगनी प्रारम्भ हो गई थी। प्रशासन ने इस बार प्रत्याशियों के एजेंटों के लिए बालिका इण्टर कालेज की ओर से गेट बनाया था, जिससे सारी भीड़ बालिका विद्यालय के गेट पर ही रही। इससे केदारनाथ हाईवे पर जाम भी लगता रहा। प्रातः आठ बजे से मतगणना प्रारम्भ हुई।

सबसे पहले कण्डारा वार्ड से मतगणना प्रारम्भ हुई और लगभग पौने नौ बजे पहला परिणाम प्रधान पद का आया। हालांकि आरओ ने विधिवत घोषणा लगभग 11 बजे के आसपास की। इससे मीडियाकर्मियों में भारी रोष रहा। मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर न होने से मीडियाकर्मी चुनाव परिणाम के लिए एजेंटों की ढूंढ करते रहे। जिला पंचायत कंडारा वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी अजयवीर भण्डारी ने भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सुमन नेगी को 352 मतों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। भीरी वार्ड से भी निर्दलीय प्रत्याशी किरन देवी ने जीत दर्ज की। इसके अलावा जिला पंचायत सतेरा सीट से भाजपा प्रत्याशी गंभीर बिष्ट को जीत मिली, जबकि चोपता सीट पर निर्दलीय संपंन नेगी ने जीत हासिल की। सिल्ला बामण गांव सीट से विजय विमला देवी ने जीत हासिल की।

क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर भणजग्वाड़ से लक्ष्मी प्रसाद ने 226 मतों से जीत दर्ज की। किणजाणी सीट पर सुनीता देवी ने 396 मतो से जीत दर्ज की। क्यूंजा सीट से राजनारायण ने 62 मतों से, कण्डारा सीट से अरविन्द ने 65 मतों से, जलई सुरसाल से निर्मला देवी ने 155 मतों से, कान्दी से युद्धवीर सिंह ने 153 मतों से, फेगू से संजू देवी ने 65 मतों से, डांगी से साहिरा बेगम ने 187 मतों से जीत दर्ज की। नैली से अजय कुमार ने निवर्तमान प्रमुख विजया देवी को 491 मतों से हराया। क्यार्क बरसूड़ी से पवन चन्द्र ने 5 मतों से बष्टी से रश्मि देवी ने 3 मतों से जीत दर्ज की। सिल्लाबामण गांव से गायत्री देवी, तोन्दला से मंगला देवी, जगोठ से भुवनेश्वरी देवी, भौंसाल से सत्येन्द्र लाल, स्वांरी ग्वांस से मंजू देवी विजयी रही। प्रधान पद पर क्यार्क बरसूड़ी से गीता देवी, डूंगर भटवाड़ी से प्रेमनाथ सिंह, दोला से विकास सिंह, गबनी गांव से अंजू नौटियाल, कण्डारा से अंजू देवी, मोली से योगम्बर सिंह, भीरी से दलवीर सिंह, जलई सुरसाल से हिना देवी, कोन्था से रजनी देवी, क्यूंजा से विनोद लाल, बाड़व मल्ला से अंजना देवी, किणजाणी से अनुराधा देवी, कान्दी से लक्ष्मी देवी, अखोड़ी से आशीष सिंह, भणजग्वाड़ से बबीता देवी, केड़ा मल्ला से प्रवीणा देवी, कणसिली से दीपक चन्द्र, तिनसोली से विनोद कुमार, बरम्वाड़ी से मनीषा देवी, तालजामण से दीनानाथ, सेना गढ़सारी से शौका देवी, डमार टेमरिया से शशि देवी, जौला से दीपा देवी, बष्टी से आकांक्षा भट्ट, सिनघाटा से रामेश्वर गिरी, वीरों देवल से विशेश्वरी देवी, नागजगई से सुमन देवी, नैनी पौंडार से नीतू सिंह, फेगू से पूजा देवी, डालसिंगी से हरीश लाल, पाली से शर्मिला, नैली से मनोज प्रसाद, डांगी से श्याम लाल, फलई से प्रकाश चन्द्र, सिल्लाबामण गांव से लता चन्द, तोन्दला से मीरा देवी, पिल्लू से राखी देवी, कलाकोट से जसपाल सिंह, गिंवाला से रेणू देवी, कमसाल से उर्मिला देवी, मालखी से सन्दीप सिंह विजयी रहे। वहीं जिले के प्रवेश द्वार खांकरा क्षेत्र पंचायत सीट से मंजू देवी ने जीत दर्ज की है।

# बड़े उलटफेर का साक्षी रहा इस बार पंचायत चुनाव

## सियासत के प्रमुख चेहरों ने अप्रत्याशित रूप से दर्ज कराई जीत, कई बड़े चेहरे चारों खाने चित

### 'गांव की सरकार' का पुर्नगठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दो चरण में हुए मतदान के बाद गुरुवार सुबह आठ बजे से मतगणना हुई। हल्द्वानी विकासखंड की सबसे हाट जिला पंचायत सदस्य सीट रामड़ी आनसिंह (पनियाली) में सबसे बड़ा उलेटफेर हुआ। यहां निर्दलीय प्रत्याशी डा. छवि कांडपाल बोरा ने भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी बेला तोलिया को 2380 मतों के अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की। वहीं गौलापार के चोरगलिया आमखेड़ा सीट से लीला देवी ने भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी अनीता बेलवाल को 3895 मतों के अंतर से पराजित किया। रामपुर रोड स्थित एचएन इंटर कालेज में गुरुवार सुबह आठ बजे से हल्द्वानी विकासखंड की प्रधान, बीडीसी, ग्राम पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतों की गणना प्रारंभ हुई। सबसे पहले प्रधानों की मतगणना हुई। ग्राम लाखनमंडी से ज्योति चौसाली पहले ही र्निविरोध निर्वाचित हो गई थी। नयागांव कटान से गजेंद्र प्रसाद, खनवाल कटान से पूनम, चोरगलिया आमखेड़ा से गीता देवी, सीतापुर से सोनिया प्रीत राय, बसंतपुर से सुनीता बर्गली (निर्विरोध), किशनपुर रैक्वाल से तारा सिंह, सुंदरपुर रैक्वाल से उमा रैक्वाल, लछमपुर से तनुजा पांडे, जगतपुर से यशवंत कार्की, कुंवरपुर से चित्रा बिष्ट, देवला तल्ला से बालम सिंह, नवाडखेड़ा से राजू, देवला मल्ला से बची सिंह, खेड़ा से यमुना सनवाल (निर्विरोध), पनियाली से कपिल सिंह देवका, बजुनिया हल्दू से दिनेश चंद्र, रामड़ी आनसिंह से गीता, पीपलपोखरा से विनोद सिंह (निर्विरोध), बचीनगर नंबर 1 से हरेंद्र सिंह, कमलुवागांजा मेहता से मनीष चंद्र, गुजरौड़ा से ऋतु जोशी, चौसला से पूजा, जयपुर पाडली से हेम चंद्र, नाथुपुर पाडली से रेखा आर्य (निर्विरोध), लामाचौड़ खास से परमजीत कौर, रामपुर लामाचौड़ से महेश चंद्र प्रधान निर्वाचित हुई।

इसके उपरांत क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए मतगणना हुई। हल्द्वानी ब्लाक से का परिणाम आया। लाखनमंडी बीडीसी सीट से मनमोहन गड़कोटी विजयी रहे। चोरगलिया आमखेड़ा से इंद्रजीत सिंह, बसंतपुर से गीता कुाल, सुंदरपुर रैक्वाल से गंगा देवी, लछमपुर से दीपक सुनौरी, कुंवरपुर से रेखा नगरकोटी, देवला मल्ला से अनीता देवी, खेड़ा से जीवन चंद्र, खनवाल कटान से गीतिका, जगतपुर से विक्रम बर्गली, हरिपुर जमनसिंह से भूपेंद्र सिंह (निर्विरोध), बजूनिया हल्दू से राधा सुयाल, रामड़ी आनसिंह से नीता बिष्ट, बचीनगर से मीना पांडे







सबसे पहले लाखनमंडी बीडीसी सीट बीडीसी निर्वाचित हुई। देर रात खबर लिखे जाने तक मतों की गणना जारी रही।

## मेयर के घर पहुंचीं छवि, हलचल तेज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 'पंचायत' वेबसीरीज़ आपने ज़रूर देखी होगी। उसमें ग्राम प्रधानी के चुनाव में प्रधान मंजू देवी चुनाव हार जाती हैं, हालांकि उनके चुनाव हारने की उम्मीद चलचित्र की पटकथा में किसी को नहीं थी। लेकिन मंजू देवी को भूषण की पत्नी क्रांति देवी चुनाव मैदान में अप्रत्याशित रूप से शिकस्त दे देती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ है त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कुमाऊं की सबसे हॉट सीट मानी जा रही हल्द्वानी ब्लॉक की 21-रामणी आनसिंह जिला पंचायत सदस्य सीट पर। निवर्तमान जिला पंचायत बेला तोलिया यहां से बुरी तरह से चुनाव हारी हैं और डा. छवि कांडपाल बोरा ने जीत का परचम लहरा दिया। बेला तोलिया चुनाव हार जाएंगी ऐसा मुमकिन नहीं लग रहा था। मगर इस सीट पर भाजपा तीन खेमों में तब बंट गयी थी जब यहां से भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता प्रमोद बोरा ने अपनी पत्नी छवि कांडपाल को बेला के सामने प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतार दिया। इसके लिए प्रमोद बोरा को भाजपा की ओर से अनुशासनात्मक कार्यवाही का भी सामना करना पड़ा लेकिन उन्होने इसकी परवाह किए बगैर मैदान में डटे रहना उचित समझा और आज नतीजा सबके सामने है। छवि कांडपाल ने बेला तोलिया को 2380 वोटों के भारी अंतर से चुनाव हराया है। यहां कांटे का मुकाबला था। तीन भाजपा नेताओं की पत्नियां यहां से एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में थीं। लाखन निगल्टिया की पत्नी उमा निगल्टिया, प्रमोद तोलिया की पत्नी बेला तोलिया और प्रमोद बोरा की पत्नी डा. छवि कांडपाल बोरा। इस सीट को लेकर भाजपा पसोपेश में थी। बहरहाल भाजपा ने यहां पर बेला तोलिया के लिए अपना सारा समर्थन न्योछावर कर दिया। कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने खुलकर बेला को समर्थन किया और चुनाव प्रचार की बागडोर खुद संभाली। बेला तोलिया की हार एक तरह से न सिर्फ भाजपा की हार है बल्कि विधायक भगत की साख पर भी इस हार से बट्टा लग गया है। छवि कांडपाल को 9118 वोट पड़े जबकि बेला तोलिया को मात्र 6738 वोटों पर संतोष करना पड़ा और छवि ने बेला को 2380 मतों के भारी अंतर से पराजित कर दिया। मतगणना स्थल पर प्रमोद बोरा के समर्थकों का जोश और उत्साह देखने लायक था। जबकि भाजपा खेमे के चेहरे उतरे हुए थे। हालांकि जीत के बाद छवि और उनके पति प्रमोद ने भाजपा में अपनी आस्था को बरकरार बताया है कि लेकिन इस हकीकत से मुंह नहीं चुराया जा सकता है कि प्रमा.द बोरा ने भाजपा को अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। प्रमोद बोरा की 'छवि' निखरकर सामने आई है और उसने भाजपा को मंथन का मौका भी दे दिया है। वहीं चुनाव परिणामों के बाद हल्द्वानी की राजनीति का एक नया ही रूप देखने को मिला। छवि कांडपाल बोरा चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले महापौर गजराज बिष्ट से मिलने पहुंचीं। जिसने भाजपा की अंदरूनी राजनीति में बहस को जगह दे दी है। छवि को मेयर ने कमल का फूल भेंट किया।



### 'प्रमोद की छवि, प्रमोद की बेला पर भारी पड़ी'

**हल्द्वानी।** रामड़ी आनसिंह (पनियाली) जिला पंचायत सीट में प्रमोद की छवि, प्रमोद की बेला पर आखिरकार भारी पड़ी। भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय ही मैदान में उतरी डा. छवि कांडपाल बोरा ने भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी एवं निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया को 2380 मतों से करारी शिकस्त दी। छवि को 9118 मत हासिल हुए, जबकि बेला को 6738 मत ही प्राप्त हो सके। उमा धपोला निगल्टिया को 2769 और कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी विमला तड़ागी को 1686 मत हासलि हुए। रामड़ी आनसिंह जिला पंचायत सीट शुरू से ही काफी चर्चा में रही। सीट महिला आरक्षित होते ही भाजपा के तीन वरिष्ठ नेताओं ने अपनी पत्नियों के लिए भाजपा अधिकृत के लिए दावेदारी कर दी। भाजपा नेता लाखन निगल्टिया ने अपनी पत्नी उमा धपोला निगल्टिया, प्रमोद तोलिया ने बेला तोलिया और प्रमोद बोरा ने छवि कांडपाल बोरा के लिए पार्टी से टिकट की दावेदारी की, लेकिन पार्टी ने निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया को अपना अधिकृत प्रत्याशी बना दिया।

## दूसरी बार प्रधान चुनीं गईं उमा रैक्वाल



**हल्द्वानी।** ग्राम प्रधाानी में भी मुक.।बले रोचक रहे और लोगों का धयान लगातार आकर्शित करते रहे। गौलापार सुंदरपुर रैक्वाल से ग्राम प्रधान उमा रैक्वाल ने अपना दबदबा बरकरार रखा है। उमा ने अपनी प्रतिद्वंदी दीपा देवी को 140 मतों से करारी शिकस्त दी है। बता दें कि उमा रैक्वाल इस समय भी ग्राम प्रधाान हैं। सुंदरपुर रैक्वाल में उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों पर जनता ने फिर से मुहर लगाई है। अपनी जीत पर उन्होंने सभी क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया और यह जीत उन्होंने क्षेत्र की जनता की जीत बताते हुए कहा कि जनता ने उनपर जो दोबारा भरोसा जताया उस पर वह पूरी तरह खड़ी उतरेंगी और पूर्व में छूटे हुए विकास कार्य को और आगे बढाएंगी। उमा को 654 मत मिले, जबकि दीपा देवी को 514 मत ही मिले। उमा ने 140 मतों से जीतीं।

## गौलापार में भाजपा की अनीता को भी बड़ी हार का सामना करना पड़ा लीला बिष्ट विजयी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऐसा नहीं है कि पंचायत चुनाव के नतीजे सिर्फ कुमाऊं की सबसे हॉट सीट रामणी आनसिंह पर ही अप्रत्याशित रहे हों। गौलापार क्षेत्र से भी चुनाव के नतीजे बिल्कुल चौकाने वाले सामने आए हैं। यहां पर भी भाजपा समर्थित उम्मीदवार मुक.ेश बेलवाल की पत्नी अनीता बेलवाल को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। यहां पर निर्दलीय लीला बिष्ट ने अनीता को 3895 मतों के बड़े अंतर से चुनाव हरा दिया। लीला बिष्ट गौलापार के संघर्षशील युवा नेता अर्जुन बिष्ट की पत्नी हैं, जो पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रहे हैं। लीला बिष्ट भी पूर्व प्रधान रही हैं।

गौलापार क्षेत्र की चोरगलिया आमखेड़ा जिला पंचायत सीट से चुनावी मैदान में उतरी निर्दलीय प्रत्याशी लीला बिष्ट ने बड़ा राजनी.तिक उलटफेर करते हुए भाजपा समर्थित प्रत्याशी अनीता बेलवाल को भारी मतों से पराजित कर दिया है। लीला बिष्ट की यह जीत न सिर्फ भाजपा के लिए बड़ा झटका है, बल्कि क्षेत्र की राजनीति में बदलाव का संकेत भी दे रही है। चुनाव परिणाम घोषित होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जीत के बाद लीला बिष्ट ने अपने बयान में कहा कि यह जीत क्षेत्र की जनता की जीत है।

### 'भारत को जानो' प्रतियोगिता आयोजित

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद द्वारा भारत को जानो सामान्य ज्ञान लिखित प्रतियोगिता कराई गयी। जिसमें 6500 बच्चों ने भाग लिया। शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन पूरे देश में किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपने देश, संस्कृति और समसामयिक विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। प्रतियोगिता में 30 मिनट की लिखित परीक्षा दी जाती है, जिसमें धर्म, संस्कृति, इतिहास, राजनीति, भूगोल, खेल, साहित्य, विज्ञान और समसामयिक विषयों पर आधारित प्रश्न होते हैं।


**MAHATMA GANDHI CENTRAL UNIVERSITY**
[A Central University established by an Act of Parliament]
Dr. Ambedkar Administrative Building, Motihari, East Champaran-845401, Bihar
Email: osdadmin@mgcub.ac.in | Website: www.mgcub.ac.in

**RECRUITMENT NOTICE FOR STATUTORY POSITIONS**

Online Applications for the posts of First Finance Officer and Controller of Examinations invited from eligible candidates to be filled up on regular/deputation/contract basis. For more details, please visit University Website **(www.mgcub.ac.in).** **Last Date for submission of Online Application is 5th August 2025.**

cbc 21336/12/0001/2526



**कार्यालय नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)**

पत्रांक:- 2241/प्रशा0अनु0/निविदा/सार्व0कार्य0/2024-25 दिनांक: 31/07/2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटद्वार की बोर्ड बैठक दिनांक 25.04.2025 में प्रस्ताव सं0 19 के अनुसार-सार्वजनिक आयोजनों तथा कार्यक्रमों हेतु वार्षिक दर अथवा संविदा अथवा निविदाओं के माध्यम से व्यवस्थायें किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। जिसके क्रम में नगर निगम कोटद्वार में होने वाले विभिन्न सार्वजनिक समारोह / कार्यक्रमों हेतु आवश्यकतानुसार 06 कार्यो / वर्गो में विभाजित किया गया है, जैसे:- 1-टैन्ट की व्यवस्था, 2-डेकोरेशन, 3-ध्वनि यंत्र, 4-फोटोग्राफर, 5-प्रिंटिंग एवं 6-भोजन व्यवस्था। जिसमें फर्म द्वारा पृथक-पृथक अथवा संयुक्त रुप से भी प्रतिभाग किया जा सकता है। जिस हेतु नगर निगम कोटद्वार के फर्म/एजेन्सी/संस्था से निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 18.08.2025 तक आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 19.08.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष समय सांय 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते किसी भी कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा को अस्वीकृत/स्वीकृत करने का अधिकार मा0 महापौर / नगर आयुक्त नगर निगम कण्वनगरी के पास सुरक्षित होगा।

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**

**नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**



**पावर ट्रॅांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (परियोजना मुख्यालय भुगतान इकाई), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002 दूरभाष नं0 0135-2760628
Email:- ee_phqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **27.08.2025** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यो का अनुभव प्रमाणपत्र रखते है व इनकमटैक्स/जी.एस.टी./ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **25.08.2025** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00+18% जी.एस.टी० अर्थात् रू० 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो General Manager Project, Office PTCUL, Dehradun के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-11/2025-26:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में Printer Cartridges उपलब्ध करवाने का कार्य।

2) **T-12/2025-26:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में साफ-सफाई से सम्बन्धित सफाई का सामान उपलब्ध करवाने का कार्य।

3) **T-13/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन परिसर के L.H.S के स्टोर में रैक्स स्थापित करवाने का कार्य ।

4) **T-14/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय विद्युत भवन बिल्डिंग में 01 नं0 LED T.V/Display क्रय कर स्थापित करवाने का कार्य।

5) **T-15/2025-26:** पिटकुल परियोजना मुख्यालय के अधीनस्थ परियोजना कार्यालयों में Tag-File की आपूर्ति का कार्य।

पत्रांक: 1456/मु0भु0इ0/पिटकुल/
दिनांक: 31.07.2025

**अधिशासी अभियन्ता (प0मु0भु0इ0)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"



**पावर ट्रॅांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
अधिशासी अभियन्ता (जानपद मुख्यालय), कार्यालय विद्युत भवन, नजदीक आई०एस०बी०टी० क्रासिंग, सहारनपुर रोड, माजरा, देहरादून-248002 दूरभाष नं0 0135-2532772 मो0नं0 7088112452
email:- hqpu@ptcul.org

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक **25.08.2025** को 14.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट द्वारा आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के सम्मुख खोली जायेगी। प्रतिष्ठित निविदादाता जो सम्बन्धित कार्यो का अनुभव प्रमाण पत्र रखते है व इनकमटैक्स/जी.एस.टी./ई.पी.एफ. में रजिस्टर्ड है, के द्वारा निविदा प्रपत्र दिनांक **23.08.2025** तक किसी भी कार्य दिवस में अनुरोध पत्र के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 100.00+18% जी.एस.टी० अर्थात् रु० 118.00 (प्रतिदेय) का किसी भी राष्ट्रीय बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो Executive Engineer, HQPU, PTCUL के पक्ष में देय हो, जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि रू० 3,000.00 हैं।

1) **T-11/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" बिल्डिंग के भूतल पर स्थापित प्रसाधन कक्ष में मरम्मत एवं अनुरक्षण का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य।

2) **T-12/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन बिल्डिंग में विभिन्न तलों पर ACP Sheet स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य।

3) **T-13/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" के भूतल पर स्थापित पिछले दरवाजे पर Toughnned Glass स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य।

4) **T-14/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" में स्थापित S.T.P Plant में openwell Submersible Pump की आपूर्ति एवं स्थापित करवाने का कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य।

5) **T-15/2025-26:** पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" परिसर में पौध रोपण एवं Lawn की देखरेख सम्बन्धी अनुरक्षण कार्य एवं अन्य जानपद सम्बन्धित अनुरक्षण कार्य।

पत्रांक: 1455/मु0भु0इ0/पिटकुल/
दिनांक: 31/07/2025

**अधिशासी अभियन्ता, जानपद (मु०)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"



**सूचना**

यह कि मेरे आर्मी नम्बर **4095470M**, रेंक नायक कुलवीर सिंह के सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश माता का नाम **Jamnotri devi (जमनोत्री देवी)** गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरी माता का सही नाम **Jamotri devi (जमोत्री देवी)** है। भविष्य में मेरी माता को सही नाम **Jamotri devi (जमोत्री देवी)** से जाना पहचाना जाए।

आर्मी नम्बर **4095470M**,
**नायक कुलवीर सिंह** पुत्र
श्री बचन सिंह रावत
निवासी-फरसाड़ी, पो0ओ0-फरसाडी, तहसील-बीरोखाल,
जिला- पौड़ी गढ़वाल
पिनकोड - 246275.



**न्यायालयः न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, टिहरी गढ़वाल।**

वाद संख्या-46 सन-2025
प्रदीप जोशी
**बनाम**
मनीषा

**प्रेषिती-** श्रीमती मनीषा पत्नी श्री प्रदीप जोशी पुत्री श्री चेतन ममगाई निवासी ग्राम सोनी, पट्टी कड़ाकोट, तहसील कीर्तिनगर, जिला टिहरी गढ़वाल।

प्रदीप जोशी पुत्र भगवती प्रसाद जोशी ने आप के विरूद्ध 25 समान नागरिक संहिता के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 12-08-2025 को दिन में 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए हाजिर होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं हाजिर हों। न्यायालय में आपकी उपस्थिति के लिए जो दिन नियत किया गया है, वह काउंसलिंग के लिए, वाद के अन्तिम निपटारे के लिए तथा दावे का उत्तर देने के लिए नियत दिन है, इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है, और यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इरा न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 24-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**आज्ञा से**
**प्रबन्धक/रीडर**
**कुटुम्ब न्यायालय**
**टिहरी गढ़वाल**



केनरा बैंक भारत सरकार का उपक्रम | Canara Bank A Government of India Undertaking | सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा
ए-27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली-110016
ईमेल: **cb3038@canarabank.com**

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है कैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। **प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com/** (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),. (सम्पर्क नं. **8291220220**, ईमेल: **Support.BAANKNET@psballiance.com** या केनरा बैंक की वेबसाइट **www.canarabank.com** में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की **10%** ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड **https://baanknet.com/** पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपोइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **मैसर्स केएमसी प्लास्टोकेम प्रोप. नवीन कुमार गुप्ता** प्लॉट नंबर ए-2बी, आईईई (ग्रोथ सेंटर), सिगड्डी कोटद्वार, पौरी गढ़वाल, उत्तराखंड- 246149 **प्रोप. नवीन कुमार गुप्ता** डी-6, अरिहंत विहार, कृष्णा नगर, पी.ओ. गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार, उत्तराखंड-249407 **श्री वैभव गुप्ता (गारंटर)** डी-6, अरिहंत विहार, कृष्णा नगर, पी.ओ. गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार, उत्तराखंड-249407 | स्वामी श्री नवीन गुप्ता पुत्र श्री वेद प्रकाश गुप्ता के माध्यम से मैसर्स केएमसी प्लास्टोकेम के नाम प्लॉट नंबर ए-2बी, आईआईई, सिगड्डी कोटद्वार जिला- पौड़ी गढ़वाल स्थित फैक्ट्री भूमि और भवन, क्षेत्रफल 4089.34 वर्ग मीटर, के पट्टा विलेख का ईएमटी चौहद्दी - उत्तर : प्लॉट नंबर-ए2ए, दक्षिण : 24 मीटर चौड़ी रोड, पूर्व : खाली भूमि, पश्चिम : 12 मीटर चौड़ी रोड (सम्पत्ति बैंक के भौतिक कब्जे में है) | रूपये 9,09,56,711.84 दिनांक 31.03.2021 तक साथ ही 01.04.2021 की अतिरिक्त ब्याज दर, साथ ही व्यय, अन्य शुल्क आदि, वसूली घटाकर यदि कोई हो तो | a. ₹.2,32,00,000/- b. ₹.23,20,000/- c. ₹.1,00,000/- d. 29.07.2025 | **20.08.2025** अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / **19.08.2025** अपराह्न 05.00 बजे तक | किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11.00 से सांय 4.00 बजे के बीच श्री दीक्षांत सरकार (अधिकारी) मो. 9667732023 श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी) मो. 8826933887 |
| 2 | **मैसर्स सनी इलेक्ट्रॉनिक्स प्रॉप. पप्पू कुमार पुत्र सोरन सिंह** 580 ब्रह्मपुरी निरंजनपुर देहरादून 248001 **श्री पप्पू कुमार पुत्र सोरन सिंह** 580 ब्रह्मपुरी, निरंजनपुर, देहरादून 248001 **मैसर्स प्रमिला पत्नी पप्पू कुमार** 580 ब्रह्मपुरी, निरंजनपुर, देहरादून 248001 | मौजा बरहमावाला, परगना सेंट्रल दून, देहरादून में स्थित खसरा नंबर 235 (पुराना खसरा नंबर 32) क्षेत्रफल 900 वर्ग फीट या 83.643 वर्ग मीटर भूमि पर निर्माणाधीन सम्पूर्ण आवासीय सम्पत्ति चौहद्दी - पूर्व : श्री अर्जुन की भूमि भुजा माप 30 फीट, पश्चिम : श्रीमती कमला शर्मा की भूमि, भुजा माप 30 फीट, उत्तर : 20 फीट चौड़ी रोड, भुजा माप 30 फीट, दक्षिण : श्रीमती कमला शर्मा की भूमि, भुजा माप 30 फीट (संपत्ति बैंक के सांकेतिक कब्जे में है) | रु. 41,37,873.80 प्लस आगे टीओडी, ब्याज और अन्य व्यय @18.15% और 30.04.2024 से देय अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय, वसूली घटाकर यदि कोई हो | a.₹.44,10,000/- b. ₹.4,41,000/- c. ₹.50,000/- d. 24.07.2025 | **20.08.2025** अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / **19.08.2025** अपराह्न 05.00 बजे तक | किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11.00 से सांय 4.00 बजे के बीच श्री सिद्धार्थ शुक्ला मो. 9928875879 श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी) मो. 8826933887 |
| 3 | **मैसर्स एसआरएल ट्रेडर्स सी/ओ पवन कुमार सिंह** वनखंडी नाथ नगर, चुकटी देवरिया, रुद्रपुर रोड किच्छा, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड और **श्री पवन कुमार सिंह (मालिक/उधारकर्ता) पुत्र श्री रोशन लाल,** वनखंडी नाथ नगर, चुकटी देवरिया, रुद्रपुर रोड किच्छा, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड | श्री पवन कुमार सिंह पुत्र श्री रोशन लाल के नाम ग्राम जयनगर, तहसील रूद्रपुर उधमसिंह नगर में खुली भूमि खतौनी नंबर 00065, खसरा नंबर 230, परिमाप 74.35 वर्ग मीटर चौहद्दी - पूर्व : 30 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम : अन्य व्यक्ति की सम्पत्ति, उत्तर : पंकज कुमार की सम्पत्ति, दक्षिण : कंचन सिंह की सम्पत्ति, स्वामित्व धारक का नाम : श्री कुंवर पाल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री रामजी लाल | रूपये 99,68,006.76 दिनांक 08.11.2022 तक, साथ ही 09.11.2022 से उस पर अतिरिक्त ब्याज और अन्य कानूनी शुल्क, मूल्यांकन शुल्क और विविध शुल्क तथा वसूली घटाकर यदि कोई हो तो | a. ₹.7,00,000/- b. ₹.70,000/- c. ₹.10,000/- d. 24.07.2025 | **20.08.2025** अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / **19.08.2025** अपराह्न 05.00 बजे तक | किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11.00 से सांय 4.00 बजे के बीच श्री सिद्धार्थ शुक्ला मो. 9928875879 श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी) मो. 8826933887 |
| 4 | **मैसर्स कुँवर पाल सिंह एंड कंपनी प्रोप. श्री कुँवर पाल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री रामजी लाल** निवासी ग्राम सधौला, पोस्ट मकदूमपुर, परगना मंगलौर, तहसील-रुड़की, जिला हरिद्वार-247656 **श्री कुँवर पाल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री रामजी लाल निवासी** ग्राम सधौला, पोस्ट मकदूमपुर, परगना मंगलौर, तहसीलः रुड़की, जिला हरिद्वार-247656 | ग्राम सधौला, पोस्ट मकदूमपुर, परगना मंगलौर, तहसील रुड़की, जिला हरिद्वार-247656 स्थित सम्पूर्ण आवासीय सम्पत्ति का ईएमटी, कुल भूमि क्षेत्रफल परिमाप 158.92 वर्ग मीटर अर्थात 1710.00 वर्ग फीट। चौहद्दी - पूर्व : तीरपाल का मकान, पश्चिम : राजवीर सिंह का मकान, उत्तर : सुरेशपाल का मकान, दक्षिण : कुंवरपाल का मकान और रास्ता 10' (सम्पत्ति बैंक के भौतिक कब्जे में है) | रूपये. 39,95,782.71 दिनांक 27.08.2020 तक प्लस 01.08.2020 से प्रभावी ब्याज प्लस व्यय वसूली 27.08.2020 के बाद | a.₹.6,50,000/- b. ₹.65,000/- c. ₹.10,000/- d. 24.07.2025 | **20.08.2025** अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / **19.08.2025** अपराह्न 05.00 बजे तक | किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11.00 से सांय 4.00 बजे के बीच श्री सिद्धार्थ शुक्ला मो. 9928875879 श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी) मो. 8826933887 |

दिनांक: 31.07.2025, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## फोर्टिस-गंभीर विवाद

# कोच को पिच देखने का पूरा अधिकार है: गिल

● **हम सभी ने इतना क्रिकेट खेला है कोच और कप्तान समेत कई बार हम पिच पर गए है , समझ नहीं आता इतना हंगामा किस बात का था**

**लंदन, वार्ता।** मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम को ओवल में सरे के मुख्य ग्राउंड्समैन ली फोर्टिस द्वारा पिच को करीब से देखने से रोकने को भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अनावश्यक करार दिया।

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और फ़ोर्टिस के बीच तब नोकझोंक हुई जब वे मुख्य स्क्वायर के आसपास भीड़ और प्रशिक्षण सामग्री होने से चिंतित थे। कथित तौर पर उन्होंने भारतीय टीम को सुझाव दिया कि उन्हें पिच से 2.5 मीटर दूर खड़े होकर पिच देखनी चाहिए। गंभीर को फोर्टिस की ओर उंगली दिखाते और बार-बार यह कहते हुए देखा गया कि वे 'सिर्फ एक ग्राउंड्समैन' हैं।

गिल, जो उस घटना के दौरान मैदान पर मौजूद नहीं थे, ने ओवल में पांचवें टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि कल जो हुआ, मुझे लगा कि वह बिल्कुल गैर-जरूरी था। यह पहली बार नहीं है जब हम विकेट देख रहे थे, हम लगभग दो महीने से वहां हैं। एक कोच को पूरा अधिकार है कि वह पास जाकर विकेट देख सके और मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। मुझे सच में समझ नहीं आ रहा कि क्यूरेटर ने हमें विकेट देखने की इजाजत क्यों नहीं दी। गिल ने कहा कि सीरीज के पिछले चार स्थानों हेडिंग्ले, एजबस्टन, लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड पर किसी भी क्यूरेटर ने भारतीय टीम को पिच या स्क्वायर देखने से नहीं रोका था। गिल ने कहा कि जहां तक मुझे याद है, हमें कभी कोई निर्देश नहीं मिले थे। अगर आप रबर स्पाइक्स पहने हों या नंगे पैर हों, तो आप विकेट को पास से देख सकते हैं। हम इस सीरीज में पहले ही चार मैच खेल चुके हैं, और हमें पिच देखने से किसी ने नहीं रोका। हम सभी ने इतना क्रिकेट खेला है, हम कोच और कप्तान समेत कई बार पिच पर गए हैं, मुझे समझ नहीं आता कि इतना हंगामा किस बात का था। भारत के सीरीज में 2-1 से पिछड़ने के बाद, आखिरी टेस्ट से पहले, गिल से पूछा गया कि क्या जरूरी मैच जीतने के दबाव ने गंभीर की प्रतिक्रिया को उकसाया होगा। गिल ने कहा कि बिल्कुल नहीं, अगर कोई पिच क्यूरेटर आकर हमें विकेट की तरफ देखने के बजाय तीन मीटर पीछे से देखने के लिए कहेगा, तो ऐसा हमारे साथ पहले कभी नहीं हुआ। हम इतने लंबे समय से क्रिकेट खेल रहे हैं और जब तक आप रबर स्पाइक्स पहने हुए हैं या नंगे पैर हैं, आपको विकेट को पास से देखने की इजाजत है। यह कोच और कप्तान का काम है। लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के बाद से टीमों के बीच कई बार तीखी बहस हुई है, इसके बावजूद गिल ने कहा कि इंग्लैंड और भारत के बीच रिश्ते मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनकी टीम ने इन घटनाओं के दौरान जिस तरह का व्यवहार किया, उसका 'कोई अफसोस' नहीं है। उन्होंने कहा, ''रिश्ता बहुत अच्छा है, लेकिन जब आप मैदान पर होते हैं, तो आप अंततः मैच जीतने की कोशिश करते हैं, और दोनों टीमें काफी प्रतिस्पर्धी रही हैं।

---

### संक्षिप्त खेल समाचार

## नागपुर में दिव्या देशमुख का भव्य स्वागत

**नागपुर, वार्ता।** युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, जिन्होंने हाल ही में जॉर्जिया के बटुमी में फिडे महिला विश्व शतरंज कप 2025 का खिताब जीता, का नागपुर में भव्य स्वागत किया गया। समारोह की शुरुआत डा. बाबा साहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई, जहां दिव्या का भव्य स्वागत किया गया। शहर द्वारा अपनी 'शतरंज रानी' का सम्मान किए जाने पर हवाई अड्डा जयकारों, तालियों और पारंपरिक बैंड की धुनों से गूंज उठा। हवाई अड्डे से, एक भव्य अभिनंदन रैली शहर के मध्य की ओर बढ़ी, जिसके मार्ग में लोग पुष्प वर्षा कर रहे थे और तिरंगा लहरा रहे थे। विभिन्न सामाजिक और खेल संगठनों ने दिव्या का स्वागत किया और उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया। दिव्या ने वैश्विक शतरंज मंच पर नागपुर, महाराष्ट्र और भारत का नाम रोशन किया है। नागपुर शहर की सड़कें दिव्या को बधाई देने वाले बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स से सजी हुई थीं।

## अलेक्जेंडरसन ने 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच, एलेक्जेंडरसन ने म्यांमार में 6 से 10 अगस्त तक होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की आज घोषणा की। यंग टाइग्रेसेस को ग्रुप डी में रखा गया है और उनका सामना 6 अगस्त को इंडोनेशिया, 8 अगस्त को तुर्कमेनिस्तान और 10 अगस्त को यांगून के थुवुन्ना स्टेडियम में मेजबान म्यांमार से होगा। ग्रुप विजेता और सभी आठ ग्रुपों में से तीन सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें अगले साल अप्रैल में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

---

# बारिश के कारण दूसरी बार रुका 5वां टेस्ट

### सुदर्शन-नायर नाबाद, भारत 85/3, गिल 21 रन बनाकर रनआउट, गावस्कर का रिकॉर्ड तोडा

**ओवल, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी है। फिलहाल, बारिश के कारण खेल रुका हुआ है। अगर बारिश शुरू नहीं हुई तो रात 9. 15 बजे खेल शुरू होगा। भारतीय टीम ने पहली पारी में 3 विकेट पर 85 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और करुण नायर नाबाद हैं। कप्तान शुभमन गिल 21, केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। गिल को गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। जबकि राहुल को क्रिस वोक्स ने बोल्ड और जायसवाल को एटकिंसन ने पगबाधा आउट किया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में 743 रन बना चुके हैं। वे एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बने हैं। गिल ने सुनील गावस्कर (732 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। जो गावस्कर ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। शुभमन गिल इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान बने हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स (722 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। वे वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने 1966 में बनाया था। बारिश के कारण 80 मिनट देरी से शुरू हुआ दूसरा सेशन साउथ लंदन स्थित द ओवल मैदान पर बारिश के कारण जल्दी लंच कर दिया गया था। करीब एक घंटे 20 मिनट के बाद दूसरे सेशन का खेल शुरू हुआ। इस दौरान ग्राउंड स्टाफ ने कड़ी मेहनत करके मैदान को सुखाया। साउथ लंदन में फिर से बारिश लौट आई है। ऐसे में फिर से खेल रोकना पड़ा है। अहम बात यह कि भारत ने दूसरे सेशन के आधे घंटे में कप्तान गिल का विकेट गंवा दिया है। 28वें ओवर में भारतीय टीम ने तीसरा विकेट गंवा दिया है। यहां भारतीय कप्तान शुभमन गिल 21 रन बनाकर रनआउट हो गए। उन्हें गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। गिल टेस्ट करियर में दूसरी बार रनआउट हुए हैं। इससे पहले वे राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ रनआउट हुए थे। ओवल टेस्ट के दूसरे सेशन का खेल करीब 2 घंटे की देरी से शुरू हुआ।

शाम 5रू23 बजे बारिश के कारण जल्दी लंच का ऐलान कर दिया गया था। 23 ओवर के इस सेशन में इंग्लिश बालर्स का दबदबा रहा। भारतीय ओपनर केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां केएल राहुल 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें क्रिस वोक्स ने बोल्ड कर दिया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल (2 रन) गास एटकिंसन का शिकार बने थे। वे स्ठॅ आउट हुए। 13वें ओवर में जोश टंग की यार्कर बाल खेलने के प्रयास में साई सुदर्शन क्रीज पर गिर गए। टंग ने ओवर की दूसरी बाल पर इनस्विंग यार्कर डाली, जो आफ स्टंप की ओर से रही। बाल ने बल्ले का अंदरूनी किनारा लिया और सुदर्शन के पैड पर लगी। इससे सुदर्शन पिच पर गिर पड़े। इस ओवर के साथ पहले घंटे के खेल का समापन हुआ। ड्रिंक्स ब्रेक तक भारतीय टीम ने एक 36 रन बनाने में एक विकेट गंवाया। केएल राहुल और साई सुदर्शन की जोड़ी नाबाद रही। ओली पोप ने बतौर फील्डिंग कैप्टन 14 रिव्यू लिए हैं। इनमें से पहला रिव्यू सफल रहा है। इससे पहले 12 रिव्यू असफल रहे, जबकि एक अंपायर्स काल पर गया था। भारत ने ओवल टेस्ट की पहली पारी के तीसरे ओवर में विकेट गंवा दिया। यहां ओपनर यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने स्ठॅ किया।

---

# पाकिस्तान वेटरन लीग डब्ल्यूसीएल के फाइनल में

● **भारत ने सेमीफाइनल खेलने से मना कर दिया था, चैंपियनशिप में चौथे नंबर पर रही भारतीय टीम**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रिटायर्ड क्रिकेटर्स के टूर्नामेंट वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में पाकिस्तान फाइनल में पहुंच गया है। डब्ल्यूसीएल ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी। भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला कल बर्मिंघम में खेला जाना था।

इससे पहले भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे, लेकिन अब पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टाप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई है। वहीं, भारत छह टीमों वाले इस टूर्नामेंट में चौथे नंबर पर रहा। टीम को एक मैच में जीत और तीन में हार मिली, जबकि एक मैच बेनतीजा रहा। पाकिस्तान का मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल के विजेता (आस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका) से होगा। डब्ल्यूसीएल बोला- हम जो करते दर्शकों के लिए करते हैं, डब्ल्यूसीएल ने देर रात एक्स पर पोस्ट करके पाकिस्तान के फाइनल में पहुंचने की जानकारी दी। डब्ल्यूसीएल ने एक्स पोस्ट में लिखा कि हम हमेशा खेल की ताकत पर भरोसा करते हैं। हालांकि, जनभावना का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। आखिर हम जो कुछ भी करते हैं, अपने दर्शकों के लिए ही करते हैं। हम भारत चैंपियंस के सेमीफाइनल से हटने के फैसले का सम्मान करते हैं व पाक चैंपियंस की प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी का भी सम्मान करते हैं। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए भारत चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच का मैच रद्द कर दिया गया है। पाकिस्तान चैंपियंस फाइनल में जाएगा। लीग की स्पान्सर कंपनी ईजमाई ट्रिप ने भी बुधवार को ही सेमीफाइनल मैच से हटने का ऐलान किया था।

कंपनी के को-फाउंडर निशांत पिटी ने ग पोस्ट में लिखा था कि हम डब्ल्यूसीएल में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हैं। हालांकि, पाक के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई साधारण मैच नहीं है। आतंकवाद और क्रिकेट साथ साथ नहीं चल सकता। ईजमाई ट्रिप भारत के साथ खड़ा है। हम ऐसे किसी भी आयोजन का समर्थन नहीं कर सकते जो आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करता हो। कुछ चीजें खेल से भी बड़ी होती हैं। देश पहले, व्यापार बाद में।

---

# 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की काकीनाडा में होगी शरुआत

● **महिला जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन -ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** नए प्रारूप के साथ एक अगस्त से 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में शुभारंभ होगा।

यह टूर्नामेंट 12 अगस्त तक चलेगा और इसमें 30 टीमें भाग लेंगी। इसमें नए प्रारुप को लागू किया जायेगा। टूर्नामेंट को डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी में विभाजित किया जाएगा। डिवीजन ए और बी की निचली टीमों को क्रमशः डिवीजन बी और डिवीजन सी में स्थानांतरित किया जाएगा, और डिवीजन बी और डिवीजन सी की शीर्ष दो टीमों को अगले साल हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए और डिवीजन बी में पदोन्नत किया जाएगा। महिला जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं और पूल ए में गत चैंपियन झारखंड, पूल बी में पिछले साल की उपविजेता मध्य प्रदेश और पूल सी में दूसरे उपविजेता हरियाणा शामिल होंगे। इस बीच, डिवीजन बी और डिवीजन सी में वे टीमें शामिल होंगी जो शीर्ष 12 राष्ट्रीय रैंकिंग में नहीं हैं, और अगले साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए रैंकिंग में ऊपर चढ़ने और उच्च डिवीजन में जगह बनाने के लिए स्पर्धा करेंगी।

---

# भारत और इंग्लैंड को विश्व कप में हराना सबसे मुश्किल होगा: कप्तान एलिसा हीली

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भविष्यवाणी की है कि इस साल होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में उनकी टीम के लिए भारत और इंग्लैंड दो ऐसी टीमें होंगी जिन्हें हराना सबसे मुश्किल होगा। हीली ने आज यहां क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रायोजन कार्यक्रम में पत्रकारों से बात की और इस अनुभवी विकेटकीपर ने खुलासा किया कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए सब कुछ सही दिशा में है क्योंकि वे 37 सालों में महिलाओं के 50 ओवरों के विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनने की कोशिश में हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पूर्व कप्तान शेरोन ट्रेड्रिया के नेतृत्व में 1982 और 1988 में लगातार दो विश्व कप जीते थे और सात बार की चैंपियन टीम इस साल



● **ऑस्ट्रेलिया भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट की ट्रॉफी को उठाने का प्रबल दावेदार**

भारत और श्रीलंका में होने वाले इस आयोजन में इस प्रसिद्ध ट्रॉफी को उठाने की प्रबल दावेदारों में से एक के रूप में उतरेगी। लेकिन हीली दुनिया की नंबर 1 वनडे टीम को लेकर कुछ भी हल्के में नहीं ले रही हैं और उन्होंने रैंकिग में अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वियों इंग्लैंड (दूसरे) और भारत (तीसरे) को 30 सितम्बर से शुरू होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए संभावित बाधा के रूप में नामित किया है। हीली ने कहा कि मैं अभी इंग्लैंड को पूरी तरह से खारिज नहीं करूंगी , मुझे लगता है कि वे लोटी (शार्लोट एडवर्ड्स) के नेतृत्व में अपनी लय हासिल कर लेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से भारत घरेलू परिस्थितियों में खेल रहा है, उसे हराना वाकई मुश्किल होगा। हीली पिछले साल आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में लगी पैर की चोट से वापसी के करीब पहुंच रही हैं और प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी के लिए भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए की आगामी घरेलू श्रृंखला पर नजर गड़ाए हुए हैं।

---

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 की अगुवाई करेंगे म्हात्रे

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत अंडर-19 दल की अगुवाई करेंगे जो कि 21 सितम्बर से शुरू होगा। 17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है।

भारत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कुल पांच मैच खेलेगा जिसकी शुरुआत तीन वनडे मैच से होगी। तीनों मुकाबले नॉर्थ्स में 21, 24 और 26 सितम्बर को खेले जाएंगे। इसके बाद दो चार दिवसीय मैच 30 सितम्बर और 7 अक्टूबर से मैके में शुरू होंगे। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए दल में से मौल्यराजसिंह चावड़ा, युद्धजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र और मोहम्मद एनान शामिल नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयनित दल में वेदांत त्रिवेदी, खिलन पटेल, उधव मोहन और अमन चौहान को जगह दी गई है। खिलन दाएं पैर में स्ट्रेस रिएक्शन के चलते इंग्लैंड दौरे पर



● **17 सदस्यीय दल में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है**

दल का हिस्सा नहीं बन पाए थे। इंग्लैंड दौरे पर प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले पंजाब के शीर्ष क्रम बल्लेबाज विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड में चार दिवसीय दोनों मैचों में म्हात्रे ने कुल चार पारियों में सर्वाधिक 340 रन बनाए थे और वनडे मुकाबलों में सूर्यवंशी ने पांच पारियों में सर्वाधिक 355 रन बनाए थे।

---

# ईसीबी ने छह हंड्रेड टीमों के लिए फ्रैंचाईजी सौदों की पुष्टि की

● **सन टीवी नेटवर्क ने 100 प्रतिश हिस्सेदारी के लिए ईसीबी के साथ समझौता पूरा कर लिया है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने द हंड्रेड टूर्नामेंट के आठ निवेशकों में से छह के साथ फ्रेंचाइजी समझौतों पर हस्ताक्षर की पुष्टि की। दो अन्य के साथ बातचीत चल रही है, जिसमें रिलायंस समूह भी शामिल है, जिसने ओवल इनविसिबल्स टीम के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई थी। इसमें शामिल छह समूहों में अमेरिका स्थित टेक टाइटन्स भी शामिल है, जिसने लॉर्ड्स स्थित लंदन स्पिरिट में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। संजीव गोयनका के आरपीएसजी समूह ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स का 70 प्रतिशत अधिग्रहण पूरा कर लिया है और उम्मीद है कि वह आईपीएल और दक्षिण अफ्रीका 20 में अपनी सुपरजायंट्स फ्रेंच. इजी के अनुरूप टीम का नाम बदलकर मैनचेस्टर सुपरजायंट्स कर देगा। चेन्नई स्थित सन टीवी नेटवर्क ने हेडिंग्ले स्थित नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए ईसीबी के साथ समझौता पूरा कर लिया है। जीएमआर समूह ने साउथम्प्टन की टीम, सदर्न ब्रेव, में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी ले ली है। एमएलसी में वाशिगटन फ्रीडम टीम के मालिक संजय गोविल ने वेल्श फायर टीम में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी लेकर खुद को शामिल कर लिया है, जबकि बर्मिंघम फीनिक्स टीम का 49 प्रतिशत हिस्सा नाइटहेड कैपिटल मैनेजमेंट, एलएलसी ने अपने निवेशकों (नाइटहेड) की ओर से ले लिया है। ओवल इनविसिबल में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए रिलायंस समूह के अहस्ताक्षरित समझौते के अलावा, कैन इंटरनेशनल और एरेस मैनेजमेंट ने अभी तक ट्रेंट रॉकेट्स में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए हस्ताक्षर नहीं किए हैं। ईसीबी ने कहा कि नए मालिक 1 अक्टूबर, 2025 से परिचालन नियंत्रण अपने हाथ में ले लेंगे। मीडिया विज्ञप्ति में आगे स्पष्ट किया गया है कि नए साझेदार द हंड्रेड टीमों में निवेश कर रहे हैं, जबकि ईसीबी प्रतियोगिता का पूर्ण स्वामित्व अपने पास रखेगा, और इसके साथ ही, नियमों, विडो की अवधि और अन्य महत्वपूर्ण मामलों जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर नियंत्रण रखेगा, जिनका खेल पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। ईसीबी ने कहा कि सामूहिक रूप से, आठ साझेदारियों के परिणामस्वरूप टीमों का मूल्यांकन 975 मिलियन पाउंड से अधिक है, जिसमें से 500 मिलियन पाउंड से अधिक अब अंग्रेजी और वेल्श क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश किए जाने की योजना है। यह भी खुलासा किया गया कि एक नया 'द हंड्रेड बोर्ड' स्थापित किया जाएगा, जिसमें ईसीबी और टीमों (निवेशक और मेजबान क्लब दोनों) के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिन्हें 'द हंड्रेड की रणनी. तिक दिशा और व्यावसायिक विकास से संबंधित कुछ निश्चित मामलों पर अधिकार सौंपा जाएगा, जैसे कि द हंड्रेड प्रायोजन और लाइसेंसिग सौदे, खिलाड़ियों का वेतन और खिलाड़ियों का ड्राफ्ट और रिटेंशन तंत्र। आठ टीमों में से चार आईपीएल फ्रेंचाइजी के स्वामित्व में हैं।

---

# तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज की भिड़ंत से होगी पीकेएल की शुरूआत

● **पीकेएल सीजन-12**

● **प्रो कबड्डी लीग सीजन-12 में 29 अगस्त को विशाखापत्तनम में टूर्नामेंट की होगी शुरुआत**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 में 29 अगस्त को विशाखापत्तनम में तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज के बीच मुकाबले से टूर्नामेंट की शुरुआत होगी।

इस टूर्नामेंट में 12 टीमें विशाखापत्तनम, जयपुर, चेन्नई और दिल्ली में प्रतिस्पर्धा करेंगी। विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटन्स और तमिल थलाइवाज के बीच मुकाबले से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। यह सात साल बाद होगा जब इस तटीय शहर में इस टूर्नामेंट की वापसी होगी। दिन के दूसरे मैच में बेंगलुरु बुल्स का सामना पुनेरी पलटन से होगा। अगले दिन घरेलू टीम तेलुगु टाइटन्स एक बार फिर मैदान पर उतरेगी, इस बार शाम के पहले मैच में यूपी योद्धा के खिलाफ, उसके बाद यू मुंबा का सामना गुजरात जायंट्स से होगा। तीसरे दिन सुपर संडे को तमिल थलाइवाज और यू मुंबा भिड़ेंगे। मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स बंगाल वॉरियर्स के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा के लिए पहला मैच खेलेंगे।

12 सितम्बर से जयपुर के इंडोर हॉल, एसएमएस स्टेडियम में मुकाबला होगा, जहां दो बार की चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स और बेंगलुरु बुल्स के बीच रोमांचक मुक. ाबले होंगे, इसके बाद तमिल थलाइवाज का सामना बंगाल वॉरियर्स से होगा। गुलाबी नगरी पीकेएल की लोककथाओं में एक विशेष स्थान रखती है, क्योंकि 2023-24 में ऐतिहासिक सीजन 10 के दौरान ऐतिहा. सिक 1000वें पीकेएल मैच की मेजबानी करेगा। तीसरे चरण में 29 सितम्बर को चेन्नई के एसडीएटी मल्टीपर्पस इंडोर स्टेडियम में यूपी योद्धा का सामना गुजरात जायंट्स से होगा, जबकि दबंग दिल्ली केसी का सामना हरियाणा स्टीलर्स से भिड़ेंगे। सीजन 12 का लीग चरण 13 अक्टूबर से दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने चरम पर पहुंचेगा।

---

## बीसीए अध्यक्ष ने भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर सूर्यवंशी को बधाई दी

**पटना, वार्ता।** बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत अंडर-19 टीम में शामिल होने पर आज बधाई दी।

आईपीएल 2025 में धूम मचाने के बाद, बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पिछले महीने इंग्लैंड दौरे पर सुर्खियों में छा गए। इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ चौथे वनडे में, वैभव (14 वर्षीय) ने 52 गेंदों में शतक जड़कर युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया। बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें वैभव से बहुत उम्मीदें हैं।

उन्होंने अपने प्रदर्शन से बिहार और भारत को बेहद गौरवान्वित किया है और अब उनके पास ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर है। मैं उन्हें इस नए अध्याय के लिए शुभकामनाएं देता हूं। बीसीए प्रमुख राकेश तिवारी ने भी वैभव सूर्यवंशी जैसी उभरती प्रतिभाओं को राज्य में प्रोत्साहित करने और उनका समर्थन करने के लिए बिहार क्रिकेट संघ की प्रतिबद्धता दोहराई।

## पुत्र के झगड़े का बदला लेने के लिए

# पड़ौसी की हत्या करने वाला पिता गिरफ्तार

**❖तीन दिन पूर्व स्कूल में बच्चों के झगड़े में आपस में भिड़े थे पड़ोसी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अपने पुत्र के झगड़े का बदला लेने के लिए पिता ने पड़ोसी की गला दबाकर हत्या की थी। पुलिस ने मुख्य हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट की पेशी के बाद हत्या आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

गंगनहर कोतवाली को नैतिक माहेश्वरी निवास निवासी रावत टेंट वाली गली सुभाषनगर ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार रात के वक्त वह अपने पिता अजय माहेश्वरी, मां भावना माहेश्वरी और भाई पार्थ माहेश्वरी के साथ घर पर था। तभी पड़ोसी अमित शर्मा का परिवार रोड पर खड़ा होकर गाली गलौज कर रहा था। विरोध करने के लिए पिता अजय माहेश्वरी और भाई पार्थ माहेश्वरी बाहर गए थे। तभी पड़ोसी अमित शर्मा के परिवार ने पिता और भाई पर गलत टिप्पणी करने का आरोप लगाकर गाली गलौज शुरू कर दी। मामला बढ़ा तो पड़ोसी अमित शर्मा ने अपने परिवार के साथ मिलकर पिता अजय माहेश्वरी का गला दबा दिया। काफी लोगों ने पिता को छुड़ाने का भी प्रयास किया। इस बीच



पिता बेसुध होकर सड़क पर गिर पड़े। जिसके बाद पड़ोसी अमित शर्मा का परिवार घटनास्थल से फरार हो गया। पिता को एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने पिता को चेकअप में मृत घोषित कर दिया था। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। पुलिस ने पिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने मुख्य हत्या आरोपी अमित शर्मा निवासी सुभाषनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में अमित शर्मा ने बताया कि उनका पुत्र और पड़ोसी अजय का पुत्र एक स्कूल में पढ़ते हैं। दोनों बच्चों में किसी बात को लेकर स्कूल में झगड़ा हो गया था। जिसके बाद उन्होंने अपने पुत्र के झगड़े का बदला लेने के लिए पड़ोसी अजय की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस टीम में इंस्पेक्टर आरके सकलानी, अपर उप निरीक्षक मनीष कवि, कांस्टेबल प्रभाकर और लाल सिंह शामिल रहे

# कार की टक्कर से बीटेक छात्र की रीड की हड्डी टूटी

**❖कार चालक के खिलाफ मुकदमा**

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी के बीटेक छात्र को कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में छात्र गंभीर घायल है। घायल छात्र के पिता ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

रुड़की कोतवाली को सुरेश कुमार बुनकर निवासी महार खुर्द वाया सामोद जिला जयपुर राजस्थान में तहरीर देकर बताया कि पुत्र जीतेश कुमार आईआईटी में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र है। मंगलवार सुबह आठ बजे पुत्र साइकिल पर सवार होकर लेक्चर हॉल के लिए हॉस्टल से निकला था। तभी आईआईटी कैंपस में यूके-17 नंबर की कारर ने पुत्र को टक्कर मार दी थी। जिसमें पुत्र के रीड की हड्डी में फैक्चर हो गया। पुत्र को संस्थान के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि यूके-17 नंबर के अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सड़क दुर्घटना में साथी की मौत मामले में दोस्त पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** सड़क दुर्घटना में साथी की मौत होने पर मृतक की भाभी ने दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को देखने के लिए पुलिस ने तैयारी की है। गंगनहर कोतवाली को संध्या निवासी पूर्ववाली गणेशपुर ने तहरीर देकर बताया कि 11 जून को जेठ नरेंद्र पाल सुबह किसी काम से बाहर गए थे। लेकिन देर शाम तक भी घर में लौटे थे। जिसके बाद 12 जून को पता चला की जेठ मालवीय चौक के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने पर सिविल अस्पताल पहुंचे थे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जेठ को देहरादून के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां देहरादून के अस्पताल में जेठ को मृत घोषित कर दिया गया था। देहरादून पुलिस ने जेठ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जिसके बाद परिवार ने घटनास्थल से जांच पड़ताल की तो दुर्घटना के संबंध में अहम जानकारी मिली थी। पीड़ित परिवार के मुताबिक नरेंद्र पाल अपने साथी अमित सोलंकी निवासी पीपलवाली गली के पास पनियाला वाले रोड आजादनगर के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इस बीच अमित सोलंकी लापरवाही से बाइक चला रहा था। जबकि जेठ नरेंद्र पीछे बैठे थे। तभी किसी तरह जेठ बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसके बाद अमित सोलंकी ने जेठ नरेंद्र पाल को गंभीर रूप से घायल होने पर वहीं छोड़ दिया था। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि आरोपी अमित सोलंकी निवासी आजादनगर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# केवी-1 में पुस्तकों की प्रदर्शनी का शानदार आयोजन

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 एक रूडकी में आज हिंदी के सुप्रसिद्ध लेखकमुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर उनके द्वारा रचित पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इनमे उनकी पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचार्य चन्द्र शेखर बिष्ट ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 31 जुलाई 1880को वाराणसी के पास एक गांव लम्ही में जन्मे प्रेमचंद ने अपने साहित्य में शोषण और अधीनता, लालच और भ्रष्टाचार, गरीबी और जाति व्यवस्था के बारे में लिखा। उन्होंने निरंतर गरीबी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनकी लेखनी हमेशा शोषण और अन्याय के खिलाफ चलती रही, और इसी गुण ने प्रेमचंद को आधुनिक पाठकों के लिए भी प्रासंगिक बना दिया द्य नमक का दरोगा, दो बैलों की कथा या ईदगाह जैसी महान कहानियां आज भी स्कूली पाठ्यपुस्तकों में पढ़ने के लिए हैं। इस अवसर पर उप प्राचार्या संगीता खोराना ने कहा कि किसी भी महान लेखक एवं कवि की रचनाओं को पढना ही उनको




सच्ची श्रद्धांजलि है। मुंशी प्रेमचंद हिंदी साहित्य के एक प्रसिद्ध लेखक थे, जिन्हें उपन्यास सम्राट के रूप में भी जाना जाता है। प्रेमचंद ने हिंदी और उर्दू दोनों भाषाओं में लेखन किया और अपने समय के सबसे लोकप्रिय लेखकों में से एक थे। पुस्तकालयाध्यक्ष पूनम कुमारी ने कहा कि महान कवियों तथा लेखकों की जयंती पुस्तकालय में मनाने का मुख्य उद्येश्य विद्यार्थियों को उनकी रचनाओं से अवगत कराना है तथा साहित्य पढने के प्रति उनकी रूचि को जागृत करना है। प्रेमचंद जी की जयंती के अवसर पर उनकी रचनाओं की प्रदर्शनी का आयोजन विद्यार्थियों को उनकी रचनाओं से अवगत कराना तथा हिंदी साहित्य को पढने के लिए प्रेरित करना हैद्य सभी उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रेमचंद की रचनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# ढाई कुंतल गो मांस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा गौमांस व भैंसवंशीय पशु मांस वजन लगभग 250 किलोग्राम सहित एक अभि0 को किया गिरफ्तार तथा एक फरार हो गया है। दिनांक-30/7/2025 को थाना भगवानपुर पुलिस को मुखबीर खास द्वारा सूचना दी गयी की गाँव चोली शाहबुद्दीनपुर में मुंतजीर पुत्र सईद की मीट की दुकान के अंदर मुंतजीर पुत्र सईद तथा मोहसीन पुत्र सईद के द्वारा अवैध रुप से बिना लाईसेंस के भैंसवंशीय पशुकटान के साथ गाय काटकर गाय का मांस भी बेचा जा रहा है। दुकान है जहा पर दो व्यक्ति पशु मांस की कांट-छांट कर रहे हैं। इन व्यक्तियों की नजर पुलिस कर्मियों पर पडने पर पुलिस कहते ही इस दुकान के पीछले दरवाजे से भागने लगे। जिस पर पुलिस कर्म गण तुरंत दरवाजा खोलकर दुकान के अंदर ही इनमे से एक व्यक्ति को पुलिस कर्मियों ने पकड़ लिया। दूसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पुछा अपना नाम नाम मुंतजीर पुत्र सईद निवासी ग्राम सिकंदरपुर भैंसवाल थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताया।

# सनातन धर्म को बचाने में ऋषि मुनियों का अहम योगदान

**शाह टाइम संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में आदि गुरु शंकराचार्य का भारतीय संस्कृति में योगदान विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। यह व्याख्यान भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद द्वारा संपोषित था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार शर्मा सचिव अरुण हरित ने दीप प्रज्वलित कर किया।

चमनलाल महाविद्यालय में आदि गुरु शंकराचार्य का भारतीय संस्कृति में योगदान विषय को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य सरकार में उच्च शिक्षा उन्नयन समिति मंत्री डॉ. जयपाल सिंह ने कहा कि भारत देश प्रारंभ से ही ज्ञान विज्ञान योग आदि से परिपूर्ण रहा है। जब जब सनातन धर्म में विसंगतियां आने लगी तब तब संत ऋषि मुनियों आदि शक्तियां प्रकट




हुई इस मौके पर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग से डॉ. बबलू वेदअलंकार ने कहा की आदि गुरु शंकराचार्य ने शास्त्र परंपरा को प्रारंभ किया इसके अंतर्गत हम जीवन की सुंदर कल्पना कर सकते हैं उन्होंने बताया कि जाति व्यवस्था किसी भी ग्रंथ में नहीं मिलती है केवल वर्ण व्यवस्था को ही प्राथमिकता प्रदान की गई थी। उन्होंने द्वैत एवं अद्वैत में अतंर बताते हुए कहा कि महर्षि कणाद के अनुसार जो दूसरों की मदद करें वह धर्म तथा जो बुरा करे वह अधर्म कहलाता है। कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्वविद्यालय से प्रोफेसर कृष्णा झरे ने आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने बाल्यावस्था से ही अनेक तीर्थों की यात्रा की तथा अनेक ग्रंथ उपनिषद् आदि की रचनाएं की चार मठों की स्थापना कर सनातन संस्कृति के उच्च आदर्शों की स्थापना की, इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने प्रेमानंद महाराज जी का जिक्र करते हुए ईश्वर को सभी में देखना वास्तव में समता की दृष्टि को विकसित करता है। उत्तराखंड सरकार में राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने आदि गुरु शंकराचार्य जी को शिखर पुरुष बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में उनके योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। मंच का संचालन आशुतोष शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. श्वेता ने सभी अतिथियों को शाल एवं रुद्राक्ष की माला भेंट की अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नं० 1 रुड़की में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए निकाली गई, जिसमें विद्यालय के प्राथमिक कक्षाओ के लगभग 165 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली की शुरुआत प्राचार्या सुश्री रितु डोगरा द्वारा विद्यालय का झंडा दिखाकर की गई। छात्र-छात्राएँ हाथों में विभिन्न नारे लिखी हुई तख्तियां और पोस्टर लेकर जनजागृति का संदेश देते चल रहे थे। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, ष्सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, और ष्हेलमेट है जरूरी, जीवन की है जिम्मेदारी आदि नारों से शहर वासियों को उत्साहपूर्वक जागरूक करते, कदम से कदम मिलाते समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना से ओत -प्रोत थे। इस रैली में छात्रों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, ट्रैफिक सिग्नलों का महत्त्व, हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने जैसी बातों पर भी लोगों को जागरूक किया। यह रैली नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कैंट बोर्ड विद्यालय तक पहुँची, जहाँ छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया जो अत्यंत सराहनीय था। प्राचार्या महोदया ने बताया कि इस तरह की गतिविधियाँ समाज में सक्रिय सहभागिता के माध्यम से छात्रों के में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न करती हैं और साथ ही समाज में जागरूकता लाने में भी सहायक होती हैं।

# बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने वाले दो युवकों का चालान, ड्रोन जप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस चालान कर ड्रोन जब्त कर लिया हैं।ओर भविष्य में बना अनुमति के ड्रॉन उड़ाने पर सख्त कार्रवाई करने हिदायत दी हैं

ड्रोन उड़ाने वाली की अफवाहों पर एसएसपी हरिद्वार पहले ही तस्वीर साफ कर चुके हैं।कलियर क्षेत्र में एक वीडियो वायरल हो रहा था। जिसमें दावा किया गया कि कुछ बदमाश ड्रोन उड़ाकर इलाके में रैकी कर रहे हैं।वीडियो के प्रसारित होने से आमजन में भय एवं भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई।कलियर पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर तत्काल जांच के आदेश दिए गए ओर स्वयं भी पूरे मामले का संज्ञान लिया गया। पुलिस ने अलीशान पुत्र असलम और इमरान पुत्र नफीस अहमद निवासी महमूदपुर पिरान कलियर को पकड़कर पूछताछ की गई।जिसमें अलीशान ने बताया कि वह अपने निजी ड्रोन को अपडेट एवं परीक्षण के लिए उड़ा रहा था। इसी दौरान किसी ने उसकी वीडियो बनाकर भ्रामक आशंका के आधार पर सोशल मीडिया पर बदमाशों द्वारा रैकी" का दावा करते हुए वायरल कर दिया गया। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि बिना अनुमति को ड्रॉन उड़ाने वाले दोनो युवको को गिरफ्तार कर कारवाई कर ड्रॉन को जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार,एसएसआई बी.एस. चौहान,जितेन्द्र सिंह, नीरज राणा शामिल रहे।

# अपहरण के मामले में नया मोड, प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज कर सुरक्षा लेने पहुंची थाने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** चार दिन पूर्व कार सवारो द्वारा युवती के अपहरण करने के मामले में अब नया मोड़ आ गया है अब युवती अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज कर थाने पहुंची और परिवार व रिश्तेदारों से जान माल के खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है।

अवगत करा दें कि थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला द्वारा चार दिन पूर्व थाने में चार लोगों के खिलाफ अपनी बेटी को जबरदस्ती कार में डालकर अपहरण कर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को उक्त महिला की बेटी अपने प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज कर थाने में आए तथा परिजनों से सुरक्षा की गुहार पुलिस से लगाई है। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि 4 दिन पूर्व थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाने में तहरीर देकर एक महिला व तीन लोगों के खिलाफ अपनी बेटी को जबरदस्ती कार में डालकर ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को उक्त महिला की बेटी व उसका प्रेमी कोर्ट मैरिज कर लेने के बाद थाने में उपस्थित हुए तथा कोर्ट मैरिज के कागज दिखाते हुए परिजनों से सुरक्षा की मांग पुलिस से की है। पुलिस ने परिजनों को थाने बुलाकर उन्हें समझा बुझा दिया है तथा लड़की को उसके प्रेमी के साथ भेज दिया गया है।

**खोया-पाया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2022 की मार्कशीट रोल नं0 22001631 उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद वास्तव में कही खो गयी है जिसका प्रयोग किसी अन्य के लिए अवेध होगा।

**सागर कुमार पुत्र बालेश्वर नि. ग्राम शेखपुरी थाना व तह. लक्सर हरिद्वार**

# अवैध चाकू के साथ एक दबोचा

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधीयो व संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 30 जुलाई 2025 को एक व्यक्ति को संदिग्ध घूमते हुए गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में अपना नाम मोनू पुत्र स्वर्गीय मोतीराम निवासी स्टेट बैंक वाली गली मेंन बाजार लक्सर बताया।

# अब 7 अगस्त तक कर सकते हैं हज के लिए आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखंड हज समिति द्वारा हज यात्रा 2026 को बेहतर बनाने के लिए हज आवेदको को हज आवेदन करने का एक ओर मौका प्रदान किया गया है। हज समिति द्वारा आवेदन करने की तिथि को 31 जुलाई से बढ़ाकर 7 अगस्त कर दिया गया है।उक्त जानकारी हज अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ द्वारा एक विज्ञप्ति के माध्यम दी गई।उन्होंने बताया कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा हज यात्रा 2026 हेतु हज आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई थी।आगे हज आवेदन करने के लिए कम समय होने तथा कुछ हज आवेदकों के पासपोर्ट नही बन पाने के कारण हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा सर्कुलर नंबर 06 तथा 31 जुलाई को जारी कर हज यात्रियों को एक ओर मौका प्रदान किया गया है।अब हज आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से 07 अगस्त, 2025 कर दी गई।उन्होंने बताया कि हज यात्रा पर जाने के इच्छुक हज यात्री अन्तिम तिथि 07 अगस्त, 2025 तक हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाईट या मोबाईल पर हज सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाईन हज यात्रा का आवेदन कर सकते है।

# अग्निशमन विभाग ने अध्यापकों व छात्रों को बताएं सुरक्षा के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अग्निशमन विभाग की ओर से स्कूल में अग्निशमन उपकरणों के बारे में बताया गया। अध्यापक और छात्रों को मॉक ड्रिल के माध्यम से बचाव और सुरक्षा के गुर बताएं। छात्रों को यातायात नियम के प्रति भी जागरूक किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को राजेंद्रनगर स्थित स्कूल में फायर उपकरण के बारे में जागरूकता अभियान के बाद मॉक ड्रिल की गई। इस मौके पर फायरमैन अतर सिंह राणा, मोहन सिंह और हरीश राणा ने अध्यापक और छात्राओं को बताया कि वह किस प्रकार अग्निदुर्घटना के वक्त प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग कर सकते हैं। इस बीच मॉक ड्रिल कर सुरक्षा और उपाय के भी गुरु बताए गए। अध्यापक और छात्रों को बताया कि रसोई का काम समाप्त होने के बाद गैस सिलेंडर को रेगुलेटर से बंद करना न भूले। कभी भी कोई चिराग या मोमबत्ती रात के वक्त जलाकर न सोए। इस मौके पर छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा आपातकालीन नंबर 112 के महत्व और यातायात नियमों के बारे में भी बताया गया।

# झबरेड़ा नगर पंचायत ने मुख्य बाजार से हटवाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे के मुख्य बाजार से नगर पंचायत झबरेड़ा कर्मचारियों तथा पुलिस द्वारा दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। साथ-साथ दुकानदारों को आगे अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। बुधवार शाम नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी द्वारा मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाने की कमान संभालते हुए दुकानदारों का सामान पीछे करवाया गया। कस्बे के मुख्य बाजार मैं बढ़ते अतिक्रमण के कारण यहां से पैदल निकलना भी दुश्वार हो रहा था। मुख्य बाजार की सड़क के दोनों और बनी दुकानों के आगे दुकानदार अपना काफी सामान अपनी अपनी दुकान के आगे निकाल कर रखते थे। कुछ दुकानदार अपनी दुकानों के आगे सब्जी तथा फल की फड लगवाते हैं। जिससे मुख्य बाजार की काफी चौड़ी सड़क भी तंग हो गई हैं। कस्बा झबरेड़ा ग्रामीण कस्बा है यहां पर आसपास के गांव के काफी लोग घरेलू सामान खरीदने के लिए आते हैं। अधिकतर लोग अपनी बाइक लेकर आने के कारण दुकान से सामान खरीदने के लिए जिस दुकान से सामान खरीदते हैं उसी दुकान के सामने अपनी बाइक खड़ी करते हैं। दोनों और बाइक खड़ी होने से मुख्य बाजार से पैदल निकलना भी परेशानी का सबब बन जाता है।

# ज्ञानदीप हाई स्कूल में नैनीताल बैंक के प्रबंधक व कर्मचारियों ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नैनीताल बैंक के अधिकारी कर्मचारियों ने आज ज्ञानदीप हाई स्कूल के प्रांगण में वृक्षारोपण कर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए जागरूक रहने की शपथ दिलाते हुए पौधे लगाने का आह्वान किया।

बैंक प्रबंधक संदीप के अंदर ने कहा किसाफ सुथरा सुरक्षित वातावरण के लिए पौधारोपण जरूरी है इसलिए हम सब की जिम्मेदारी कि हम अपनी जिंदगी में पौधे जरूर लगाए ताकि हमें साफ सुथरा वातावरण मिल सके और प्रदूषण को रोका जा सके। क्योंकि दूषित वातावरण से हीअरे बीमारियां फैलती हैं जो सिर्फ पेड़ पौधों से ही रोका जा सकता है

ज्ञानदीप पब्लिक हाई स्कूल के प्रांगण में नैनीताल बैंक के प्रबंधक श्री संदीप कैंतुरा एवं समस्त स्टाफ जयाकुंवर ,संजना तोमर ,मयंक त्यागी ,दलजीत कौर द्वारा नैनीताल बैंक लिमिटेड रुड़की के 104वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण को परिपुष्ट करने के लिए वृक्षारोपण किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ,प्रबंधक श्री वासुदेव पंत



एवं स्टाफ श्रीमती आरती रावत, श्रीमती इंदु देवी, श्री अंकित धीमान , मिस लकी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

**शुक्रवार, 1 अगस्त 2025**

## ट्रम्प के बिगड़ते बोल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पूरी तरह बेलगाम होते दिखाई दे रहे हैं। वे किसके विषय में कब क्या बोल दें कोई नहीं जानता। उनके फैसले भी बेहद अटपटे दिखाई दे रहे हैं। भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अब उन्होंने कह दिया है कि भारत और रूस की इकोनॉमी डेड हो चुकी है। आम बोलचाल में डेड इकोनॉमी उस स्थिति को कहते हैं जब किसी देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाए या बिल्कुल सुस्त पड़ जाए। यह एक तरह से किसी देश के दिवालियापन जैसा हो सकता है, जहां न कोई नौकरी रहती है न लोगों की कमाई बढ़ती है। लोग आर्थिक तंगी में फंस जाते हैं।

अब उन्होंने यह बात किस आकलन के आधार पर कही यह तो वही जानें, लेकिन इससे यह तो पता चलता ही है कि वह भारत को लेकर बेहद ही बेरुखा रुख अपना रहे हैं और यह तब है जब वह भारत को मित्र देशों की श्रेणी में भी रखते दिखाई देते हैं। ट्रम्प को समझना होगा कि हर देश की अपनी सीमाएं हैं अपने हित हैं, उसको उन्हीं के हिसाब से फैसले लेने होते हैं। जैसेकि गुरुवार को उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में कहा भी कि सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। सरकार अपने देश के किसानों, मजदूरों, सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने यह भी कहा कि अब तक अमेरिका के साथ चार दौर की बातचीत हो चुकी है और बातचीत अभी टूटी नहीं है।

लगता है कि ट्रम्प को इससे कोई मतलब नहीं है वह बेहद जल्दबाजी में हैं और वह ट्रेड को लेकर बेहद आक्रामक मुद्रा में हैं। वह किसी की सुनने के लिए भी तैयार नहीं हैं। उन्हें किसी की लाभ-हानि से कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें केवल अमेरिका का हित दिखाई दे रहा है। उनकी तमाम कोशिश है कि अमेरिका को जो व्यापार में तमाम फायदें मिलें, जबकि दूसरे देशों को भी फायदा हो इससे उन्हें कोई सरोकार दिखाई नहीं दे रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प को समझना चाहिए कि उनकी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत है और इस मजबूती के चलते उनका कोई दायित्व भी गरीब विकासशील देशों के प्रति बनता है। आखिर बड़ा वही कहलाता है, जो अपने छोटे देशों का भी ख्याल रखे, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प व्यापार को लेकर किसी तरह का ख्याल रखने के मूड में नहीं हैं और न ही किसी देश की मजबूरी को समझ रहे हैं और सबसे बड़ी विचित्र बात तो यह है कि वह अपनी इस मंशा को छुपा भी नहीं रहे हैं। भारत के संदर्भ में वह खुलकर कह रहे हैं, क्योंकि भारत रूस से बड़ी संख्या में सैन्य साजो-सामान पेट्रोलियम पदार्थ व गैस की आपूर्ति कर रहा है। इसलिए वह भारत पर टैरिफ लगा रहे हैं। वह नहीं चाहते कि रूस के साथ कोई व्यापार करे। यह कैसे संभव है। हर देश अपनी जरूरत के हिसाब से किसी भी देश के साथ व्यापार करता है। अगर रूस हमें सस्ते दामों पर तेल व गैस दे रहा है, तो इस पर अमेरिका को क्यों आपत्ति होनी चाहिए, लेकिन आपत्ति हो रही है, बल्कि आपत्ति ही नहीं वह एक तरह से दंड भी देना चाहता है। टैरिफ लगाना यह दंड देने का ही एक तरीका है।

### केंद्र सरकार अपने आश्वासन पर खरी उतरे



उम्मीद है कि अमेरिकी टैरिफ को लेकर केंद्र सरकार अपने आश्वासन पर खरी उतरेगी, मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की घोषणा की गई है, इस नई चुनौती को केंद्र सरकार अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी, इसको लेकर देश को दिए गए इस आश्वासन पर कि किसान, छोटे व मंझोले उद्योग और राष्ट्रहित से कोई समझौता नहीं करेगी, इस पर खरी उतरकर दिखाएगी, भारत गरीबों और मेहनतकश लोगों का देश है, हर हाथ को काम देने के साथ देश को आगे बढ़ाने की नीति बनाकर उस पर सही से अमल होना चाहिए। **-सुश्री मायावती, बसपा सुप्रीमा**

## सियाम की परछाइयां: मंदिर, युद्ध और वैश्विक शतरंज





**वाहिद नसीम**

> राजा के भरोसेमंद लोग, जो सिर्फ सीमा पर तैनात कमांडर नहीं, बल्कि एक मानसिकता के वाहक हैं, जो थाईलैंड को ग्लोबल साउथ के उदय से काटकर, पश्चिम की गोद में बिठाना चाहते हैं। बैंकॉक का अभिजात वर्ग, जो BRI और BRICS के उदय को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ये वे लोग हैं जो इतिहास से अधिक लाभ में विश्वास करते हैं और मंदि. रों के नाम पर युद्ध बेचते हैं, लेकिन लाभ के लिए शांति खरीदते हैं।

जब युद्ध अचानक प्रकट होता है, तो कहीं न कहीं कोई उसे वर्षों से यह फसल उगा रहा होता है धीरे, छुपकर, और गहरी चालों के साथ। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर उठता धुआं, कुछ विश्लेषकों के लिए सिर्फ एक पारंपरिक विवाद है, मगर इस लेख के मेरे लिए यह एक बहुत गहरे भू-राजनीतिक युद्ध की भूमिका है, जिसकी स्क्रिप्ट वाशिंगटन, लंदन और तेल अवीव में लिखी जा रही है। इसमें इस्तमाल किए गए हथियरों से संकेत स्पष्ट है। यह केवल थाई-कंबोडिया संघर्ष नहीं, यह चीन के खिलाफ छेड़ा जा रहा एक परोक्ष वैश्विक युद्ध का पहला कदम है, जिसमें दक्षिण-पूर्व एशिया, ब्रिक्स और पूरा ग्लोबल साउथ युद्ध के शतरंज पर मोहरे बन चुके हैं।

**प्राचीन मंदिर, आधुनिक महायुद्ध**

सीमा विवाद का प्रतीक बन चुका है प्रीह विहेयर मंदिर। एक प्राचीन खमेर मंदिर जो डांगरेक पर्वतों पर स्थित है, जिसकी दीवारें चुपचाप सियाम के उत्थान, खमेर साम्राज्य की गरिमा, और औपनिवेशिक सीमा-रेखाओं की क्रूरता की गवाह रही हैं।

थाई अभिजात वर्ग और सैन्य नेतृत्व, इस मंदिर को राज्य-गौरव का प्रतीक मानते हैं, जो 1907 की फ्रांस-सियाम संधि से कटे हुए अतीत को पुन:स्थापित करने का माध्यम बन सकता है। परंतु यह सिर्फ एक मंदिर विवाद नहीं। यह एक अवसर है, उस तीसरे पक्ष के लिए जो हर प्राचीन पीड़ा को भविष्य के युद्ध का बहाना बनाना बना रहा है।

**BRI: रेशमी सपनों की अस्थिर नींव**

चीन की Belt and Road Initiative एक 6,000 किमी लंबा महायोग, जो युन्नान से लेकर सिंगापुर तक दक्षिण-पूर्व एशिया की नसों को जोड़ता है। वर्तमान संघर्ष की बुनियाद में कहीं न कहीं गूंजती हुई छाया है।

थाईलैंड का हिस्सा (नोंग खाई एक्सटेंशन) भ्रष्टाचार में उलझा है, जबकि कंबोडिया और लाओस तेजी से बीआरआई के नक्शे पर चमक रहे हैं। मैं देख रहा हूं कि अमेरिका के लिए यह बेहद असहनीय है। वह नहीं चाहता कि बीजिंग सड़कों, रेल और बंदरगाहों के माध्यम से एक आर्थिक-सांस्कृतिक धुरी बना दे, जो पश्चिम के पुराने मार्गों को अप्रासंगिक कर दे। इसलिए, अराजकता फैलाना, कनेक्टिविटी को जड़ से उखाड़ना, और ASEAN को भीतर से फाड़ डालना अमेरिका की रणनीति बन चुकी है।

**कंबोडिया: अगला यूक्रेन?**

आश्यान के संगठित होते देशों की हलचल से इशारा मिलता हैं कि जिस तरह यूक्रेन को रूस के खिलाफ एक फॉरवर्ड बेस बनाया गया, उसी तरह कंबोडिया कृ जहां चीन ने रणनीतिक रूप से रियाम नौसैनिक अड्डा विकसित किया है कृ जिसे पश्चिम ष्चीन के खिलाफ एक जालष में बदलने की कोशिया में है।

अमेरिका को थाईलैंड जैसे सहयोगी की जरूरत है क्यों है, पश्चिमी हथियारों तक पहुंच रखता है और वहां एक ऐसा राजा और सैन्य वर्ग है जो प्राचीन गौरव और पश्चिमी पूंजी दोनों का मोह रखता है। इस समीकरण में, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव भड़काना, ताइवान को चीन के खिलाफ उकसाना, और थाईलैंड-कंबोडिया युद्ध को बढ़ाना। सब कुछ एक साझा रणनीति के धागों से जुड़ा है।

**अभिजात वर्ग और राजा के आदमी: खेल के भीतर खेल**

राजा के भरोसेमंद लोग, जो सिर्फ सीमा पर तैनात कमांडर नहीं, बल्कि एक मानसिकता के वाहक हैं, जो थाईलैंड को ग्लोबल साउथ के उदय से काटकर, पश्चिम की गोद में बिठाना चाहते हैं।

बैंकॉक का अभिजात वर्ग, जो BRI और BRICS के उदय को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। ये वे लोग हैं जो इतिहास से अधिक लाभ में विश्वास करते हैं और मंदिरों के नाम पर युद्ध बेचते हैं, लेकिन लाभ के लिए शांति खरीदते हैं।

**असल में कौन है तीसरा पक्ष?**

वह कोई एक सरकार नहीं, वह कोई एक सेना नहीं, वह एक गति है जो अराजकता को रणनीति में बदल देती है। CIA, MI6, NATO, तेल अवीव, लंदन सब मिलकर एक ऐसी भू-राजनी. तिक वॉर मशीन बनाते हैं, जो हर हिस्से में एक नया यूक्रेन बनाने के फिराक में है। मंदिर जो शांति का प्रतीक थे, युद्ध के बहाने बन गए। सीमाएं जो इतिहास में उकेरी गई थीं, आज हथियार बन गईं। लेकिन जिसे आप युद्ध समझते हैं, वह किसी और की शांति की योजना है और किसी और की गुलामी की तैयारी। ज्ञात रहे हर क्षेत्रीय युद्ध के पीछे एक वैश्विक ब्लूप्रिंट होता है। हर टकराव के पीछे लाभ का गणित छिपा होता है और हर विरोध में एक ऐसी खामोशी दबी होती है, जो कभी भूगोल से, तो कभी इतिहास से, उभर आती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनीतिक मामलों पर गहरी पकड़ रखते हैं, ये विचार उनके निजी विचार हैं)

## अपमान के लिए महिलाएं खुद जिम्मेदार

**अनिरुद्धाचार्य ने अपने बयान को लेकर उपजे विवाद व हंगामे के बाद एक वीडियो जारी कर यह कहा है कि मेरी कुछ बहनें प्रसारित हो रहे वीडियो से आहत हैं। कहना चाहता हूं कि कुछ लड़कियां ऐसी होती हैं कि लिव इन में रहकर चार जगह मुंह मार के किसी के घर जाएंगी, तो क्या वे किसी रिश्ते को निभा पाएंगी। इसलिए लड़की हो या फिर लड़का दोनों को चरित्रवान होना चाहिए। यह कहकर मुआफी मांग. नी तो क्या उन्होंने अपनी चार जगह मुंह मारने जैसी सड़क छाप भाषा शैली का फिर से इस्तेमाल किया। शायद वे सोच रहे हों कि बदनाम अगर होंगे तो क्या नाम न होगा? जरा सोचिए कि किरण बेदी व कल्पना चावला के देश में जहां लड़कियां चांद पर पहुंचने की होड़ में लगी हुई हैं। उस देश की महिलाओं को यह अशिक्षित रहकर शिक्षा ग्रहण करने की उम्र में शादी रचाने की सलाह देते हैं।**



**निर्मल रानी**

हमारे देश में अनेकानेक स्वयंभू संत, प्रवचनकर्ता, ज्योतिषी व धर्मगुरु टीवी स्क्रीन की शोभा बढ़ा हैं। ऐसे कई स्वयंभू संत व प्रवचनकर्ता जब कैमरे के सामने प्रकट होते हैं तो उनका साज श्रंगार, मेकअप उनकी निराली अदाएं सब कुछ देखने लायक होती हैं।

ऐसे ही एक कथावाचक व आध्यात्मिक गुरु कहे जाने वाले अनिरुद्धाचार्य का नाम अक्सर किसी न किसी विवाद को लेकर चर्चा में रहता है। रूपहले पर्दे पर नजर आने का शौक रखने वाले अनिरुद्धाचार्य लाफ्टर शेफ्स में एक अतिथि के रूप में देखे जा चुके हैं। वे बिग बॉस 18 में शो के ग्रैंड प्रीमियर के दौरान अतिथि के रूप में भी शोभायमान हो चुके हैं परन्तु वे अपनी कई टिप्पणियों व अंधविश्वास पूर्ण बातों के लिए विवादों में भी रह चुके हैं। कभी कभी शब्दों को तोड़मरोड़कर पेश करने के लिए भी वे हास्य का पर्याय बन चुके हैं। जैसे उन्होंने बिस्किट को विष-की-किट यानी जहर का पैकेट परिभाषित कर दिया।

तो कभी पीजजा में पड़ने वाले चीज यानि पनीर को गोंद कहकर उसका मजाक उड़ाते सुने गए। एक बार उन्होंने यह भी कहा था कि महिलाओं को पीछे की ओर नहीं सोना चाहिए क्योंकि इससे उनके स्तन अशुद्ध हो जाएंगे। एक बार एक टीवी शो के दौरान उन्हें कुछ तार्किक व वैज्ञानिक सोच रखने वाले कुछ शिक्षित लोगों का सामना करना पड़ा। उस समय टीवी एंकर द्वारा उन्हें उनके प्रवचन का वह अंश याद दिलाया गया जिसमें उन्होंने यह कहा था कि गाय के गोबर में से गेहूं चुनचुन कर निकालकर उस गेहूं का पिसा आटा खाने से पुत्र रत्न प्राप्त होता है परन्तु पिछले दिनों अपने एक तथाकथित प्रवचन में तो अनिरुद्धाचार्य ने महिलाओं का अपमान करने की सभी सीमाएं पार कर दीं। यही महिलाएं जो ऐसे स्वयंभू संतों व प्रवचनकर्ताओं का प्रवचन शुरू होने से पहले सज संवरकर, अपने सिरों पर भारी कलश रखकर शहर में संतों व प्रवचन कर्ताओं की शोभा यात्रा निकाल. कर नगर में इनके प्रवचन में भीड़ जुटाने के लिए माहौल तैय्यार करती हैं। यही महिलाएं जो इनके प्रवचन में कभी तालियां बजाकर तो कभी नृत्य कर कभी अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर झूम झूम कर इनके समागम में समां बांधती हैं। यही महिलाएं जो इनके प्रवचन सुनाने अपने पति व अन्य पड़ोसियों को भी साथ लाती हैं। जो इन्हें दान देती हैं,जो रोज सुबह मंदिरों में सबसे पहले पहुंचती हैं। जो महिलाएं श्रद्धा पूर्वक मंदिरों व आश्रमों में सेवा करती हैं। इन्हें महिलाओं व उनकी पुत्रियों को लेकर जिस तरह के विकार पिछले दिनों अनिरुद्धाचार्य के मुख से निकले उसने न केवल आम लोगों को बल्कि स्वयं इनके भक्तों को भी आश्चर्य चकित कर दिया। जो शब्द उन्होंने महिलाओं के लिए इस्तेमाल किए शायद इससे अधिक घटिया शब्दों का चयन हो भी नहीं सकता है।

उन्होंने अपने एक प्रवचन के दौरान कुंवारी लड़कियों की शादी की उम्र को लेकर अत्यंत विवादित व आपत्तिजनक बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि लोग विवाह के लिए लड़की लाते हैं पच्चीस साल की। अब 25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होती है। सब नहीं पर बहुत और वह पच्चीस साल की जब आती है तो पूरी जवान होकर आती है। जब जवान हो कर



आएगी तो स्वाभाविक है कि वह अपनी जवानी कहीं न कहीं वह, उसकी जवानी फिसल जाएगी। साथ ही उन्होंने 14 साल की उम्र में लड़की की शादी को जायज ठहराया। गौरतलब है कि भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत इस उम्र में शादी अवैध है। इस बयान के बाद तो गोया पूरे देश में भूचाल सा आ गया। मथुरा में भी महिलाएं व अन्य संगठनों ने इनके विरुद्ध प्रदर्शन किया। उनके पुतले फूंके गए। कई जगह से उनके विरुद्ध महिला संगठनों द्वारा एफ आई आर करने की खबरें सुनीं गईं। उधर एक बार फर इस विवादित बयान को लेकर भी टीआरपी की दौड़ में जुटे मीडिया समूहों को मसाला खबरें बेचने की सामग्री हासिल हो गई। महिलाओं के प्रति ऐसी विकृत मानसिकता रखने वाले स्वयंभू संतों की भक्ति में डूबी महिलाएं स्वयं ही जिम्मेदार हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अचानक इतनी फुर्ती में क्यों है डीजीसीए



**रजनीश कपूर**

जब भी कभी कोई विमान हादसा होता है या होते-होते टल जाता है तो भारत का नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए और एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो ऐसी घटना की जांच करता है। ऐसे मामलों में जांच पूरी होने तक डीजीसीए उस विमान के पायलट व क्रू को ग्राउंड कर देता है यानी उड़ान भरने पर रोक लगा देता है। सवाल है कि क्या डीजीसीए का सिर्फ इतना ही फर्ज है?

सवाल यह भी है कि क्या ऐसी दुर्घटनाओं के बाद की जाने वाली ऐसी जांच में केवल एयरलाइन के स्टाफ की ही गलती क्यों सामने आती है? क्या डीजीसीए के अधिकारियों को हवाई जहाज की नियमित जांच और रख-रखाव की ऑडिट नहीं करनी चाहिए, जो उनका फर्ज है? यदि डीजीसीए द्वारा ऐसे निरीक्षण समय-समय पर होते रहें तो ऐसे हादसे टाले जा सकते हैं। हाल ही में भारत के एविएशन इतिहास में सबसे बड़ा हादसा अहमदाबाद में हुआ।

उसके बाद से ही तमाम जानकारियां सामने आने लगी कि एयर इंडिया के इस विमान हादसे में किसकी गलती हो सकती है। क्या पायलट दोषी हैं? क्या विमान बनाने वाली कंपनी दोषी है? क्या एयर इंडिया के विमान की रख-रखाव करने वाली एजेंसी दोषी है? इन सभी सवालों पर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा रही हैं क्योंकि विमान हादसे की जांच अभी चल रही है, लेकिन कहीं पर भी आपको यह सुनने को नहीं मिलेगा कि क्या भारत का नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए अपना काम जिम्मेदारी से कर रहा था? यदि हां तो फिर ऐसा हादसा कैसे हो गया? यदि नहीं तो क्यों नहीं?




एयर इंडिया के बोइंग विमानों में अचानक एक के बाद एक हादसों का होना एक गंभीर मुद्दा अवश्य है, लेकिन जिस तरह इन हादसों के बाद डीजीसीए अचानक हरकत में आया है वह कई सवाल उठाता है। क्या डीजीसीए द्वारा नियमित रूप से की जाने वाली ऑडिट में कहीं चूक हुई थी? गौरतलब है कि हर विमान, चाहे वो किसी भी एयरलाइन का क्यों ना हो, उसकी नियमित जांच व रख-रखाव करना अनिवार्य होता है। हर उड़ान से पहले विमान का पूरा निरीक्षण किया जाता है। ऐसे निरीक्षण को पहले टेक्नीशियन और उसके बाद इंजीनियर द्वारा किया जाता है।

विमान जो भी कमी पाई जाती है उसे विमान की लॉगबुक में दर्ज किया जाता है। इसके साथ ही विमान में पाई गई कमी को दुरुस्त करने की एंट्री भी इसी लॉगबुक में की जाती है जिसे विमान से संबंधित सभी लोग साइन भी करते हैं। इसमें पायलट, टेक्नीशियन और इंजीनियर शामिल हैं। इतना ही नहीं इस सबके ऊपर इन लॉगबुक्स का डीजीसीए द्वारा नियमित रूप से ऑडिट भी किया जाता है। यदि इसमें कोई कमी होती है तो डीजीसीए द्वारा संबंधित एयरलाइन को नोटिस दिया जाता है।

वहीं यदि किन्हीं कारणों से डीजीसीए द्वारा ऑडिट को केवल औपचारिकता के लिए किया जाए तो अनदेखी के चलते विमान हादसा कभी भी हो सकता है। ऐसा देखा गया है कि जब भी कभी कोई बड़ा विमान हादसा होता है तो डीजीसीए तुरंत हरकत में आकर कड़े ऑडिट करने शुरू कर देता है। इन ऑडिटों में डीजीसीए यह दिखाने की कोशिश करता है कि वह किसी भी तरह की लापरवाही के प्रति शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) रखता है, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा सोचना सही है? यदि डीजीसीए के अधिकारी एयरलाइन की न सुनकर, कानून के हिसाब से हर एयरलाइन का नियमित व विस्तृत ऑडिट करते रहें तो डीजीसीए पर उंगलियां नहीं उठेंगी। पर पता नहीं किस लालच या दबाव में ए जांच नहीं होती।

एविएशन के जानकारों के अनुसार विमान के इंजन में होने वाली कोई खराबी का कारण नियमित रख-रखाव का न होना है। इसके अलावा विमान के स्पेयर पार्ट की गुणवत्ता और पायलट की उचित ट्रेनिंग का न होना भी है। इन घटनाओं के पीछे डीजीसीए के अधिकारियों द्वारा ऐसी कमियों को अनदेखा करना भी एक प्रमुख कारण है। यदि डीजीसीए के अधिकारी केवल इस बात पर जोर न दें कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा तो शायद ऐसी घटनाएं न हों।पिछले दिनों संसद में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री ने यह बताया कि डीजीसीए के स्वीकृत 1644 पदों में से 823 रिक्त हैं। यानी 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं। इनमें से अधिकतर पद तकनीकी हैं। यह वही तकनीकी पद हैं जो विमानों की तकनीकी जांच करने में सक्षम होने चाहिए परंतु डीजीसीए के पास यदि टेक्निकल मैनपावर की कमी है तो वो टेक्निकल ऑडिट किस हद तक कर पाएगा इसका अनुमान कोई भी लगा सकता है। वहीं डीजीसीए के कुछ अधिकारी कुछ चुनिंदा एयरलाइंस, फिर वो चाहे शेड्यूल्ड एयरलाइन हों या नॉन-शेड्यूल एयरलाइन (प्राइवेट चार्टर कंपनी) हों, के साथ अच्छे संबंध बनाए रखता है। ऐसे संबंधों का यह नतीजा होता है कि यदि अच्छे संबंधों वाली एयरलाइन बड़ी से बड़ी गलती क्यों न करे उसे केवल एक चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है और किसी को कानों कान भी खबर नहीं होती। वहीं किसी अन्य एयरलाइन द्वारा कोई मामूली सी गलती भी हो जाए तो उसके खिलाफ कड़े से कड़े नियमों के तहत कार्यवाही की जाती है। क्या डीजीसीए बताएगा कि ऐसे दोहरे मापदंड क्यों अपनाए जाते हैं?

एक अनुमान के तहत आनेवाले दो दशकों में भारत का नागर विमानन ट्रैफिक 5 गुना बढ़ने की संभावना है। यदि कनाडा और न्यूजीलैंड की तरह हमें भी एविएशन के क्षेत्र में एक अच्छी पहचान बनानी है तो डीजीसीए के अधिकारियों को अपने स्वार्थों को दरकिनार करते हुए यात्रियों की सुरक्षा और एयरलाइन कम्पनी के विमानों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। डीजीसीए के एयर सेफ्टी डिपार्टमेंट, फ्लाइट स्टेंडर्ड्स डिपार्टमेंट, एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग व एयरवर्थिनेस डिपार्टमेंट जैसे विभागों को विमानों की जांच के हर पहलू को कड़ाई से लागू करने को गम्भीरता से लेना होगा।

ऐसा करने से एक ओर हवाई यात्रा करने वाले यात्री अपने को सुरक्षित महसूस करेंगे। वहीं दूसरी ओर एयरलाइन कम्पनियों को भी इस बात का खौफ बना रहेगा कि छोटी सी भूल के चलते उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही भी हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तिलमिलाए ट्रम्प ने छह भारतीय कंपनियों पर लगाया बैन

## कहा: ईरान से चोरी-छिपे कारोबार किया, ईरान बोला: अमेरिका इकोनॉमी को हथियार की तरह कर रहा इस्तेमाल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान से प्रतिबंधित रसायन और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की खरीद करने वाली 24 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। इनमें 6 भारतीय कंपनियां भी हैं। इसके अलावा चीन की 7, यूएई की 6, हान्गकान्ग की 3, तुर्किये और रूस की 1-1 कंपनी शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इन प्रतिबंधों की घोषणा की।

मंत्रालय का कहना है कि इन कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा के उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए। ईरान इस पैसे से न्यूक्लियर प्रोग्राम बढ़ा रहा है और आतंकी फंडिंग कर रहा है। ईरान पर 2018 से प्रतिबंध है। ईरान के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार है। देश की इकोनामी आयल पर काफी ज्यादा निर्भर करती है। ईरान के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल भंडार है। देश की इकोनामी आयल पर काफी ज्यादा निर्भर करती है। ईरान ने इसका जवाब देते हुए कहा कि अमेरिका अपनी इकोनामी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। दूतावास ने कहा कि अमेरिका, ईरान और भारत जैसे आजाद देशों पर प्रतिबंध लगाकर उनकी प्रगति और विकास को रो. कने की कोशिश कर रहा है। ये प्रतिबंध



कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ से ज्यादा उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए

अंतर्राष्ट्रीय कानून और देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं। यह एक तरह का आधुनिक आर्थिक साम्राज्यवाद है। इन नीतियों का विरोध करना मजबूत ग्लोबल साउथ के लिए खड़ा होना है। किन भारतीय कंपनियों पर कार्रवाई हुई-अलके. मिकल साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड-इस पर सबसे बड़ा आरोप है। कंपनी ने जनवरी से दिसम्बर 2024 के बीच 84 मिलियन डालर (करीब 700 करोड़ रुपये) से ज्यादा के ईरानी पेट्रोकेमिकल उत्पाद आयात किए। ग्लोबल इंडस्ट्रियल केमिकल्स लिमिटेड-जुलाई 2024 से जनवरी 2025 तक कंपनी ने 51 मिलियन डालर (करीब 425 करोड़ रुपये) से ज्यादा के ईरानी मेथनाल सहित अन्य उत्पाद खरीदे। ज्यूपिटर डाई केम प्राइवेट लिमिटेड-इसी अवधि में इस कंपनी ने टोल्यून समेत ईरानी उत्पादों का करीब 49 मिलियन डालर का आयात किया। रमणिकलाल एस. गोसालिया एंड कंपनी-इसने करीब 22 मिलियन डालर के पेट्रोकेमिकल्स खरीदे, जिनमें मेथनाल और टाल्युइन शामिल हैं। पर्सिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड-अक्टूबर से दिसम्बर 2024 के बीच कंपनी ने 14 मिलियन डालर का ईरानी मेथनाल आयात किया। कंचन पालिमर्स-इस पर 1.3 मिलियन डालर के ईरानी पालीइथिलीन उत्पाद खरीदने का आरोप है।

## हो सकता है, भारत को तेल बेचे पाक: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ आयल डील होने का ऐलान किया है। इसके तहत पाकिस्तान के तेल भंडारों का विकास करेंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान भविष्य में भारत को तेल बेच सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए ट्रम्प ने लिखा कि हमने पाकिस्तान के साथ एक डील फाइनल की है, जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर वहां के विशाल तेल भंडारों का विकास करेंगे। एक तेल कंपनी को इस साझेदारी के लिए चुना जाएगा। शायद एक दिन वे भारत को भी तेल बेचें। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ ही घंटे पहले उन्होंने भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पिछले साल सितम्बर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था। पाकिस्तानी मीडिया हाउस डान के मुताबिक, इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया गया था। इसमें बाद तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भंडार दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार होगा। फिलहाल वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं, अमेरिका का सबसे शुद्ध तेल का भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया।



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधीअपनी बहन व पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से बातचीत करते हुए।

## सिडनी में लीजियोनेयर्स रोग से एक की मौत, कई बीमार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शहरों में से एक सिडनी के उपनगर पॉट्स पॉइंट में लीजियोनेयर्स रोग से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और एक अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सिडनी स्थानीय स्वास्थ्य जिला (एसईएसएलएचडी) ने गुरुवार को बताया कि सिडनी हार्बर ब्रिज और सिडनी ओपेरा हाउस से दो किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित इस उपनगर के सात लोग मई से लीजियोनेयर्स रोग से संक्रमित हो चुके हैं जिनमें एक बुजुर्ग (80) भी शामिल है। बुजुर्ग व्यक्ति जून के अंत में बीमार हुआ था और उसकी मृत्यु हो गई है। शेष छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पांच लोगों को छुट्टी दे दी गई है और एक व्यक्ति ठीक हो रहा है। एसईएसएलएचडी ने कहा कि 45 से 95 वर्ष की आयु के सभी मरीज एक-दूसरे को नहीं जानते थे लेकिन हो सकता है कि वे क्षेत्र में संक्रमण के एक सामान्य स्रोत के संपर्क में आए हों। लीजियोनेयर्स रोग एक गंभीर प्रकार का निमोनिया है जो लीजियोनेला नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह रोग पानी या मिट्टी में मौजूद बैक्टीरिया को सांस के जरिए अंदर लेने से फैलता है, खासकर उन लोगों को जो कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले हैं या धूम्रपान करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन पर रूसी हमलों में छह मरे, 52 घायल

**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर गुरुवार तड़के रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए और अन्य 52 घायल हो गए। कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ितों में एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। शहर में 27 जगहों पर हमला हुआ। हमले वाली जगहों पर बचाव अभियान जारी है और पीड़ितों की संख्या बढ़ सकती है।

### नेपाल में मानसून जनित आपदाओं में 43 लोगों की मौत

**काठमांड।** नेपाल में इस साल मानसून का मौसम शुरू होने के बाद से बारिश के कारण आई आपदाओं में 43 लोगों की जान जा चुकी है और 116 अन्य घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बुधवार शाम एक रिपोर्ट में कहा कि मानसूनी बारिश से आई 569 आपदाओं के चलते 16 लोग अभी भी लापता हैं।बाढ़ के कारण 15 लोगों की जान गई और सात घायल हुए। बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हुई और 95 घायल जबकि भूस्खलन से 14 लोगों की मौत हुई है।

### चीन नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे जापान: बीजिंग

**बीजिंग/टोक्यो।** चीन ने टोक्यो में दो चीनी नागरिकों की गंभीर रूप से पिटाई की रिपोर्टों पर जापानी पक्ष से चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपाय लागू करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि आज सुबह टोक्यो में चार लोगों ने दो चीनी नागरिकों पर हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बीजिंग में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन ने इन रिपोर्टों पर ध्यान दिया है।

### पकड़े गए सैनिकों को थाईलैंड रिहा करे: कंबोडिया

**नोम पेन्ह/बैंकॉक।** कंबोडिया ने थाईलैंड से युद्धविराम लागू होने के बाद पकड़े गए 20 कंबोडियाई सैनिकों को रिहा करने का आग्रह किया है। कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय अवर सचिव और प्रवक्ता, लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने बुधवार को कहा कि उनके 21 सैनिक, थाईलैंड सेना के कब्जे में थे। इसमें से एक मृत सैनिक का शव मिल गया है।

## इमरान खान की पार्टी के 166 सदस्यों को 10 साल जेल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के 166 नेताओं और कार्यकर्ताओं को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई।

यह सजा 9 मई, 2023 को पंजाब प्रांत में आईएसआई बिल्डिंग और अन्य सैन्य ठिकानों पर हमले के मामले में दी गई है। सजा पाने वालों में नेशनल असेंबली और सीनेट में विपक्ष के नेता और कई सांसद शामिल हैं। यह फैसला उस समय आया है जब पीटीआई 5 अगस्त से पूरे देश में इमरान खान को रिहा करो आंदोलन शुरू करने की तैयारी कर रही थी। पीटीआई ने फैसलाबाद की आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीएस) के इस फैसले की कड़ी निंदा की है। पार्टी का

**■ दो साल पहले ISI बिल्डिंग पर हमले मामले में अदालत ने सुनाया फैसला**

कहना है कि यह फैसला उनके सांसदों को संसद से अयोग्य घोषित करने और शांतिपूर्ण विरा. ध प्रदर्शन को रोकने की साजिश का हिस्सा है। 9 मई, 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग, लाहौर में जिन्ना हाउस (कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचआईक्यू) सहित कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। फैसलाबाद की एटीसी ने आईएसआई बिल्डिंग हमले के मामले में 185 में से 108 लोगों को दोषी ठहराया और 77 को बरी कर दिया।

# कनाडा भी देगा फलस्तीन को मान्यता, ट्रम्प को चढ़ा गुस्सा

## प्रधानमंत्री कॉर्नी ने किया ऐलान, सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक घोषणा होगी

**ओटावा।** कनाडा भी फ्रांस और ब्रिटेन की तरह फलस्तीन को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के तौर में मान्यता देगा। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को इसका ऐलान किया। यह मान्यता औपचारिक रूप से सितम्बर 2025 में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजहए) के दौरान दी जाएगी। इसके साथ ही कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन के बाद जी-7 का तीसरा देश बन गया है जिसने हाल ही में फलस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया है।

गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच करीब दो साल से जंग जारी है। वहां में पानी और खाद्य संकट और रिफ्यूजी शिविरों की हमलों से मानवीय संकट गहरा गया है। इसके चलते इजरायल पर लगातार अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है। यूएन की इंटीग्रेटेड फूड सिक्योरिटी फेज क्लासिफिकेशन की एक नई रिपोर्ट के मुता. बिक गाजा में अकाल से भी बुरी स्थिति है। प्रधानमंत्री कार्नी ने मान्यता के लिए कुछ शर्तें भी रखी हैं। इन्हें फलस्तीन को पूरा करना होगा। अगले वर्ष चुनाव कराना अनिवार्य होगा, जो कि 2006 के बाद पहली बार होगा। चुनाव और शासन में हमास की कोई भागीदारी नहीं होगी। (हमास को आतंकी संगठन माना जाता है)। फलस्तीनी राज्य का डिमिलिटराइजेशन यानी यानी हथियारों और लड़ाकू क्षमताओं से मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा। कार्नी ने कहा कि उन्होंने फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास से सीधे बात की है और इन शर्तों पर सहमति मिल गई है। उन्होंने कहा कि गाजा में जो हो रहा है, वह मानवता के खिलाफ अपराध जैसा है। उन्होंने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को राहत सामग्री देने नहीं दे रहा, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुता. बिक अब तक 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 89 बच्चों सहित 154 लोगों की मौत भुखमरी से हुई है। हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कार्नी ने कहा कि गाजा में आम लोगों की पीड़ा अब बर्दाश्त से बाहर है। अब और देर करना, मानवता के साथ अन्याय होगा। कनाडा ने फलस्तीनी अथारिटी को 63 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है। इससे भविष्य में राज्य का ढांचा तैयार किया जाएगा। साथ ही, कनाडा ने 190 करोड़ रुपये की मानवीय सहायता देने की घोषणा की है।



**■ इजरायल ने कनाडा के फैसले की निंदा की, ब्रिटेन और फ्रांस पहले ही मान्यता देने का ऐलान कर चुके हैं**

### फलस्तीन पर कनाडा के फैसले से अमेरिका नाराज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि फलस्तीन को मान्यता देने के कनाडा के फ़ैसले से उसके साथ व्यापार समझौता करना मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ पर कहा कि वाह! कनाडा ने अभी घोषणा की है कि वह फलस्तीन को राष्ट्र का दर्जा देने का समर्थन कर रहा है। इससे हमारे लिए उनके साथ व्यापार समझौता करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। ओह कनाडा!!! जुलाई के मध्य में कार्नी ने कहा था कि इस बात के 'बहुत कम प्रमाण' हैं कि अमेरिका के साथ आयात शुल्क पर कोई समझौता हो सकता है। पिछले शुक्रवार को ट्रम्प ने इस वार्ता को लेकर निराशा जाहिर की थी। उधर कनाडा ने कहा कि अगर फलस्तीनी प्राधिकरण चुनाव कराने सहित कुछ बदलाव करने के लिए प्रतिबद्ध होता है, तो वह उसे राष्ट्र के रूप में मान्यता दे देगा।

# गाजा में कुपोषण से सात और लोगों की मौत

## गाजा संकट पर चर्चा करने के लिए इजरायल की यात्रा पर जाएंगे अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ

**दुबई।** गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों में कुपोषण से सात और लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी क्षेत्र में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय ने बताया कि 2023 में इज़रायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या अब 154 हो गई जिसमें 89 बच्चे शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र समर्थित वैश्विक खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने मंगलवार को चेतावनी दी कि गाज़ा में अकाल की सबसे खराब स्थिति वर्तमान में चल रही है। इज़रायल ने कहा है कि वह गाज़ा में आने वाली सहायता पर प्रतिबंध नहीं लगा रहा है, लेकिन उसका ये दावा यूरोप में उसके करीबी सहयोगियों, संयुक्त राष्ट्र और



गाज़ा में सक्रिय अन्य एजेंसियों द्वारा स्वीकार नहीं किया गया हैं। इस बीच अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ गुरुवार को गाजा संकट पर चर्चा करने के लिए इज़रायल की यात्रा पर जाएंगे। एक अलग घटनाक्रम में गाजा अस्पताल के सूत्रों ने बीबीसी को बताया कि बुधवार सुबह दक्षिणी गाजा के राफा इलाके में गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के सहायता वितरण केंद्र के पास छह फलस्तीनी मारे गए। सूत्रों ने बताया कि भीड़ ने वितरण केंद्र के खुलने से कुछ देर पहले ही उसमें घुसने की कोशिश की थी और एक इज़रायली टैंक ने उन पर हमला कर दिया। जीएचएफ ने आरोपों का खंडन करते हुए बीबीसी को बताया कि उसके केंद्रों पर या उसके आसपास कोई हत्या नहीं हुई। इज़रायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने भी बीबीसी को बताया कि 'प्रारंभिक समीक्षा से पता चलता है कि हताहतों की संख्या आईडीएफ के पास मौजूद जानकारी से मेल नहीं खाती।'

**2023 में इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या अब 154 हो गई है**

### श्रीलंका में रिश्वतखोरी के आरोप में 34 गिरफ्तारी

**कोलंबो।** श्रीलंका में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच आयोग ने घोषणा की कि 2025 के पहले छह महीनों में रिश्वत मांगने के आरोप में 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईएबीओसी के अनुसार आयोग को एक जनवरी से 30 जून 2025 के बीच 3022 शिकायतें मिलीं। इस अवधि के दौरान अधिकारियों ने 27 छापे मारकर 34 लोगों को गिरफ्तार किया। सीआईएबीआ. सी ने कहा कि संदिग्धों में दस श्रीलंकाई पुलिस अधिकारी, न्याय मंत्रालय के पांच अधिक. ारी, स्वास्थ्य मंत्रालय के दो और श्रीलंका परिवहन बोर्ड के दो अधिकारी शामिल हैं।

## रूस में लगातार दूसरे दिन भी आया 6.5 का भूकंप

**वलादिवोस्तोक।** रूस में लगातार दूसरे दिन भूंकप आया है। रूस के पूर्वी इलाके में मौजूद कुरिल आईलैंड्स पर गुरुवार सुबह आए इस भूकंप की तीव्रता 6.5 थी। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक, यह भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 10:57 पर दर्ज हुआ। इसकी गहराई महज 10 किलोमीटर थी। इससे पहले बुधवार को कुरिल द्वीपों के पास समुद्र में 8.8 तीव्रता का भीषण भूकंप आया था।

जो अब तक दर्ज किए गए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में छठे नंबर पर है। हालांकि, इसमें अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। 8.8 तीव्रता के भूकंप के बाद रूस, जापान, चीन और अमेरिका तक सुनामी लहरें पहुंची थीं। रूस में ये लहरें 4 मीटर ऊंची, जबकि अमेरिका में 1 मीटर तक ऊंची थीं। कुरील में कल भी एक 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके अलावा कामचटका में भूकंप के बाद ज्वालामुखी भी फटा। यूएस जियोलाजिकल सर्वे के मुता. बिक, 8.8 तीव्रता वाले मुख्य भूकंप के बाद बीते 16 घंटे में रूस के आसपास 125 से ज्यादा आफ्टरशाक्स आए हैं। इनकी तीव्रता 4.4 या उससे अधिक रही है। इनमें से तीन झटके 6.0 से अधिक तीव्रता के रहे, जिनमें सबसे जोरदार झटका 6.9 तीव्रता का था। यह मुख्य भूकंप के करीब 45 मिनट बाद महसूस हुआ। बुधवार को ही सुबह 11 बजे के करीब मुख्य भूकंप के केंद्र से 200 मील दक्षिण-पश्चिम में 6.4 तीव्रता का एक और आफ्टरशाक आया। बुधवार को आए 8.8 तीव्रता वाले भूकंप के कुछ ही घंटे बाद कामचाटका प्रायद्वीप पर क्लूचेवस्काया सोपका नाम का ज्वालामुखी फटा। पिछले कुछ दिनों से इस ज्वालामुखी में हलचल बढ़ रही थी। रात में इसके क्रेटर से रोशनी निकल रही थी और दिन में यह राख उगल रहा था। बुधवार को इसने करीब 3 किलोमीटर ऊंचाई तक राख का गुबार छोड़ा।

**कल कामचटका द्वीप पर 8.8 तीव्रता से धरती कांपी थी, ज्वालामुखी भी फटा**

**D.A.V. COLLEGE, ARYA SAMAJ ROAD, MUZAFFARNAGAR**
**SHORT-TERM TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited from reputed and experienced Firms/ Suppliers for the supplying of following material for the session 2025-26.

| S | Particular of work | Approx Cost (in Lac) | Cost of Tender form | E.M.D. | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lab Equipments/ Chemical/ Glassware/ Polyware and other consumables | 10.00 | 1,000/- | 50,000/- | 30 Days from the date of order |
| 2 | Furniture | 5.00 | 1,000/- | 25,000/- | |
| 3 | Library Books | 2.00 | 1,000/- | 10,000/- | |
| 4 | Printing of College Magazine "VEENAPANI" Session 2024-25 | 5.00 | 1,000/- | 25,000/- | 45 Days from the date of order |

**NOTE**

1. Terms and Conditions are explained in Tender Documents. Description of Items to be purchased mentioned in Tender form.
2. The Tender form can be purchased from **Office Counter No. 03** between 10:30 am to 02:00 pm from 01st August to 7th August - 2025 at the cost of Rs. 1000/- by cash payment.
3. Tenders may be Submitted in **Office Counter No. 03** upto 7th August - 2025 upto 02:00 pm.
4. Tenders will be opened on 12th August 2025 at 02:30 pm in Principal Office.
5. The college reserves all the rights to reject any tender without explaining any reason.

**Dated: 30.07.2025** **(Dr. Garima Jain)**

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम



92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट